लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 106, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 3 मार्च 2024




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



आज का मौसम

25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान

आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा

सूर्योदय 06 : 30

सूर्यास्त 18 : 11


रणजी सेमीफाइनल में तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी...13



## 3 मार्च 2024 रविवार

स्थान-मुड़िया अहमद नगर, सहारा ग्राउण्ड, पीलीभीत रोड, बरेली

# 251 कन्याओं का 7वां सामूहिक विवाह समारोह

के शुभ अवसर पर आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

# विशाल भण्डारा

समय प्रातः 10 बजे से प्रभु इच्छा तक

## भजन गायक प्रकाश माली




आयोजक

## रमेश गंगवार

दलेलनगर, नवाबगंज, बरेली

आपकी सपरिवार गरिमामयी उपस्थिति हमारे लिये सम्मानीय होगी।


GD GOENKA
Healthcare
Academy
Holistic Healthcare Solutions and Education
EXCELLENCE IN EDUCATION
29 YEARS
GD GOENKA
पैरामेडिकल कोर्सेस
प्रवेश प्रारम्भ
Eligibility: 12th and Graduation (Any Stream)
PARAMEDICAL
DIPLOMA COURSES
Diploma Medical Laboratory Technician
Diploma Cardiac Care Technician
Diploma Emergency Medical Technician Paramedic
Diploma Radiology Technician
Diploma X-Ray Technician
Diploma Operation Theater Technician
Diploma Dialysis Technician
B.Voc Courses
Medical Lab Technology
Radiology And Medical Imaging Technology
Operation Theater Technology
Optometry Technology
Dialysis Technology
Cardiac Care Technology
Hospital Sterilization
Patient Care Management
Hospital Management
Medical Record Technology
M.Voc Courses
Optometry
Radiology
Hospital Management
Medical Lab Technology
0% INTEREST LOAN SCHEME
SUPPORT PLACEMENT SUPPORT
UGC APPROVED COURSES
Placement Partners
medanta THE MEDICITY
BLK-MAX Super Speciality Hospital
Park Hospital Advanced Super Speciality
MGS
SRL Diagnostics
Dr Lal PathLabs India's leading and most reputed diagnostic chain
IBS HOSPITALS
BATRA HOSPITAL & MEDICAL RESEARCH CENTRE
CORE
Academic Associations
SCHOOL OF MEDICAL & ALLIED SCIENCES
GD GOENKA UNIVERSITY FROM FOUNDATION TO FLIGHT
N·S·D·C National Skill Development Corporation Transforming the skill landscape
IAO INTERNATIONAL ACCREDITATION ORGANIZATION
02, c/o, Glean Cancer Centre and Multispeciality Hospital Building, Shakti Nagar, Pillibhit by pass road, Bareilly - Uttar Pradesh -- 243006
Mob.: 9311198889, 8802988897



इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, हाथ से मिले हाथ तो आसां हो लड़ाई व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com



लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

फाल्गुन कृष्ण पक्ष, सप्तमी विक्रम संवत 2080

# अमृत विचार

वर्ष 5, अंक 106, पृष्ठ 16+4, मूल्यः 6 रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

बरेली, रविवार, 3 मार्च 2024




दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर : आकांशा रंजन......13

**आज का मौसम** 25.0° अधिकतम तापमान | 15.0° न्यूनतम तापमान | आसमान में बादल, बारिश की संभावना, ठंडी हवा | सूर्योदय 06 : 30 | सूर्यास्त 18 : 11












## दिल्ली में 14 को महापंचायत 400 किसान संघ लेंगे भाग

नई दिल्ली, एजेंसी

- अब ट्रैक्टर-टॉली से नहीं, ट्रेनों व बसों से दिल्ली जाएंगे किसान

संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने शनिवार को कहा कि फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सहित अन्य मांगों को लेकर केंद्र सरकार पर दबाव बनाने के लिए 14 मार्च को दिल्ली में 'किसान महापंचायत' में 400 से अधिक किसान संघ भाग लेंगे। वहीं, किसान नेता बलदेव सिंह सिरसा ने कहा कि किसान अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन जारी रखेंगे। एसकेएम में शामिल 37 किसान संघों ने शनिवार को एक बैठक की। भारती किसान यूनियन (लखोवाल) के महासचिव हरिंदर सिंह लखोवाल ने भी 14 मार्च को राष्ट्रीय राजधानी में महापंचायत की बात कही जिसमें देश भर से 400 से अधिक किसान संघ हिस्सा लेंगे।

लखोवाल ने बताया कि किसान प्रतिनिधि ट्रैक्टर ट्रॉली से नहीं, बल्कि बसों और रेलगाड़ियों से दिल्ली जाएंगे। उन्होंने कहा कि एमएसपी पर कानूनी गारंटी और 2020-21 के आंदोलन के दौरान किसानों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद करने सहित अपनी विभिन्न मांगों को लेकर केंद्र के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं।

## देश में होंगे प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव : निर्वाचन आयोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



प्रेसवार्ता में सीईसी राजीव कुमार और ईसी अरुण गोयल।

- पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा जल्द घोषित होंगे चुनाव कार्यक्रम

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार ने कहा कि देश में प्रलोभनमुक्त निष्पक्ष चुनाव कराए जाएंगे। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही चुनाव कार्यक्रम घोषित किए जाएंगे। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधानभवन के तिलक हाल में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि चुनाव के दौरान उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में किसी भी स्तर पर गड़बड़ी की शिकायत मिली तो संबंधित डीएम व एसपी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। पक्षपात करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने व राजनीतिक दलों की ओर से दर्ज की गई शिकायत पर तुरंत कार्रवाई करने के लिए कहा गया है।

उन्होंने कहा कि फर्जी खबरों से निपटने के लिए जिला स्तर पर एक सोशल मीडिया प्रकोष्ठ बनाया जाएगा। सोशल मीडिया पर लोगों को अपने बात रखने की पूरी स्वतंत्रता होगी, लेकिन फर्जी खबर पर आईटी एक्ट व आईपीसी की धाराओं के तहत सख्त कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए निर्वाचन अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि सभी अधिकारियों को भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। स्वतंत्र, निष्पक्ष, भयमुक्त, पारदर्शी व सहभागितापूर्ण चुनाव कराना आयोग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी अधिकारी इसके प्रति सजग व तत्पर रहें। प्रेस कान्फ्रेंस में चुनाव आयुक्त (ईसी) अरुण गोयल, मुख्य चुनाव अधिकारी नवदीप रिणवा भी मौजूद रहे।

### अंतर्राष्ट्रीय-अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतें

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश की सात अंतर्राष्ट्रीय व 30 अंतर्राज्यीय सीमा पर सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि धनबल व अन्य प्रलोभनों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिए गए हैं। एयरपोर्ट व चार्टर प्लेन की सघन तलाशी की जाएगी। बैंकों में शाम के वक्त नकदी के जमा होने पर भी सतर्क नजर रखी जाएगी। प्रत्याशी डिजिटल ट्रांजेक्शन कर सकेंगे। इसके साथ ही, प्रत्याशी सभी चुनाव खर्च चेक के जरिए करेंगे। उन्हें बैंकों से 200 चेक उपलब्ध कराए जाएंगे।

**भाजपा ने जारी की 195 लोकसभा उम्मीदवारों की पहली सूची, यूपी से 51 नामों की घोषणा**

# प्रधानमंत्री मोदी वाराणसी, राजनाथ लखनऊ और अमित शाह गांधी नगर से ही लड़ेंगे चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी है। इनमें 51 नाम यूपी से हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से, अमित शाह गांधीनगर से तो लखनऊ से राजनाथ सिंह फिर किस्मत आजमाएंगे। 16 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में से 195 सीटों पर निर्णय हुआ। 34 केंद्रीय और राज्यमंत्री सूची में हैं। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला के साथ दो पूर्व मुख्यमंत्री का भी नाम शामिल है। इसमें 28 महिलाएं हैं। अनुसूचित जाति के 27 और अनुसूचित जनजाति 18, पिछड़ा वर्ग के 57 उम्मीदवार हैं।

भाजपा महासचिव विनोद तावड़े, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी ने यहां पार्टी मुख्यालय में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में उम्मीदवारों के नामों की घोषणा की। सूची के मुताबिक, केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर केरल के तिरुवनंतपुरम से, सर्बानंद सोनोवाल असम की डिब्रूगढ़ सीट से, केंद्रीय मंत्री किरेन रीजीजू अरुणाचल पूर्व से, भूपेंद्र यादव राजस्थान के अलवर से, ज्योतिरादित्य सिंधिया मध्य प्रदेश के गुना से, संजीव बालियान मुजफ्फरनगर और स्मृति ईरानी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी। हेमामालिनी को एक बार फिर मथुरा से उम्मीदवार बनाया गया है।



उम्मीदवारों की पहली सूची की घोषणा के दौरान भाजपा नेता बैजयंत जय पांडा, विनोद तावड़े और अनिल बलूनी।

- 28 महिला प्रत्याशी, 34 केंद्रीय मंत्रियों को भी मिला टिकट
- धर्मेंद्र कश्यप को तीसरी बार आंवला से मिला टिकट

भाजपा ने जिन अन्य केंद्रीय मंत्रियों की उम्मीदवारी की घोषणा की है, उनमें पुरुषोत्तम रुपाला (राजकोट), मनसुख मांडविया (पोरबंदर), देवुसिंह चौहान (खेड़ा), अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर), गजेंद्र सिंह शेखावत (जोधपुर) कैलाश चौधरी (बाड़मेर), जितेंद्र सिंह (उधमपुर), अन्नपूर्णा देवी (कोडरमा), अर्जुन मुंडा (खूंटी), वी मुरलीधरन (अट्टिंगल), वीरेंद्र खटीक (टीकमगढ़), फग्गन सिंह कुलस्ते (मंडला), जी किशन रेड्डी (सिकंदराबाद), सत्यपाल सिंह बघेल (आगरा), अजय मिश्रा 'टेनी' (खीरी), कौशल किशोर (मोहनलालगंज), भानु प्रताप वर्मा (जालौन), साध्वी निरंजन ज्योति (फतेहपुर), पंकज चौधरी (महाराजगंज), निसिथ प्रामाणिक (कूचबिहार), शांतनु ठाकुर (बनगांव) और सुभाष सरकार (बांकुड़ा) के नाम शामिल हैं। इस सूची में दो पूर्व मंत्रियों के भी नाम हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान विदिशा से उम्मीवार होंगे, जबकि भोपाल से मौजूदा सांसद साध्वी प्रज्ञा ठाकुर की जगह पार्टी ने आलोक शर्मा को वहां से उम्मीदवार बनाया है। पार्टी ने नई दिल्ली से केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज, दक्षिणी दिल्ली से रमेश बिधूड़ी की जगह रामवीर सिंह बिधूडी, चांदनी चौक से पूर्व केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन की जगह प्रवीण खंडेलवाल, पश्चिमी दिल्ली से प्रवेश वर्मा की जगह कमलजीत सेहरावत को उम्मीदवार बनाया है। भाजपा की दिल्ली इकाई के पूर्व अध्यक्ष मनोज तिवारी एक बार उत्तर पूर्व दिल्ली से चुनाव लड़ेंगे।

### तीसरी बार काशी की सेवा को तत्पर हूं : मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वाराणसी से एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने पर कहा कि वह तीसरी बार काशी की जनता की सेवा करने के लिए तत्पर हैं। उन्होंने एक्स पर पोस्ट में यह भी कहा कि राजग सुशासन के आधार पर जनता से वोट मांगने जा रहा है। भरोसा जताया कि उन्हें देश की जनता का फिर एक बार आशीर्वाद मिलेगा। मोदी ने कहा कि वर्ष 2014 में वह लोगों के सपने पूरे करने और गरीब से गरीब व्यक्ति को सशक्त बनाने के संकल्प के साथ काशी गए थे।



राजनाथ सिंह | अमित शाह | ओम बिड़ला | स्मृति ईरानी | हेमा मालिनी
अजय मिश्र | अरुण कुमार | धर्मेंद्र कश्यप | राजवीर सिंह | रेखा वर्मा

### मीनाक्षी लेखी सहित 4 मंत्रियों के टिकट कटे

पार्टी की ओर से जारी की गई सूची में तीन मंत्रियों के टिकट काट दिए गए हैं। विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी की जगह पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत सुषमा स्वराज की बेटी बांसुरी स्वराज को उम्मीदवार बनाया गया है जबकि राज्यमंत्री जॉन बारला की जगह अलीपुरद्वार से विधायक मनोज तिग्गा को टिकट दिया है। राज्य मंत्री रामेश्वर तेली का डिब्रूगढ़ से टिकट काटकर सर्वानंद सोनावाल को दिया गया है। दो पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और विप्लब देब के अलावा लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला का भी नाम शामिल है। केंद्रीय मंत्री प्रतिमा भौमिक की जगह देब त्रिपुरा पश्चिम सीट से चुनाव लड़ेंगे।

## आरओ-एआरओ की प्रा. परीक्षा भी निरस्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- एसटीएफ करेगी पेपर लीक की जांच, छह माह में दोबारा परीक्षा
- इसके पहले उप्र पुलिस की सिपाही भर्ती परीक्षा हो चुकी है निरस्त

**अमृत विचार :** पेपर लीक होने के चलते उप्र सिपाही भर्ती परीक्षा के बाद अब आरओ/एआरओ (समीक्षा अधिकारी/सहायक समीक्षा अधिकारी, प्रारंभिक परीक्षा-2023) भर्ती परीक्षा भी निरस्त कर दी गई है। छह महीने में दोबारा परीक्षा कराने के निर्देश दिए गए हैं। पेपर लीक के इस पूरे मामले की जांच एसटीएफ को सौंपी गई है।

11 फरवरी, 2024 को उप्र के 58 जिलों में यह परीक्षा हुई थी। इस परीक्षा में करीब सात लाख अभ्यर्थी शामिल हुए थे। अभ्यर्थियों का आरोप था कि परीक्षा से पहले ही पेपर लीक हो गया। इस परीक्षा को फिर से कराने की मांग को लेकर अभ्यर्थी कई दिनों से आंदोलित थे। उप्र में कई जगहों पर, खासकर प्रयागराज में लोकसेवा आयोग के दफ्तर के सामने पिछले कई दिनों से अभ्यर्थी प्रदर्शन कर रहे थे। इसके बाद राज्य सरकार ने परीक्षा रद करने का फैसला लिया है

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उप्र लोक सेवा आयोग द्वारा 11 फरवरी 2024 को आयोजित आरओ/एआरओ की परीक्षा की शनिवार को समीक्षा की गई। इस परीक्षा में कथित रूप से प्रश्न पत्र के कतिपय प्रश्नों के सोशल मीडिया पर वायरल होने के शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इसके संबंध में शासन द्वारा परीक्षा को प्रभावित करने से संबंधित तथ्यों के साक्ष्य लोगों से मांगे गए थे। शासन को उपलब्ध कराए गये साक्ष्यों तथा आयोग द्वारा उपलब्ध रिपोर्ट के परिप्रेक्ष्य में मुख्यमंत्री ने दोनों सत्रों की परीक्षाओं को निरस्त करने का निर्देश दिया।

ज्ञात हो कि, परीक्षा के लिए 10,76,004 अभ्यर्थियों ने आवेदन किए थे। सात लाख परीक्षार्थी शामिल हुए। प्रारंभिक परीक्षा के दौरान पेपर लीक हो जाने की सूचना इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो गई थी।

### नजीर बनेगी दोषियों की सजा : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पेपर लीक के दोषियों को कड़े शब्दों में चेतावनी देते हुए कहा कि परीक्षा की शुचिता से खिलवाड़ करने वालों को किसी भी दशा में बख्शा नहीं जाएगा। ऐसी सजा दिलाएंगे, जो नजीर बनेगी।

## एक नजर

### सत्येन्द्र जैन के खिलाफ होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उपराज्यपाल (एलजी) वीके सक्सेना ने धन शोधन मामले के आरोपी सुकेश चन्द्रशेखर द्वारा दायर जबरन वसूली की शिकायत पर पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन के खिलाफ सीबीआई से जांच कराने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। जैन पर चन्द्रशेखर से 'संरक्षण देने के बदले में शुल्क' के रूप में 10 करोड़ रुपये वसूलने का आरोप है।

### रालोद औपचारिक रूप से राजग में शामिल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय लोक दल (रालोद) के नेता जयंत सिंह ने शनिवार को गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात की और औपचारिक रूप से सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल हो गए। नड्डा ने एक्स पर कहा कि वह राजग में सिंह के शामिल होने का स्वागत करते हैं, वह देश की विकास यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

## झारखंड में स्पेन की महिला से गैंगरेप, 3 लोग गिरफ्तार

दुमका, एजेंसी

- दुमका जिले में एक अस्थायी टैंट में रात्रि विश्राम के दौरान दिया वारदात को अंजाम

झारखंड के दुमका जिले में स्पेन की एक महिला से सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने शनिवार को बताया कि इस घटना के संबंध में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है और बाकी आरोपियों की तलाश की जा रही है। घटना की जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित किया गया है।

यह घटना राजधानी रांची से करीब 300 किलोमीटर दूर हंसडीहा थाना क्षेत्र के कुरुमाहाट में शुक्रवार रात तब हुई, जब स्पेन का एक पर्यटक जोड़ा एक अस्थायी टेंट में रात्रि विश्राम कर रहा था। यह युगल दुपहिया वाहन से बांग्लादेश से दुमका पहुंचा और वह बिहार से होते हुए नेपाल जाना चाहता था। दुमका के पुलिस अधीक्षक पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि शुक्रवार रात करीब 11 बजे हंसडीहा पुलिस गश्ती दल को सड़क किनारे दो लोग मिले। गश्ती दल ने यह भांप लिया कि उनके साथ कुछ हुआ है। चूंकि वे स्पेनिश भाषा बोल रहे थे तो पुलिस समझ नहीं पाई कि वे क्या कह रहे हैं। पुलिसकर्मी उन्हें यह मानकर एक स्थानीय अस्पताल लेकर गए कि उन्हें कुछ इलाज की जरूरत है। उन्होंने कहा कि स्पेनिश युगल ने डॉक्टरों को यौन शोषण की घटना के बारे में बताया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि हमने पीड़िता से बात की। इसके बार हमने कुछ लोगों को हिरासत में लिया और पूछताछ के दौरान उन्होंने अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। आरोपियों ने कुछ और नाम भी लिए। हमने एक दल गठित किया है और अन्य आरोपियों को पकड़ने के लिए दबिश दी जा रही है। दुमका के सिविल सर्जन बच्चा प्रसाद सिंह ने बताया कि करीब 28 साल की महिला और उसके 64 वर्षीय पति का इलाज दुमका के फुलो झानो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में किया जा रहा था।

### भाजपा की दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग

इस बीच झारखंड भाजपा के अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने पुलिस पर ढिलाई का आरोप लगाते हुए कड़ी कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि जब विदेशियों के साथ ऐसी घटनाएं होंगी, तो कौन झारखंड आना चाहेगा? यहां कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। पुलिस के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए

## भ्रामक वीडियो पोस्ट करने पर खरगे-जयराम को नोटिस

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और महासचिव जयराम रमेश को कानूनी नोटिस भेजा है। गडकरी का कहना है कि दोनों ने उनके बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर गुमराह करने और मानहानि करने वाली खबरें साझा की हैं। कांग्रेस ने अपने एक्स हैंडल पर एक वीडियो शेयर करते हुए लिखा था कि मोदी सरकार के मंत्री नितिन गडकरी का कहना है कि आज किसान को फसल का दाम नहीं मिल रहा है। गडकरी के वकील बालेंदु शेखर ने कहा कि खरगे और रमेश ने गडकरी के इंटरव्यू के एक टुकड़े को जान-बूझकर पोस्ट किया। क्लिप को बगैर संदर्भ और शब्दों के मायने के शेयर किया गया।

### जयंत सिन्हा, गौतम गंभीर नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव

**नई दिल्ली।** पूर्व मंत्री और हजारीबाग से भाजपा के सांसद जयंत सिन्हा ने पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से प्रत्यक्ष चुनावी कर्तव्यों से उन्हें मुक्त करने का अनुरोध किया है। वहीं, पूर्वी दिल्ली सीट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भी लोकसभा चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। उन्होंने भी पार्टी अध्यक्ष से राजनीतिक कर्तव्यों से मुक्त करने का अनुरोध किया है। सिन्हा ने कहा कि वह अपना पूरा ध्यान भारत तथा पूरी दुनिया में जलवायु परिवर्तन की समस्या से निपटने पर केन्द्रित करना चाहते हैं। गौतम गंभीर का कहना है कि वह क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करना चाहते हैं।

## बारिश और तेज हवा से लुढ़का पारा, बढ़ी ठंड

कार्यालय संवाददाता, बरेली



- मौसम विभाग का पूर्वानुमान, आज भी होगी बूंदाबांदी
- सोमवार से साफ होगा मौसम, तापमान बढ़ेगा

**अमृत विचार :** जिले में शुक्रवार रात से एक बार फिर मौसम बदल गया। रात में बूंदाबांदी के बाद शनिवार सुबह बारिश हुई। दोपहर में मौसम साफ हुआ, कुछ देर के लिए धूप खिली लेकिन देर शाम फिर घटाएं छाईं और बारिश शुरू हो गई। बारिश की वजह से दिन का तापमान आठ डिग्री गिरने से ठंड बढ़ गई। रात में ठंडी हवाएं चलने से ठंड का अहसास हुआ। पिछले 24 घंटे में एक मिमी बारिश दर्ज की गई। शनिवार को अधिकतम तापमान सामान्य से आठ डिग्री कम 20.8 और न्यूनतम तापमान चार डिग्री अधिक 17.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इस दौरान 10 से 12 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलीं। आंचलिक मौसम केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि रविवार को भी बूंदाबांदी का पूर्वानुमान है। इस दौरान अधिकतम तापमान 21 और न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रह सकता है। चार मार्च से मौसम साफ रहेगा। इसके बाद अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि 15 मार्च के बाद अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचेगा। विभाग का मानना है कि जलवायु परिवर्तन के चलते इस बार अधिक गर्मी पड़ने की संभावना है।

**प्रदेश का पहला एसटीपी** | **कनाडा और फ्रांस से मंगाई जा रहीं अत्याधुनिक मशीनें बदबू तक बाहर नहीं निकलने देंगी**

# अब अल्ट्रा वायलेट किरणें मारेंगी गंदे पानी का बैक्टीरिया

गोपाल सिंह, लखनऊ

- नई तकनीक से होगा जल शोधन 297 करोड़ से जियामऊ में बनेगा

**अमृत विचार :** भले ही यह शुरुआत हो लेकिन गंदे पानी को निर्मल और बैक्टीरियामुक्त बनाने की दिशा में प्रदेश सरकार की यह पहल आगामी दिनों में मील का पत्थर साबित होने वाली है। इसमें नई तकनीक का सहारा लेकर गंदे पानी के बैक्टीरिया को खत्म किया जाएगा। कनाडा से आने वाली मशीन से उत्पन्न होने वाली ''अल्ट्रा वायलेट किरणें'' लखनऊ की जीवनदायनी गोमती नदी में गिरने वाले नालों के गंदे पानी को स्वच्छता प्रदान करेगी। इसके लिए 297 करोड़ रुपये की लागत से जियामऊ में हैदर कैनाल एसटीपी (सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट) तैयार किया जा रहा है। इसमें प्रतिदिन 120 करोड़ लीटर नाले के गंदे पानी को बैक्टीरियामुक्त किया जाएगा। एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। इसी महीने के अंत तक मशीन आ जाएगी। एसटीपी अगले दो माह में शुरू हो जाएगी। इससे गोमती का पानी साफ होगा। 'गाद' न होने से नदी का जलस्तर भी बढ़ेगा।

### कचरे से प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली का होगा उत्पादन

प्रोजेक्ट का काम देख रहे जल निगम के अवर अभियंता सुरेंद्र कुमार बताते हैं कि एसटीपी में नाले के गंदे पानी का शोधन करने के बाद जो वेस्ट (गाद या कचरा) बचेगा उससे प्रतिदिन एक मेगावाट बिजली बनाई जाएगी। बिजली बनाने के लिए फ्रांस से गैस इंजन मंगाया गया है।

> एसटीपी का सिविल वर्क लगभग पूरा हो चुका है। कनाडा, फ्रांस की मशीन इस महीने आ जाएगी। नई तकनीक में मशीन अल्ट्रा वायलेट किरणों को उत्पन्न करेगी और इसी से गंदे पानी के बैक्टीरिया मारे जाएंगे। गाद न होने से नदी का पानी भी निर्मल होगा और जलस्तर भी बढ़ेगा। आगामी दो माह में एसटीपी शुरू हो जाएगी।
> – **महेश कुमार गौतम**, अधिशासी अभियंता जल निगम

### बदबू रोकेगा 'ऑडर रिमूवल सिस्टम'

एसटीपी में नाले के पानी का शोधन करते समय इस बात का खास ध्यान रखा जाएगा कि बदबू हवा में न फैले। इसके लिए एसटीपी में ऑडर रिमूवल सिस्टम'' लगाया जाएगा। यह शोधन के दौरान निकलने वाली गैस को बाहर नहीं जाने देगा। यह ऑडर रिमूवल प्रणाली भी विदेशी होगी। इसे फ्रांस से मंगाया जा रहा है।

### कोविड के चलते योजना की गति थी धीमी

जियामऊ में 297 करोड़ रुपये की लागत से तैयार हो रही इस एसटीपी की शुरुआत जुलाई 2018 में हुई थी। इसके लिए राज्य सरकार से 68 करोड़ रुपये दिए भी थे। लेकिन कोविड और बजट में देरी की वजह से इसका निर्माण धीमा हो गया था। सरकार ने इस प्रोजेक्ट को अमृत योजना में शामिल करते हुए इसे रफ्तार दे दी है।

## शहर में आज

- सोलहवां वसंतोत्सव भोलेनाथ मंदिर परिसर कुर्मांचल नगर में दोपहर 3 बजे।
- आनंद आश्रम मंदिर से श्री कृष्ण बलराम शोभायात्रा सुबह 10 बजे।
- युवा सम्मेलन स्मार्ट सिटी ऑडिटोरियम जीआईसी में सुबह 11 बजे।
- 251 कन्याओं का विवाह सहारा ग्राउंड मुड़िया अहमदनगर में सुबह 10 बजे।
- अग्रवाल सभा द्वारा प्रेसवार्ता मठ तुलसी स्थल में दोपहर 1 बजे।
- एसआरएमएस रिद्धिमा में नाटक काया का मंचन शाम 5 :15 बजे।
- मानव सेवा क्लब एवं शब्द आंगन द्वारा पुस्तक विमोचन रोटरी भवन में दोपहर 3 बजे।
- शैलजा नारायण प्राकट्य शृंखला नारायण भवन सिद्धार्थ नगर में विचार बिंदु कार्यक्रम सुबह 9 बजे।

### शुक्रवार रात फटी पानी की पाइप लाइन, जलकल के अफसरों ने रविवार को आपूर्ति सुचारू करने का दिया आश्वासन, लोग परेशान

# सुरेश शर्मा नगर और रहपुरा चौधरी में दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** रहपुरा चौधरी और सुरेश शर्मा नगर में पानी की पाइप लाइन फटने से हजारों घरों में पानी की आपूर्ति शनिवार को भी ठप रही। जलकल अफसरों ने रविवार को सप्लाई सुचारू करने का आश्वासन दिया है।

सुरेश शर्मा नगर में आजाद पार्क के पास गली में पाइप लाइन से 10 दिनों से पानी लीक कर रहा था। स्थानीय लोगों ने इसकी शिकायत जलकल विभाग में की और अफसरों को फोन भी किए लेकिन समस्या हल नहीं की गई। शुक्रवार की शाम पाइप लाइन फट गई तो पानी सड़क पर बहने लगा। रात भर पानी बहता रहा और सुबह भी यही हाल रहा तो क्षेत्रीय लोगों ने पार्षद शारदा गुप्ता और पूर्व पार्षद नरेश पटेल को सूचना दी। इसके बाद नलकूप की लाइन को तुरंत बंद किया गया।

पूर्व पार्षद नरेश पटेल ने बताया कि जलकल अफसरों ने रविवार को फाल्ट दुरुस्त करने की बात कही है। रहपुरा चौधरी वार्ड में बिजली अफसरों की लापरवाही ने हजारों घरों में पानी की सप्लाई ठप होने से लोग परेशान हो गए। जलकल अफसर भी दिन भर फाल्ट को दुरुस्त करने में लगे रहे। क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि अफसर मौके पर मौजूद रहे लेकिन एक जगह फाल्ट को दुरुस्त कराते तो दूसरी जगह पाइप में लीकेज होने लगता था। इसी में पूरा दिन निकल गया और फाल्ट भी पूरी तरह दुरुस्त नहीं हो पाया। पूर्व पार्षद आशिक अहमद ने बताया कि अफसरों ने रविवार को सप्लाई दुरुस्त होने की बात कही है।


सुरेश शर्मा नगर में पाइप लाइन फटने से भरा पानी।

- रहपुरा चौधरी में दिन भर लगी रही जलकल की टीम एक फाल्ट ठीक होते ही दूसरी जगह हो गया लीकेज

### बिजली अफसरों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश

रहपुरा चौधरी में बिजली अफसरों ने ठेकेदार और ठेकेदार ने मजदूरों के जिम्मे काम को छोड़ दिया इसी का नतीजा था कि बिना जाने समझे चलाई गई मशीन ने पानी की लाइन को काट दिया। नगर आयुक्त निधि गुप्ता वत्स ने लोगों को हुई परेशानी का कारण बिजली विभाग को मानते हुए जलकल विभाग से संबंधित अफसर के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। जलकल अभियंता इस संबंध में पावर कार्पोरेशन को पत्र भेजेंगे।

### इनकी सुनें


पाइप लाइन फटने से शुक्रवार को हालात ज्यादा खराब रहे। गनीमत रही सड़क पर बह रहा गंदा पानी स्कूल में नहीं आया। - **हरीश बाबू शर्मा**, शिक्षक


रहपुरा चौधरी वार्ड में शुक्रवार सुबह जब दुकान खोलने पहुंचे तो सड़क तालाब में तब्दील दिखी। दो दिन से पानी की आपूर्ति ठप होने से परेशानी हुई। - **दिनेश कुमार**, दुकानदार


शुक्रवार की रात पानी का पाइप लाइन फट गई। दो दिन से पानी नहीं आ रहा है। आधी कॉलोनी में सप्लाई ठप है। -**अनिल कुमार**, सुरेश शर्मा नगर

## इस महीने 10 दिन बंद रहेंगे बैंक, जरूरी कार्य निपटा लें

**बरेली, अमृत विचार :** इस महीने अगर बैंक से जुड़ा कोई काम हो तो उसे समय रहते निपटा लें, क्योंकि इस महीने 10 दिन बैंक बंद रहेंगे। इसमें महाशिवरात्रि, होली, गुड फ्राइडे के साथ रविवार, दूसरे और चौथे शनिवार के अवकाश शामिल हैं।

अग्रणी जिला प्रबंधक वीके अरोड़ा ने बताया कि छुट्टी से पहले सभी बैंकों को अपने एटीएम को रिफिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। इस माह दूसरे सप्ताह में जिला प्रशासन की अनुमति से डीएलआरसी-डीसीसी बैठक होना प्रस्तावित है, इसके लिए सभी बैंकों को जल्द डेटा अपलोड करने को लेकर निर्देशित किया गया है।

# शहर में कुछ देर की बारिश से ही जलभराव

### नाले और नालियां चोक होने से सड़कों पर भरा पानी, लोग हुए परेशान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** शहर में एक घंटे की बारिश से जगह-जगह जलभराव हो गया। नाले और नालियां जाम होने से सड़कों पर पानी भरने से लोगों को निकलने में परेशानी हुई। सुभाषनगर पुलिया हो या फिर पॉश कॉलोनी रामपुर गार्डन सभी जगह समस्या पहले के ही जैसी रही। जबकि जल निकासी के लिए लाखों रुपये के काम कराए गए।

बारिश के बाद सुभाष नगर पुलिया के नीचे पानी भरा। इस पुलिया के नीचे 50 लाख से ज्यादा रकम लगाकर सड़क को दुरुस्त कराया गया था लेकिन वह कुछ समय बाद ही उखड़ गई। बरसात के बाद यहां गंदगी बहती दिखी। अधिकारी जल निकासी की समस्या का हल नहीं निकाल सके हैं। मठ क्षेत्र में अहमद अली का तालाब क्षेत्र में नाले पर अतिक्रमण है। इससे इस मोहल्ले के मुख्य मार्ग पर पानी भर गया। गांधी उद्यान के सामने विकास भवन रोड पर भी जलनिकासी की व्यवस्था नहीं होने से सड़क पर पानी भरा रहा। गंगापुर मठिया, सिकलापुर में भी जलभराव हुआ। सिकलापुर निवासी रजत पाल ने बताया कि बिना बारिश के बाद गली में पानी भर गया। सफाई कर्मियों ने बताया कि सीवर जाम होने से पानी भरा। फिलहाल, जलभराव के चलते आवाजाही में लोगों को परेशानी से जूझना पड़ा। पॉश कॉलोनियों में भी हालात पुराने जैसे नजर आए। बेहतर जलनिकासी के दावे दम तोड़ते दिखे।


डेलापीर से डीडीपुरम जाने वाले मार्ग पर जलभराव के चलते लोगों को आवाजाही में दिक्कत हुई। ● अमृत विचार




लाखों खर्च के बाद भी सुभाष नगर पुलिया पर जलभराव की समस्या नहीं दूर हो सकी।


डीडीपुरम में भी सड़कों पर भरा पानी। ● अमृत विचार


चौकी चौराहे पर पार्क के बाहर भरा पानी। ● अमृत विचार

### भूमिगत लाइन में आया करंट, मची भगदड़

**बरेली, अमृत विचार :** बारिश और मरम्मत कार्य की वजह से शनिवार को बिजली गुल होने से लोग दिनभर परेशान होते रहे। बारिश की वजह से कई जगह लोकल फाल्ट हुए। नावल्टी चौराहा के पास बारिश में भूमिगत लाइन में करंट आने से भगदड़ मच गई। शनिवार को हरुनगला विद्युत उपकेंद्र के गोल्डन ग्रीन पार्क फीडर पर मरम्मत कार्य और पेड़ों की टहनियों की छंटाई की वजह से सुबह 11 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रही। इसकी वजह से गोल्डन ग्रीन पार्क, ग्रीन पार्क, फूल नारायण पार्क की बिजली आपूर्ति बाधित रही। इसके अलावा फतेहगंज पश्चिमी विद्युत उपकेंद्र के भिटौरा फीडर पर 11 केवी का तार बदलने के लिए फतेहगंज कस्बा की बिजली सुबह 10 से शाम पांच बजे तक बाधित रही। किला, सुभाषनगर, महानगर और जगतपुर में छोटे फाल्ट से बिजली कटौती और ट्रिपिंग की गई। नावल्टी चौराहे के पास भूमिगत लाइन में फाल्ट होने से करंट आ गया, जिसके बाद लोगों ने विभाग के अधिकारियों को मामले की सूचना दी। कर्मचारियों ने करंट को बंद कराया।

## विश्वकर्मा योजना में 20 हजार आवेदन, सिर्फ 13 सौ का सत्यापन

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- वेबसाइट सुस्त होने से ग्राम प्रधानों के रजिस्ट्रेशन में आ रही समस्या
- 1188 प्रधानों में से अब तक आठ सौ के हो सके हैं रजिस्ट्रेशन

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत जिले में पात्रों को लाभ देने के लिए सरकारी मशीनरी कोशिशों में लगी हुई है, लेकिन कई तरह की कमियों की वजह से प्रक्रिया रफ्तार नहीं पकड़ पा रही है। वेबसाइट सुस्त चलने से प्रधानों के भी रजिस्ट्रेशन होने में समस्या हो रही है। चार महीने में 20 हजार आवेदनों में से महज 13 सौ का सत्यापन हो सका है।

शुक्रवार को विकास भवन में सूक्ष्म लघु सहायक उद्यम आगरा दफ्तर के सहायक निदेशक नेपाल सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला में समस्याएं सामने आईं। दरअसल, सितंबर में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की शुरुआत हुई थी। योजना के तहत 18 ट्रेडों में पारंपरिक ओर मौजूदा समय में शिल्पकारों और कारीगरों को लाभ देने का प्रावधान है। जिले को 1800 लोगों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य मिला है। नवंबर से ऑनलाइन आवेदन शुरू हुए हैं। उपायुक्त उद्योग अनुराग यादव के अनुसार अब तक पूरे जिले से करीब 20 हजार आवेदन किए जा चुके हैं। इसमें नगर निगम, पालिका, पंचायतों से करीब छह हजार आवेदन हुए हैं। जिले के सभी 1188 प्रधानों के प्रधानमंत्री विश्वकर्मा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन होंगे। डीपीआरओ धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पोर्टल पर आठ सौ के करीब प्रधानों के रजिस्ट्रेशन हो गए हैं। कोशिश है कि सभी प्रधानों के रजिस्ट्रेशन जल्द से जल्द हो जाएं, जिससे वह योजना के लिए आने वाले आवेदनों का सत्यापन अपने स्तर पर कर सकें।

### पैसेंजर ट्रेनों का किराया कम हुआ या नहीं, यात्री परेशान

**बरेली, अमृत विचार :** पैसेंजर ट्रेनों में सफर करने वाले यात्रियों में रेलवे की तरफ से किराया कम करने को लेकर असमंजस की स्थिति है। सोशल मीडिया पर खबरें चलने से यात्री रेलवे अधिकारियों से जानकारी कर रहे हैं लेकिन अधिकारी इस संबंध में किसी तरह के आदेश से इन्कार कर रहे हैं। इसके अलावा ट्रेनों के नंबर बदलने के बाद ही किराया कम हो सकेगा।

शनिवार को मोहित चौरसिया ने एक्स पर रेल प्रशासन से एक वीडियो का लिंक शेयर करते हुए सवाल किया कि क्या पैसेंजर ट्रेन का किराया कम कर दिया गया है। इस पर डीआरएम मुरादाबाद के अकाउंट से जवाब दिया गया कि इस संबंध में कोई आदेश नहीं आया है। यदि आदेश आएगा तो सूचना दी जाएगी। हालांकि यूटीएस एप पर साधारण पैसेंजर ट्रेन का न्यूनतम किराया 10 रुपये दिखाने लगा है। कोरोना काल के दौरान ट्रेन संचालन शुरू होने के बाद से पैसेंजर ट्रेनों का नंबर बदलकर मेल एक्सप्रेस के नाम से चलाया जा रहा है, जिसकी वजह से न्यूनतम किराया 30 रुपये है। ऐसे में जब तक पैसेंजर ट्रेनों का नंबर नहीं बदला जाएगा तब तक किराया कम होना मुश्किल है।

### अब मार्च तक एसी बसों का किराया रहेगा कम

**बरेली।** रोडवेज ने एसी बसों में सफर करने वाले यात्रियों को एक बार फिर से राहत दी गई है। सर्दी के मौसम में कम हुआ किराया अब मार्च तक लागू रहेगा और एक अप्रैल से बढ़ा हुआ किराया लिया जाएगा। हालांकि 28 फरवरी के बाद एक दिन लिए एसी बसों का किराया बढ़ा दिया गया था लेकिन अब इसे फिर कम किया गया है। सर्दी में लोड फैक्टर में कमी की वजह से परिवहन निगम ने एसी बसों का किराया 16 दिसंबर से लेकर 28 फरवरी तक दस प्रतिशत कम किया गया था।




## 33 गांवों के विकास के लिए तीन करोड़ मिले

- गांवों में निर्माण, पेयजल समेत तमाम कार्य किए जाएंगे

**बरेली, अमृत विचार :** जिले में प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयनित 33 गांवों के लिए तीन करोड़ से अधिक का बजट जारी कर दिया गया है। इससे गांवों में विकास कार्य किए जाएंगे।

योजना के तहत जिले में कुल 66 गांवों का चयन किया गया है। केंद्र सरकार की ओर से प्रत्येक गांव में विकास कार्यों के लिए 20 लाख रुपये प्रति दिए जाने हैं। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 50 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले गांवों को चिह्नित कर विकास की मुख्य धारा से जोड़ना है। जिला समाज कल्याण अधिकारी (विकास) मनोज कुमार ने बताया कि शासन ने वित्तीय वर्ष 2024-2025 में जिले के 66 गांवों का प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चयन किया है। शासन से चयनित इन गांव की सूची विभाग को मुहैया कराने के बाद पहली किस्त के तौर पर 33 गांवों के लिए 10-10 लाख रुपये की धनराशि जारी कर दी गई है। इन गांवों में पेजयल, स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, सामाजिक सुरक्षा, सड़कें, आवास, बिजली, स्वच्छ ईंधन, कृषि पद्धतियां, वित्तीय समावेशन, डिजिटलीकरण, कौशल विकास से संबंधित विकास कार्य कराए जाएंगे।

### गले में संक्रमण और बुखार के मरीज बढ़े

**बरेली, अमृत विचार :** मौसम में बदलाव के साथ गले में संक्रमण और बुखार के रोगियों की संख्या भी बढ़ रही है। शनिवार को जिला अस्पताल की ओपीडी में 300 से अधिक मरीज पहुंचे। इनमें अधिकतर मरीज गले में संक्रमण, सर्दी, जुकाम और बुखार से ग्रसित थे। फिजिशियन डॉ. एएम अग्रवाल ने बताया कि इस समय जीवाणुओं के संक्रमण के लिए मौसम अनुकूल है, इसलिए लोग सर्दी, जुकाम, खांसी, बुखार से ग्रसित हो रहे हैं। प्रतिदिन 30 से अधिक बुखार के मरीज आ रहे हैं।

## उखड़ी सड़कों को दोबारा बनवाएंगे ठेकेदार

**बरेली, अमृत विचार :** पिछले साल बनी सड़कें खराब होने लगी हैं। पीडब्ल्यूडी के चीफ इंजीनियर संजय कुमार तिवारी ने सभी खंडों के एक्सईएन को खराब सड़कें चिह्नित कर ठेकेदारों से मरम्मत कराने के निर्देश दिए हैं। सड़कों पर पैचवर्क 31 मार्च तक पूरा कर लिया जाए।

जिले में दिसंबर 2023 में 485 सड़कों पर काम कराया गया, इनमें विशेष मरम्मत की करीब 200 सड़कें शामिल हैं। इसके अलावा पैचवर्क भी किया गया। इनमें फरीदपुर, बिथरी और नवाबगंज से छह महीने से एक साल के अंदर ही कई सड़कों के खराब होने की शिकायतें अधिकारियों के पास पहुंचीं। आंवला के मलगांव से नवीनगर, फरीदपुर के महमूदापुर से पउनगला समेत कई सड़कें हैं जिनको बने हुए एक साल भी नहीं हुआ है। इन सड़कों को बनाने वाले ठेकेदारों की रिपोर्ट भी मांगी गई है।




# कुतुबखाना पुल बनकर तैयार, उद्घाटन का इंतजार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव से पहले कुतुबखाना पुल का निर्माण तो जनप्रतिनिधियों के दबाव में पूरा कर लिया गया, लेकिन अब उद्घाटन के इंतजार में यातायात नहीं शुरू हो पाया है। अभी तक कन्फर्म नहीं हुआ है कि इसका उद्घाटन कब और कौन करेगा। सेतु निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारी पुल कब तक शुरू होगा इस बारे में स्थिति साफ नहीं कर रहे हैं। इसकी वजह से लोगों को पुल के नीचे से जाम में फंसकर ही गुजरना पड़ रहा है।

पिछले दिनों पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद ने पुल के निरीक्षण के दौरान एक मार्च को मुख्यमंत्री के हाथों पुल का उद्घाटन कराने की बात कही थी। यह दावा भी अब अफसर खारिज कर चुके हैं। मंत्री के निरीक्षण के बाद अधिकारियों ने एक मार्च से पहले ही पुल का निर्माण पूरा कर लिया। कार्यदायी संस्था के प्रोजेक्टर मैनेजर का कहना है कि उनकी तरफ से पुल पूरी तरह से वाहनों के आवागमन के लिए फिट है। जनप्रतिनिधि या अधिकारी जब चाहे वाहनों की आवाजाही शुरू करा सकते हैं। पुल तैयार करने वाली एजेंसी मंटेना के प्रोजेक्ट मैनेजर एमके सिंह का कहना है कि केवल व्यू कटर पर फाइबर सीट को छोड़कर बाकी सारे काम पूरा हो चुके हैं।



कुतुबखाना पुल निर्माण के बाद बोर्ड लगाते कर्मचारी। ● अमृत विचार

- आखिर कौन और कब करेगा उद्घाटन, एक मार्च थी तारीख तय

### हटाई गईं बिजली लाइनें

**बरेली, अमृत विचार :** कुतुबखाना पुल बनकर तैयार हो चुका है। बिजली विभाग ने पुल के आसपास से गुजर रही लाइनों को शिफ्ट कर दिया गया है। अब पुल के शुरू होने का इंतजार शहरवासी कर रहे हैं। कुतुबखाना पुल निर्माण के समय से ही बिजली विभाग की तरफ से पुल के आसपास से गुजर रही लाइनों को शिफ्ट कराने का काम शुरू कर दिया गया था, जिसमें 33 और 11केवी की लाइन के साथ एलटी लाइन को शिफ्ट किया गया। इसके लिए करीब तीन महीने तक रोजाना कई-कई घंटे का शटडाउन लिया गया।

### शहरवासियों का बढ़ रहा इंतजार

कुतुबखाना पुल निर्माण के दौरान मंत्री से लेकर सांसद और विधायकों ने कई बार पुल का निरीक्षण किया। इस दौरान वह व्यापारियों और आमजनता से मिले। सभी का यही कहना था कि एक मार्च को हर कीमत पर पुल शहरवासियों को समर्पित कर दिया जाएगा, लेकिन पुल शुरू नहीं हो सका। ऐसे में लोगों का इंतजार अब और बढ़ गया है।

### पुल तैयार होने पर साइन बोर्ड भी लगा

कुतुबखाना पुल तैयार होने के बाद शनिवार को साइन बोर्ड भी लगवा दिया गया। इस पर पुल के निर्माण की लागत, लंबाई, कब पुल शुरू हुआ आदि जानकारी शामिल हैं। यह बोर्ड भी भगवा कलर में बनाया गया है।

### नाथ महोत्सव की तैयारियां तेज मुख्यमंत्री के आने पर असमंजस

**बरेली, अमृत विचार :** पहली बार मनाए जाने वाले नाथ महोत्सव को लेकर प्रशासनिक तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अलग-अलग विभागों के अफसरों को जिम्मेदारियां दी गई हैं। हालांकि, पहले काफी भव्य होने वाले इस कार्यक्रम के स्वरूप को अब छोटा करने की बात कही जा रही है।

दरअसल, आठ मार्च को महाशिवरात्रि है। सात मार्च को नाथ महोत्सव का कार्यक्रम होना संभावित है। कार्यक्रम स्थल बरेली कॉलेज प्रस्तावित है। इस दिन बोर्ड परीक्षा नहीं होने की वजह से बरेली कॉलेज के हॉकी ग्राउंड को ही चुना गया है। पांच दिवसीय होने वाले कार्यक्रम को अब महज एक दिवसीय ही कर दिया गया है। 10 मार्च या इसके बाद आचार संहिता लग सकती है। यही वजह है कार्यक्रम को छोटा किया गया है। नाथ महोत्सव में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे या नहीं, इस पर संशय है। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार चुनाव का समय करीब होने की वजह से मुख्यमंत्री के आने की उम्मीद कम है। वहीं, कार्यक्रम की बाकी तैयारियां चल रही हैं। हजारों की संख्या में डमरू आ चुके हैं। मंडलायुक्त सौम्या अग्रवाल ने बताया कि महोत्सव में सीएम आएंगे या नहीं, अभी कुछ तय नहीं है। आने की संभावना कम है।






# बरेली को सेफ सिटी बनाएं, अवैध टैक्सी स्टैंड और अतिक्रमण को तुरंत हटाएं

## पुलिस- प्रशासन और विकास प्राधिकरण को जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करने के निर्देश

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- सभी विभागों में फायर सेफ्टी के उपकरणों के इंतजाम और उनकी क्रियाशीलता भी तय करें
- 10 जनवरी को हुई समीक्षा बैठक के मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी हुए मिनट्स में सीएम ने दिए निर्देश



**अमृत विचार :** बरेली शहर को सेफ सिटी बनाने की तैयारियां तेज हो गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुलिस, जिला प्रशासन और विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों से संवाद स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। प्रशासन को सभी सरकारी विभागों में फायर सेफ्टी उपकरणों की उपलब्धता के साथ उनकी क्रियाशीलता भी तय करने को कहा है। इसके अलावा शहर से अवैध टैक्सी स्टैंड और अन्य अतिक्रमण तुरंत हटाने के भी निर्देश दिए हैं, ताकि शहर की सड़कों पर यातायात सुगम हो सके। हालांकि अवैध टैक्सी स्टैंड हटाने के लिए मुख्यमंत्री कई बार बरेली प्रशासन को निर्देश दे चुके हैं।

शहर के सेटेलाइट, शहामतगंज, चौपुला समेत कई ऐसे स्थान हैं जहां पर अवैध टैक्सी स्टैंड संचालित हैं लेकिन जिला प्रशासन और पुलिस विभाग ने इन्हें हटाने के लिए कभी ठोस कदम नहीं उठाए। अब बरेली को सेफ सिटी बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने फिर अफसरों को निर्देश दिए हैं। सेफ सिटी समेत अन्य प्रमुख बिंदुओं पर 10 जनवरी को हुई मुख्यमंत्री की विकास भवन सभागार में हुई विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक के संबंध में मिनट्स मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी किए हैं।

कार्यक्रम कार्यान्वयन विभाग के संयुक्त सचिव कल्याण बनर्जी ने मुख्यमंत्री के निर्देशों का पालन कराने के साथ कार्रवाई की रिपोर्ट शासन को भेजने के संबंध में राज्य मिशन निदेशक अमृत, निदेशक नगरीय निकाय निदेशालय, राज्य मिशन निदेशक एसबीएम, प्रबंध निदेशक, डीएम और नगर आयुक्त को पत्र जारी किया है।

### मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम को कार्ययोजना बनाएं अतिसंवेदनशील है बरेली

मुख्यमंत्री कार्यालय से जारी मिनट्स की रिपोर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के अफसरों को निर्देश दिए हैं कि मंडल में बरेली संक्रामक रोग मलेरिया और डेंगू की दृष्टि से अति संवेदनशील है। इन रोगों की रोकथाम के लिए एक कार्ययोजना बनाकर तुरंत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराएं। सभी सीएचसी और पीएचसी पर उपलब्ध चिकित्सा वैन को निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत वांछित मरीज तक उपलब्ध कराएं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि सभी सीएचसी और पीएचसी पर डाक्टर और अन्य सहयोगी स्टाफ की उपलब्धता हर समय बनी रहे। सभी जन औषधि केंद्रों पर आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनी रहे। आयुष्मान कार्ड धारकों को प्रत्येक दशा में संबंधित अस्पतालों में उपचार मिले, इसकी व्यवस्था बनाएं। इसकी मॉनीटरिंग की जाए कि किसी अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मरीज से निर्धारित धनराशि के अतिरिक्त धनराशि न ली जाए। दोषी पाए जाने पर संबंधित अस्पताल प्रबंधन का उत्तरदायित्व निर्धारित करते हुए उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाए। साथ ही शासन को सूचना भेजने के भी निर्देश दिए।

### कायाकल्प योजना के तहत प्रत्येक विद्यालय में बालक-बालिका के अलग-अलग शौचालय बनवाएं

मुख्यमंत्री ने कायाकल्प योजना के अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय में बालक-बालिकाओं के अलग-अलग शौचालयों की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा है कि शासकीय और अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के जीर्णोद्धार के लिए प्रदेश सरकार अलंकार योजना संचालित कर रही है। विद्यालय प्रबंधन अपना अंशदान देकर इस योजना का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

### खोदी सड़कें निर्धारित समय में न बनाएं तो संस्था पर कार्रवाई करें

जल जीवन मिशन के अंतर्गत संचालित हर घर नल से जल योजना में होने वाले कार्य के दौरान संबंधित संस्था के द्वारा खोदी गयी सड़कों को निर्धारित समयावधि में ठीक कराने की कार्रवाई कराएं। यदि संस्था निर्धारित समय के अंतर्गत कार्य न करें तो चिह्नित कर उनके विरुद्ध कार्रवाई करें।

### जमानत पर छूटे हिस्ट्रीशीटर की दो दिन थाने में उपस्थिति दर्ज कराएं

मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि पुलिस विभाग जनता के मध्य अच्छी छवि बनाए। किसी के साथ दुर्व्यवहार न किया जाए, जो अभियुक्त और हिस्ट्रीशीटर जेल से जमानत पर छूटे हुए हैं। संबंधित थानों की पुलिस उनकी मॉनीटरिंग करे। प्रत्येक सप्ताह कम से कम दो बार अभियुक्त/हिस्ट्रीशीटर उपस्थिति थाने में सुनिश्चित कराएं। दोषियों के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कराकर सजा दिलाने की कार्रवाई करें। भड़काऊ भाषण या बयानबाजी करने वालों को चिह्नित कर उनके विरुद्ध सख्ती से कार्रवाई कराएं। जिससे माहौल खराब न हो। चौकियों और थानों का नियमित औचक निरीक्षण किया जाए।

## कोर्ट का आदेश पालन न करने पर थाना प्रभारी सुभाषनगर तलब

**विधि संवाददाता, बरेली :** विवाहिता की दहेज हत्या के मामले में अदालत ने प्रारंभिक जांच रिपोर्ट भेजने का आदेश थाना प्रभारी सुभाषनगर को दिया था, मगर सुभाषनगर पुलिस ने रिपोर्ट कोर्ट नहीं भेजी। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट सौरभ वर्मा ने थानाध्यक्ष सुभाषनगर को आदेश का अनुपालन न किये जाने पर लिखित स्पष्टीकरण के साथ 11 मार्च को तलब किया है।

वकील जसवीर सिंह राणा ने बताया कि वादिनी हरप्यारी ने बेटी सुनीता उर्फ गीता की दहेज हत्या का आरोप ससुरालीजन पर लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी। 2 जनवरी को कोर्ट ने थाना प्रभारी सुभाषनगर को प्रारंभिक जांच कर रिपोर्ट भेजने का आदेश दिया था। सुभाषनगर पैरोकार के द्वारा दो बार आदेश की प्रति ले जाने के बाद भी थाना पुलिस ने जांच रिपोर्ट नहीं भेजी।

## 120 आवासों पर जल्द चलेगा रेल प्रशासन का बुलडोजर

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- 70 निष्प्रयोज्य आवास चिह्नित, 50 क्वार्टर सड़क के आड़े आ रहे
- चौपुला से रेलवे अस्पताल तक सड़क बनाने का है प्रस्ताव

**अमृत विचार :** जंक्शन का इंजीनियरिंग विभाग एक बार फिर बड़ी संख्या में निष्प्रयोज्य और विकास कार्यों के आड़े आने वाले रेल आवासों पर बुलडोजर चलाने की तैयारी में जुटा है। ऐसे 120 आवासों को चिह्नित किया जा चुका है। टेंडरिंग की प्रक्रिया पूरी होने के बाद इन पर रेलवे का बुलडोजर चलेगा।

दरअसल, बीते साल लखनऊ में हुए हादसे के बाद रेल कालोनियों के जर्जर आवासों को चिह्नित करना शुरू किया गया था। इनमें अवैध रूप से रहने वाले लोगों को निकाला गया। अफसरों के अनुसार 70 ऐसे मकानों को चिह्नित किया गया है, जो पूरी तरह से निष्प्रयोज्य हैं। वहीं, एक सड़क सुभाषनगर छोर पर चौपुला से जंक्शन द्वितीय प्रवेश द्वार होते हुए रेलवे अस्पताल के सामने खोली जानी है। रेल लाइन के नीचे अंडरपास बनाकर इसे रेलवे अस्पताल के सामने खोला जाएगा। जिसके आड़े करीब 50 रेल आवास आ रहे हैं। इन मकानों को भी तोड़ा जाना प्रस्तावित है। वहीं, इस संबंध में इंजीनियरिंग विभाग की ओर से सभी पूल होल्डरों को पत्र लिखा गया है। इसमें स्टेशन अधीक्षक, इंजीनियरिंग, लोको, ऑपरेटिंग, वाणिज्य आदि पूल के रेल आवास शामिल हैं। बीते साल इंजीनियरिंग विभाग ने ऐसे 60 रेल आवासों को तोड़ा था। सुभाषनगर में डबल स्टोरी बिल्डिंग में लंबे समय से अवैध रूप से लोगों ने कब्जा कर रखा था।

## प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर की ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शिकायत पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री आवास दिलाने के नाम पर ठगों ने एक व्यक्ति से हजारों रुपये ठग लिए। ठग व्यक्ति से और पैसे मांग रहे हैं। बिथरी चैनपुर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव चांदपुर निवासी जाबिर ने बताया कि प्रधानमंत्री आवास के लिए उन्होंने वर्ष 2017 में आवेदन किया था। आवेदन करने के बाद वह जयपुर चले गए। 20 फरवरी को उनके बेटे के मोबाइल पर फोन आया और कहा कि आवास और शौचालय स्वीकृत हो गया है। आवास के लिए 27 हजार और शौचालय के लिए 12500 रुपये प्रशासन की ओर से रिलीज होंगे। आरोपी ने बताया कि वह लखनऊ प्रशासन से नितिन बोल रहा है। आवास और शौचालय के लिए पंजीकरण होना है, जिसके लिए रीना के मोबाइल नंबर पर 2650 रुपये भेज दो। भरोसा करके यूपीआई के माध्यम से रुपये भेज दिए। इसके बाद आरोपियों ने बताया कि खाता जीरो बैलेंस है, इसलिए आधे रुपये भेज दो आधी रकम शासन स्तर से मिलेगी। आरोपियों ने बातों में फंसाकर उनसे 34 हजार 250 रुपये ले लिए। अब पांच हजार रुपये और मांग रहे हैं। साथ ही झांसा दे रहे हैं जल्द ही खाते में रुपये आ जाएंगे। एसएसपी के आदेश पर बिथरी चैनपुर पुलिस ने नितिन और रीना के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। उन्होंने बताया कि आरोपी फोन पर लगातार बात कर रहे हैं। इंसपेक्टर बिथरी संजय तोमर ने बताया कि आरोपियों की जानकारी की जा रही है।

## एक नजर

### महंत कमल नयन दास हत्याकांड में 15 लोगों से पुलिस करेगी पूछताछ

**बरेली, अमृत विचार :** महंत कमल नयन दास की हत्या के मामले में किला पुलिस 15 लोगों से पूछताछ करेगी। इन लोगों को चिह्नित कर लिया गया है। आरोप है कि सभी लोग महंत की मौत के मामले में कहीं न कहीं से जुड़े हुए हैं। कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच थाना प्रभारी हरेन्द्र सिंह कर रहे हैं। तुलसी मठ निवासी दिनेश्वर दास ने बताया कि गुरु महंत केशवदास के 3 मई 2021 के निधन के बाद महंत कमल नयन दास को मठ का उत्तराधिकारी बनाया गया। वह महंत कमल नयन दास के प्रमुख चेला के रूप में कार्य कर रहे थे। आरोप है कि महंत ने उनके उत्तराधिकारी की घोषणा कर दी, जिसके बाद 15 लोगों ने आपराधिक षडयंत्र कर महन्त कमल नयन दास की हत्या कर दी।

### बरेली में खड़ी कार का रामपुर में ओवरलोडिंग में चालान

**बरेली, अमृत विचार :** रामपुर में ट्रैफिक पुलिस ने बरेली में खड़ी कार का ओवरलोडिंग में ढाई हजार रुपये का चालान कर दिया। कार मालिक के मोबाइल पर जब चालान का मेसेज पहुंचा तो वह हैरान रह गए। उन्होंने एक्स पर पोस्ट कर पुलिस अधिकारियों से शिकायत की है। कोतवाली क्षेत्र के बांसमंडी निवासी शौमी सिराज ने बताया कि एक मार्च को उनकी कार घर में खड़ी थी। शाम को करीब सात बजे उनके मोबाइल पर मेसेज पहुंचा तो पता चला कि कार का चालान रामपुर यातायात पुलिस ने किया है। यही नहीं पुलिस ने कार का चालान ओवरलोडिंग में किया है।

### कचहरी चौराहा के पास से दुकान में चोरी

**बरेली, अमृत विचार :** कचहरी चौराहा के पास शुक्रवार रात फोटो स्टेट की दुकान में चोरी हो गई। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक की। किला निवासी मनोज कुमार ने बताया कि चोर दुकान से डेढ़ हजार रुपये और पानी की बोतलें चोरी करके ले गए हैं। उन्होंने पुलिस को सूचना दी।

## बदायूं के युवक ने इंस्टाग्राम पर की दोस्ती, दुष्कर्म का आरोप

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- शादी का झांसा देकर ले गया उत्तराखंड, जेवर भी हड़पे

**अमृत विचार :** प्रेमनगर थाना क्षेत्र निवासी युवती ने बदायूं के युवक पर इन्स्टाग्राम पर दोस्ती करके उत्तराखंड घुमाने ले जाने के बहाने दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर जेवर भी हड़प लिए और मांगने पर जान से मारने की धमकी दी। प्रेमनगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

युवती के मुताबिक छह महीने पहले इन्स्टाग्राम से उसकी दोस्ती बदायूं के लालपुल निवासी जुबैर सैफी से हो गई। दोस्ती के बाद आरोपी एक दिन उसे उत्तराखंड घुमाने ले गया। वहां जबरन दुष्कर्म किया और कहा कि वह पीड़ित से शादी करेगा।

जरूरत बताकर आरोपी ने सोने के कड़े, एक जोड़ी सोने की झुमकी और दो सोने की अंगूठी लें ली। पीड़िता ने फोन करके आरोपी के पिता सलीम मियां, भाई खुर्रम सैफी और बहनों से कहा तो उन्होंने गाली गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। शिकायत पर प्रेमनगर पुलिस ने जुबैर सैफी, सलीम मियां, खुर्रम और बहनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## शिक्षिका की मौत पर परिजनों का हंगामा

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एक निजी स्कूल की शिक्षिका की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। मायके वालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। पुलिस ने शिक्षिका के परिजनों को समझाकर शांत कराया। पुलिस ने शिक्षिका के पति और सास को पूछताछ के लिए थाने में बैठा लिया है। देर रात तक मामले में तहरीर नहीं दी गई थी।



प्रिया का फाइल फोटो


मौके पर पूछताछ करती पुलिस।

- मायके वालों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

बारादरी थाना क्षेत्र के अग्रसेन नगर निवासी हरीश कुमार गंगवार ने बताया कि वह लेखपाल हैं। उनकी बेटी प्रिया गंगवार बीसलपुर रोड पर स्थित एक निजी स्कूल में शिक्षिका थी। एक वर्ष पूर्व प्रिया की शादी पवन विहार गणेशपुरम निवासी शिवांशु रस्तोगी के साथ की थी। आरोप है कि शादी के बाद से शिवांशु, उसकी मां, पिता प्रिया का उत्पीड़न करने लगे। दहेज में लाखों रुपये मांगे थे। इन्कार पर बेटी को जान से मारने की धमकी दी थी। आरोप है कि शनिवार रात करीब नौ बजे प्रिया की फंदे से लटकाकर हत्या कर दी। पुलिस से बचने के लिए पति व सास मृत अवस्था में पीलीभीत रोड स्थित एक निजी अस्पताल में ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, प्रिया की सास अंजली रस्तोगी का कहना है कि वह शनिवार को प्रिया को लेकर उसके मायके गई थीं और शिकायत की थी। इसके बाद प्रिया के साथ घर आ गईं। प्रिया ने अपने कमरे में जाकर आत्महत्या कर ली। वहीं, अस्पताल में प्रिया के परिजनों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाकर हंगामा किया। सीओ अनीता चौहान और इंस्पेक्टर बारादरी ने मामला शांत किया। इंस्पेक्टर बारादरी अमित पांडेय ने बताया कि शिवांशु और अंजली को पूछताछ के लिए रोक लिया है। परिजनों की तहरीर मिलने पर रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### जरा सी चूक पड़ेगी भारी


अटल सेतु के नीचे सीवर लाइन का डिप खोलकर छोड़ दिया गया। ऐसे में जरा सी चूक से बड़ा हादसा हो सकता है। ● अमृत विचार

## विधवा पेंशन रुकी तो किसी को बेटी की शादी को नहीं मिला अनुदान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद संपूर्ण समाधान दिवस में की गई फरियाद
- सीडीओ ने शिकायतें सुनकर अफसरों को निस्तारण के लिए दिए निर्देश

**अमृत विचार :** पात्रता की श्रेणी में आने के बाद भी तमाम फरियादी योजना का लाभ लेने के लिए भटक रहे हैं। अफसरों के दफ्तरों के चक्कर काटने के बाद भी मदद की जगह पर मायूसी मिल रही है। शनिवार को सदर तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस में पहुंचे फरियादियों ने अफसरों के सामने सरकारी व्यवस्था की पोल खोल दी। कोई विधवा पेंशन के लिए परेशान है तो कोई बेटी के विवाह अनुदान का लाभ लेने के लिए भटक रहा है। सीडीओ जग प्रवेश ने फरियादियों की समस्या सुन निस्तारण करने का आश्वासन दिया।

भोजीपुरा के मबई गांव निवासी राजपाल सिंह ने खड़ंजे पर अवैध कब्जे की शिकायत की।सीडीओ ने मामले में तहसीलदार सदर को जांच कर कार्रवाई के आदेश दिए। बिथरी चैनपुर के पदारथपुर निवासी नाजमा ने कहा कि वह कैंसर पीड़ित हैं। राशन कार्ड के लिए दो बार ऑनलाइन आवेदन कराया, लेकिन अभी तक राशन कार्ड नहीं बन सका है। इस संबंध में सीडीओ ने जिला पूर्ति अधिकारी को निर्देश दिए। कुल 56 फरियादी समस्या लेकर पहुंचे। सबसे ज्यादा 26 शिकायतें राजस्व विभाग की रहीं। 12 शिकायतों का निस्तारण हुआ। 44 शिकायतों के निस्तारण के लिए टीमें लगाई गई हैं। एकतानगर सेवाधाम के कई लोग समाधान दिवस में पहुंचे। उन्होंने अफसरों को बताया कि उनकी कॉलोनी से सटी निर्मल धाम कॉलोनी है। दोनों का प्रवेश द्वार अलग-अलग है। आरोप है कि निर्मल धाम कॉलोनी के एक व्यक्ति ने 13 फरवरी को मकान की दीवार तोड़कर एक दरवाजा उनकी कॉलोनी की तरफ लगा दिया। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, सीएओ डॉ. विश्राम सिंह, एसडीएम सदर रत्निका श्रीवास्तव, पीडी तेजवंत सिंह, तहसीलदार सदर भानु प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।


समाधान दिवस में समस्याएं सुनते सीडीओ जग प्रवेश। ● अमृत विचार

**केस 1** समाधान दिवस में पहुंचे सत्यपाल सिंह ने बताया कि एक निजी अस्पताल प्रबंधन ने उनकी बेटी को 20 रुपये के दर्द निवारक इंजेक्शन को 500 रुपये में दिया था। पूर्व में इसकी शिकायत की गई। इसके बाद मामले को निस्तारित कराने की कोशिश की गई, लेकिन निस्तारण की कार्यवाही से वह संतुष्ट नहीं है। सीडीओ ने सीएमओ को मामले में जांच के आदेश दिए हैं।

**केस 2** भोजीपुरा क्षेत्र के साबिर अली ने कहा कि पशु बीमा कराने के लिए आवेदन किया था। फाइल पास हो गई है, लेकिन बैंक मैनेजर की ओर से उन्हें परेशान किया जा रहा है। फाइल को दबा रखी है। मामले में एलडीएम को जांच कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किया गया है।

**केस 3** इचौलिया निवासी राजेंद्र सिंह ने बताया कि गांव में जमीन खाली पड़ी है। इस जमीन पर कानूनगो और लेखपाल ने कागजों में प्राथमिक विद्यालय दर्शा दिया है, जबकि विद्यालय नहीं बना है। ग्राम समाज के लोग जमीन पर विद्यालय का निर्माण चाहते हैं। मामले में बीएसए को जांच के आदेश दिए गए हैं।

**केस 4** एजाजनगर के नवी शेर खां ने बताया कि उन्हें डेढ़ साल से वृद्धावस्था पेंशन नहीं मिली है। समाज कल्याण विभाग के चक्कर लगाकर थक चुका हूं। यहीं की खुशनुमा ने बताया कि एक साल से विधवा पेंशन रुकी हुई है। सैदपुर कुर्मियान के धर्मपाल ने कहा कि पुत्री के विवाह अनुदान के लिए फार्म जमा किया था। दो साल बीत गए। अनुदान नहीं मिला।

## बिना ब्याज बताए दिया लोन अब नहीं कर रहे कैंसिल

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** एचडीएफसी बैंक खाताधारक को कस्टमर केयर के माध्यम से लोन का लुभावना आफर दिया गया। इसमें बताया गया कि बैंक की ओर से ब्याज नहीं लिया जाएगा। बाद में पता चला कि ब्याज लगेगा। खाता धारक लोन कैंसिल कराना चाहता है, मगर अब तीन प्रतिशत प्री क्लोजर चार्ज लगाने की बात कही जा रही है।

डोहरा रोड स्थित शिव गार्डन कॉलोनी निवासी डॉ. भरत गंगवार ने बताया कि उनका खाता एचडीएफसी की बीसलपुर चौराहे स्थित शाखा में है। बुधवार को उनके पास लोन स्वीकृत कराने के दौरान कस्टमर केयर पर तैनात कर्मी ने कहा कि इसकी कोई प्रोसेसिंग फीस अथवा अतिरिक्त ब्याज नहीं लगेगा। इस पर उन्होंने लोन स्वीकृत करने को कहा।

अगले दिन सुबह बैंक से मेसेज आने पर पता लगा कि 12,000 के लोन को 60 माह के लिए आवंटित किया गया है, जिसका ब्याज 1.84 प्रतिशत प्रति माह रहेगा। उन्होंने कस्टमर केयर पर लोन कैंसिल करने का अनुरोध किया। इसपर उन्हें बताया गया कि लोन कैंसिल नहीं होगा। तीन प्रतिशत प्री क्लोजर चार्ज लगाकर ही लोन कैंसिल किया जा सकेगा। शाखा प्रबंधक विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस संबंध में कोई शिकायत नहीं आई है, आने पर ग्राहक की समस्या का निदान किया जाएगा।

## शेयर ट्रेडिंग के नाम पर व्यापारियों से ठगी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** उद्योग व्यापार सुरक्षा मंडल के उपाध्यक्ष अमित कंचन समेत कई व्यापारियों से शेयर ट्रेडिंग के नाम पर लाखों रुपये की ठगी की गई। व्यापारियों ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत कर रिपोर्ट दर्ज करने की मांग की।

शास्त्रीनगर निवासी अमित कंचन ने बताया कि उन्होंने और उनके साथियों ने एक एप के जरिए शेयर ट्रेडिंग का काम किया। इसमें दो नंबरों पर संपर्क रहता था। नंबरों पर मलेशिया की युवती संपर्क करती थी। युवती ने उनसे ब्लेक रॉक और एंजल बुक एप इंस्टॉल कराया। उनके अलावा उनके साथियों ने 9.21 लाख रुपये का निवेश किए थे। शुरुआत में आरोपियों ने सभी को 2.25 लाख और 20 हजार रुपये का लाभ दिया। कुछ दिन बाद आरोपियों ने डिमैट अकाउंट में 66 लाख रुपये की धनराशि दिखाई। जब रुपये निकालने का प्रयास किया तो खाता फ्रिज दिखाते हुए बताया कि कुछ दिन बाद रुपये निकाल सकते हैं। इसके बाद आरोपियों के नंबर बंद हो गए और व्हाट्सएप पर भी ब्लॉक कर दिया। अमित के अलावा ठगों ने किला निवासी आदेश सैनी, इज्जतनगर की रामनगर कॉलोनी निवासी विनोद कुमार, भूड़ निवासी ऋषि वर्मा, सुमित अग्रवाल और सैदपुर हाकिन्स निवासी शरद प्रताप सिंह के साथ धोखाधड़ी की।


एसएसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे व्यापारी। ● अमृत विचार

- साइबर ठगों ने फर्जी खाते बनाकर की ठगी
- व्यापारियों ने एसएसपी कार्यालय में की शिकायत

## एसडीएम ने माना... इफको ने किया है जमीनों पर कब्जा

संवाददाता, बरेली/आंवला

**अमृत विचार :** किसानों के अलावा सरकारी विभागों की जमीनों पर कब्जा कर बैठे इफको पर मेहरबान अफसर अब सख्ती करने का दावा कर रहे हैं। हाईकोर्ट से पिछले दिनों कुछ किसानों के पक्ष में फैसला आने के बाद इफको ने आदेश मानने से इन्कार कर दिया था।

इस मामले में एसडीएम का दावा है तहसील प्रशासन किसानों के साथ-साथ ग्राम समाज और सरकारी विभागों की जमीन की पैमाइश कराकर चिह्नीकरण की कार्रवाई करेगा। इस दावे को सही मान लिया जाए तो किसानों की जमीन के साथ सरकारी विभागों की जमीन इफको से कब्जा मुक्त होने का अनुमान है।




- रविवार से किसानों और सरकारी जमीन की पैमाइश करने की तैयारी
- पीडब्ल्यूडी और वन विभाग के अधिकारियों को लिखा पत्र

दरअसल, भमोरा के गांव नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास, रामनिवास, रामवीर, धर्मवीर, भंवरपाल ने कुछ दिन पहले एसडीएम को शिकायत देकर बताया था कि उनकी जमीन गाटा संख्या 234 रकवा 0.089 ग्राम चकरपुर रामनगर में है। जहां इफको फैक्ट्री ने अवैध कब्जा कर लिया है। उन्होंने उच्च न्यायालय की शरण ली थी। न्यायालय ने पैमाइश कर भूमि चिह्नित करने का आदेश दिया है। किसानों ने जमीन पर अवैध अतिक्रमण से हुई आर्थिक क्षति दिलवाने और जमीन अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की।

सेंधा गांव के ओमशंकर सक्सेना का आरोप है इफको का ग्राम सभा की करीब 600 एकड़ जमीन पर अवैध कब्जा है। आरोप है कि नौगवां अहिरान के वेदराम सिंह, सूरजपाल सिंह, ओमपाल सिंह, इस्लामाबाद के वीरेन्द्र सिंह यादव, धनपाल सिंह, सुखपाल सिंह, बालिस्टर सिंह, मैना देवी समेत बड़ी संख्या में किसानों की जमीन इफको अवैध तरीके से दबाए बैठी है। गांव के राजेश्वर सिंह की मौत हो चुकी है। उनके परिवार वालों का दावा है कि राजेश्वर सिंह की जमीन पर ही इफको का टावर बना हुआ है। पहले कई बार जमीन पर अवैध कब्जों को लेकर शिकायतें हुईं, लेकिन इफको प्रबंधन के रसूख के आगे बैकफुट पर आए अफसर आज तक कुछ नहीं कर सके।

### पीडब्ल्यूडी और वन विभाग को भेजा गया पत्र

एसडीएम आंवला गोविंद मौर्य ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रविवार को टीम बनाकर नौगवां अहिरान के रामरहीश, रामदास समेत छह किसानों की जमीन की पैमाइश कराई जाएगी। सरकारी जमीनों पर कब्जे को लेकर पीडब्ल्यूडी और वन विभाग को पत्र भेजा गया है कि वह अपनी जमीन से कब्जा हटवाकर कार्रवाई करें। कहा ग्राम समाज की जमीन की पैमाइश के लिए टीम बनाई गई है। नापजोख में यदि ग्राम समाज की जमीन पर निर्माण पाया गया तो धारा 67 के तहत जुर्माना डाला जाएगा। धारा 33 के तहत इफको को नोटिस भी भेज रहे हैं।

# आठ घरों में 23 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी

## विजिलेंस टीम ने घेर जाफर खां और आजमनगर में की चेकिंग, रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** विजिलेंस टीम ने चेकिंग कर दो मोहल्लों में आठ घरों में 23 किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। मामले में आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

विजिलेंस टीम के प्रभारी नरेश कुमार के नेतृत्व में शनिवार को मोहल्ला घेर जाफर खां में सैफ के यहां पांच, जोहरा और वसीम के घर में तीन-तीन किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई। वहीं, टीम ने रोहली टोला में सुषमा शर्मा के आवास, नवाब का ठेरा मोहल्ले में अभय कुमार के आवास पर तीन-तीन और आजमनगर में नगमा व तौफीक के आवास पर दो-दो किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी। इसके अलावा किला क्षेत्र में जमाल के मकान पर भी दो किलोवाट की बिजली चोरी पकड़ी गई।

### बिजली कटौती से राहत के लिए मरम्मत कार्य जल्द पूरे करने के निर्देश

**बरेली, अमृत विचार :** पॉवर कारपोरेशन के एमडी भवानी सिंह खगारौत और डायरेक्टर टेक्निकल जीडी द्विवेदी ने शनिवार शाम वीडियो कान्फ्रेन्सिंग में जिले में चल रहे मरम्मत कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करने के निर्देश दिए ताकि गर्मी में बिजली कटौती से लोगों को परेशानी न हो। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि नगर निकाय, आरडीएसएस और बिजनेस प्लान के तहत जो भी काम कराए जा रहे हैं, उन्हें समय से पूरा करें। बिजली चोरी रोकने के लिए बकाया बिल वसूली में तेजी लाएं। बैठक में अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार चौरसिया, अंबा प्रसाद, अधिशासी अभियंता गौरव शुक्ला, अमित आनंद, सत्येन्द्र चौहान और अनुज गुप्ता शामिल रहे।

### तीन स्थानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए



**बरेली, अमृत विचार :** होली से पहले मिलावटखोरी पर रोक लगाने के लिए खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने अभियान शुरू किया है। इसके तहत शनिवार को एफएसडीए की टीमों ने तीन स्थानों पर सैंपलिंग की। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय अपूर्व श्रीवास्तव ने बताया कि भारत इंटरप्राइजेज मोहल्ला मिर्धान से यूएचटी डबल टोन दूध का एक नमूना, सानिया कोल्ड ड्रिंक्स एवं किराना स्टोर, ग्राम बूची मीरगंज से हल्दी पाउडर का एक, बंटी स्वीट्स बदायूं रोड चाडपुर से सोनपापड़ी का एक नमूना जांच के लिए संग्रहित किया गया। सभी नमूनों को जांच के लिए लखनऊ स्थित लैब भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### प्रजापति संकल्प यात्रा पर लाठीचार्ज करने की निंदा की

**बरेली, अमृत विचार :** गाजियाबाद में प्रजापति संकल्प यात्रा पर लाठीचार्ज किए जाने की राष्ट्रीय प्रजापति महासभा ने निंदा की है। इसको लेकर शनिवार को जिलाध्यक्ष दुलार सिंह प्रजापति की अध्यक्षता में कचहरी में बैठक हुई। बताया गया कि ज्ञापन देने के लिए शांतिपूर्ण तरीके से प्रजापति संकल्प यात्रा दिल्ली जा रही थी, जिस पर पुलिस ने लाठीचार्ज किया। बैठक में प्रस्ताव पारित किया गया कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को वोट नहीं दिया जाएगा। रामभरोसे लाल प्रजापति, रूपलाल प्रजापति, छोटेलाल, पूरन लाल प्रजापति, ठाकुरदास प्रजापति, हरस्वरूप प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### सबका हक ने धरना-प्रदर्शन की मांगी अनुमति

**बरेली, अमृत विचार :** सबका हक ऑर्गेनाइजेशन ने नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन देकर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करने की अनुमति मांगी है। अध्यक्ष राफिया शबनम ने बताया कि ईवीएम पर रोक लगाने की मांग को लेकर ऑर्गेनाइजेशन 9 मार्च को सुबह 10 से शाम 5 बजे तक दामोदर स्वरूप पार्क में धरना प्रदर्शन करेगी। इसके बाद राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी कार्यालय में दिया जाएगा।

### अति पिछड़ा समाज महासभा ने लाठीचार्ज पर आक्रोश जताया

**बरेली, अमृत विचार :** गाजियाबाद में प्रजापति समाज की संकल्प यात्रा पर लाठीचार्ज की अति पिछड़ा समाज महासभा ने निंदा की है। इसको लेकर शनिवार को दुर्गानगर में एड. पूरनलाल प्रजापति की अध्यक्षता में बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री से पूरे थाने के पुलिस कर्मियों को निलंबित करने की मांग की। संजीव मौर्य, हरीशंकर श्रीवास्तव, ओमप्रकाश, दुलार सिंह, अशोक, प्रेमशंकर राठौर, राजकुमार, शिवलाल कश्यप, रामप्रकाश, नेत्रराम वर्मा, मनोज शाक्य, अमरपाल, विश्वकर्मा मौजूद रहे।

बिना ऑपरेशन गुर्दे की पथरी का इलाज होम्योपैथी द्वारा
सिन्कोना होम्योपैथिक सेन्टर

डा. ब्रजेश कुमार
होम्योपैथिक फिजीशियन
बी.एच.एम.एस. (आगरा)
सम्पर्क करें :
9058575790
8077383286
● चर्म रोग (सोराइसिस, दाद, एक्जीमा, मस्से इत्यादि)
● बच्चों का रात में बिस्तर गीला कर देना
● बालों का झड़ना, गंजापन, बालों की सफेदी
● महिलाओं की माहवारी सम्बन्धित समस्याएं ल्यूकोरिया आदि
● बवासीर, फिशर
● मानसिक रोग (डिप्रेशन)
● चेहरे के कील, मुहांसे
● मिर्गी
● माइग्रेन (आधे सिर का दर्द)
● ब्लड प्रेशर, शुगर
● सियाटिका का दर्द
● मानसिक दुर्बलता
● मोटापा
● पेट संबंधी रोग, जिगर के रोग
● साइनस
● टॉंसिल का बढ़ जाना
● थायराइड
● जोड़ों का दर्द
● गुप्त रोग
पता :
116 बी-1, मॉडल टाउन, स्टेडियम रोड, (निकट संजय नगर पेट्रोल पम्प) बरेली
समय :
सोमवार से शनिवार
प्रातः 11 बजे से 4 बजे तक, शाम 6 बजे से रात 9 बजे तक
रविवार
12 बजे से 2 बजे तक

जे.पी. क्लीनिक
डा. जितेन्द्र पाल सिंह
B.A.M.S., (Kanpur)
Ex. H.O. जिला अस्पताल
फेमिली फिजीशियन
● दाँद, खाँज, खुजली, मुँहासे का इलाज
● बच्चों के जिगर, सूखा रोग एवं काली खाँसी का इलाज
● जोड़ों, घुटनों व गठियाँ के दर्द का इलाज।
● गुर्दो की पथरी (Kidney Stone) व गदूद (Prostate) का इलाज
बच्चों के सूखा रोग का तेल मुफ्त दिया जाता है।
हमारे यहाँ भफारा (Nebuliser) मुफ्त दिया जाता है
पता : बाजार सन्दल खान, निकट दूल्हा मियाँ की मजार, किला सिटी स्टेशन रोड, बरेली मो. 8791532206
सुबह 11 से 3 बजे तक
सायं 7.30 से 9.30 बजे तक
रविवार अवकाश

दाँतों में तकलीफ अब कोई चिन्ता नहीं!

ग्लोबल डेन्टल हॉस्पिटल एण्ड इम्पलान्ट सेन्टर
Associated with Asia's No.1 Dental Lab

डॉ० एम.बी. गौतम
(डायरेक्टर)
बी.डी.एस., डी.डी.टी., एस.एम.एफ. (LKO)
Consultant & Cosmetic Dental Surgeon
PGD in Laser Surgery, Implantologist, (Korea)
(वरिष्ठ मुख एवं दन्त रोग विशेषज्ञ)
सम्पर्क करें:- 9997317000, 9412738720
प्रभा टाकीज, के ठीक सामने, 151 रामपुर गार्डन, फर्स्ट फ्लोर, बरेली
डॉ० अतुल कुमार
बी.डी.एस., एम.डी.एस. आर्थोडॉन्टिक्स
Specialist : INVISIBLE & ALIGNERS LINGUAL BRACES
डॉ० संजय मजूमदार
बी.डी.एस., एफ.आई.सी.ओ.आई.
(इम्पलान्टोलॉजिस्ट यू.एस.ए.)
एम.डी.एस. (औरल एण्ड मैक्सिलोफेशियल सर्जरी)
पी.जी.डी. लेजर सर्जरी (यूनिवर्सिटी कौलीफोर्निया)
मेक्सिलोफेशियल सर्जन एण्ड इम्पलान्टोलॉजिस्ट
मुख एवं टूटे हुए जबड़े (फ्रैक्चर) दाँत व चेहरे व अक्कल दाढ़ की सर्जरी के विशेषज्ञ
Our Aim to important a healthy & Beautiful Smile to our Patient

उपलब्ध सुविधायें :
◆शादी से पहले स्माईल डिजाइन अवश्य करायें। ◆दाँतों की सफाई विदेशी तकनीक द्वारा (Ultrasonic scaler ) ◆हिलते हुए दाँतों को जाम करना। ◆दाँतों की नसों का इलाज (Root Canal Treatment, Single Siting RCT) ◆मसूड़ों से खून आना/बदबू आना व पायरिया का इलाज। ◆दाँतों में ठण्डा व गर्म पानी लगने का इलाज। ◆सड़े-गले दाँतों को बिना तकलीफ के निकालना। (Painless) ◆दाँतों के रंग का मासाला भरना। (Laser Filing) ◆टेड़े-मेढ़े, बाहर निकले हुए दाँतों का इलाज। (Fix Braces/Aligner) ◆डेन्टल इम्प्लांट द्वारा दाँत लगाना। (Zirconia Crown/Bridges) ◆मुलायम जबड़े की बत्तीसी (Flexible/RPD) ◆गुटखे की वजह से मुँह कम खुलने का इलाज। ◆एक्सीडेन्टल टूटे-जबड़े व अक्कल दाढ़ की सर्जरी की सुविधा। ◆एडवान्स एक्स-रे यनिट
Morning Time:- 10:00 AM to 4:00 PM
Evening Time:- 5:00 PM to 8:00 PM
Emergency 24 Hour
5 साल से 11 साल के बच्चों की दाँतों की विशेष देखभाल एवं 60 वर्ष के वरिष्ठ नागरिक शिक्षक/शस्त्रसेना/पुलिस/ग्राम प्रधान/नगर पंचायत/चेयरमैन/स्वास्थ्य विभाग/प्रेस रिपोर्टर/स्वतंत्रता सेनानी

MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 7464943582

डॉ. नितिन अग्रवाल
एम.डी. (गोल्ड मेडिलिस्ट), डी.एम. (कार्डियोलॉजी)
हृदय रोग विशेषज्ञ मो. 9457833777
ECG+ECHO+TMT+HOLTER
हृदय रोग के लक्षण:- ◆ घबराहट ◆ छाती में दर्द या भारीपन ◆ सांस फूलना ◆ पैरों में सूजन ◆ हाई ब्लडप्रेशर ◆ हाई कोलेस्ट्रोल ◆ डाइबिटीज (शुगर) ◆ सीने या पेट में जलन या दर्द ◆ हार्ट अटैक ◆ हार्ट फेल
APPLE CARDIAC CARE DR. NITIN AGARWAL'S HEART CLINIC
ए-3, एकता नगर, केयर अस्पताल के सामने, स्टेडियम रोड, बरेली। सम्पर्क करें:- 9458888448

डॉ. गयास अहमद
MBBS, DCH, DNB (Paediatric) NEW DELHI
नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
भू.पू. चिकित्सक सर गंगाराम अस्पताल, नई दिल्ली
NEW BORN AND CHILD CARE CLINIC
1. मुंशी नगर गेट, डेलापीर मण्डी, पीलीभीत रोड, बरेली
समय - प्रातः 9 बजे से 12 बजे तक, शाम 4 बजे से 8 बजे तक
सुविधायें :- ◆ वेन्टीलेटर/BIPAP/CPAP युक्त NICU/PICU की सुविधा, ◆ प्रीमेच्योर बच्चों के लिए सफेक्टेन्ट एवं विशेष देखभाल की सुविधा, ◆ नवजात निमोनिया व जन्मजात दौरे पड़ने का इलाज, ◆ पीलिया का इलाज, ◆ दिमागी बुखार, ◆ मलेरिया, डेंगू, टायफाइड का इलाज
HELP LINE - 7017920279, 8920198518

डा० आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
Trust your eyes with us
भूतपूर्व सीनियर कंसल्टेंट- शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल, बरेली
TIME: 10:00 AM TO 5:00PM
8077344353
ADITYA
50000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
अब इस पते पर उपलब्ध हैं :- आँखों का अस्पताल
आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, शहीद भगत सिंह के बराबर, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन - 8979252222, 9457663289

डॉ. रजनीकांत साहू
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant-MAX Hospital, Delhi
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
मो. 7417389433
सुविधायें:- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन, ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हैमरेज का ऑपरेशन, गर्दन व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क, स्पाइनल ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, सिर दर्द व मिर्गी के दौरे का इलाज।
बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर
पता:- सी 427 डिवाइन हॉस्पिटल के सामने, के.के. हॉस्पिटल रोड, राजेन्द्रनगर, बरेली
मिलने का समय प्रातः 10 से 12, सायं 6 से 8
7017678157

डा. सतेन्द्र शर्मा
M.D. (Ayu.)
बवासीर, भगन्दर रोग विशेषज्ञ
क्या आपकी हर सुबह परेशानी लेकर आती है
जैसे : शौच के समय जलन, दर्द एवं खून, मल द्वार के पास से मवाद व कपड़े खराब होते रहना।
क्षार सूत्र विधि द्वारा इन सभी बीमारियों से सम्पूर्ण निदान पायें।
श्रद्धा केयर अस्पताल
मिनी बाईपास, प्रेम नर्सरी के सामने, कर्मचारी नगर, नैनीताल रोड बरेली सम्पर्क सूत्र : 9758284825, 8077550393

डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSL) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
आयुष्मान योजना अन्तर्गत स्वास्थ्य लाभ मुफ्त
MIZAN E.N.T. & URO Care Centre
निकट आयरिश लॉन पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
सुबह 10.30 से 11.30 तक शाम 7 से 8 बजे तक
8394838281, 9897838286
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर
स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
समय दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348

आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए फ्री मोतियाबिन्द व नाखूना के ऑपरेशन
TPA कैशलेस की सुविधा,
ECHS द्वारा मोतियाबिन्द की सुविधा
नेत्र सर्जन
डॉ. आफताब आलम
एम.बी.बी.एस., डी.ओ.एम.एस. (ए.एम.यू.)
रोहिलखंड रत्न व अचीवर अवार्ड से सम्मानित
मोतियाबिन्द के ऑपरेशन की शुरूआत मात्र 2000/- रु. से
मिलने का समय-प्रातः 10 से 3 बजे तक, शाम : 6 से 8 बजे तक
डॉ. आफताब आई केयर मो. 9758934778
ऑर्थोडेन्ट क्लीनिक, निकट आकाश पुरम गेट, जगतपुर रोड, बरेली

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## सार-संक्षेप

### कोचिंग संस्थान ने शुरू की दूसरी टेस्ट सीरीज



**बरेली, अमृत विचार** : मिशन कोचिंग इंस्टिट्यूट की ओर से इग्नाइट 2 और अल्फा 2 टेस्ट सीरीज की शुरुआत की जा रही है। संस्थान संचालक ने बताया कि इससे पहले संस्थान ने सनराइज, इग्नाइट 1 और अल्फा 1 टेस्ट सीरीज शुरू की थी। इसकी सफलता के बाद यह सीरीज शुरू की जा रही है। संस्थान की ओर से बॉयो बूस्टर 360 टेस्ट सीरीज के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता है। इस सीरीज को ज्वाइन करने के बाद छात्र नीट में 650 से अधिक अंक अर्जित कर सकते हैं। टेस्ट में टॉप 10 रैंक आने वाले छात्रों को संस्थान की ओर से सम्मानित किया जाएगा।

### पावर एंजिल सशक्तीकरण कार्यशाला संपन्न



**बरेली, अमृत विचार** : ब्लाक आलमपुर जाफराबाद में आयोजित जेंडर इक्विटी पावर एंजिल सशक्तीकरण कार्यशाला शनिवार को संपन्न हो गई। ट्रेनर नीता जोशी और सारिका सक्सेना ने आओ सीखें कुछ नया, हर बच्चे को रहे याद आदि विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी दी। कार्यशाला में 50 उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शामिल हुए। ट्रेनरों ने बताया कि मीना मंच के तहत कक्षा छह, सात और आठ की पावर एंजिल को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। ज्योति मलिक, रितु राठौर, अल्पा गुप्ता, सीमा गंगवार, डोली देवनाथ, वंदना, फरीजा तकवी, अंशु सैनी, सरिता सागर, किरण पांडे आदि ने प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### हॉकी टीम के लिए आठ खिलाड़ी चयनित

**बरेली, अमृत विचार** : प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालिका हॉकी प्रतियोगिता के लिए स्पोर्ट्स स्टेडियम में जिला स्तरीय ट्रायल हुआ। इसमें 10 से अधिक खिलाड़ी पहुंचीं, जिनमें से आठ को निर्धारित दस्तावेजों की जांच, ट्रायल के आधार पर चयनित किया गया। जिला स्तरीय हॉकी टीम के लिए चयनितों में लवन्या यादव, अनामिका, शिल्पी, अंजली शर्मा, अंशिका गोले, यशस्वी, वंशिका, गौरी शामिल हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी जितेंद्र यादव ने बताया कि चयनित खिलाड़ियों का मंडल स्तरीय ट्रायल सोमवार को स्पोर्ट्स स्टेडियम में होगा।

### डिफेंस काउंसिल पदों पर साक्षात्कार 12 से

**बरेली, अमृत विचार** : वादकारियों को निशुल्क विधिक सलाह के लिए चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस काउंसिल के पदों पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में 12 मार्च से साक्षात्कार होंगे। चीफ पद के लिए 12 मार्च, डिप्टी चीफ पद के लिए 12 व 13 मार्च और असिस्टेंट पद के लिए 13, 14 और 15 मार्च को साक्षात्कार लिए जाएंगे। दस्तावेज सत्यापन के लिए एक बजे, साक्षात्कार के लिए शाम 4 :30 बजे आवेदकों को उपस्थित होना होगा। प्राधिकरण सचिव सत्य प्रकाश आर्य के अनुसार सभी अभ्यर्थी अपने मूल प्रपत्रों व पहचान पत्रों के साथ उपस्थित हों।

# परास्नातक की वार्षिक परीक्षा 10 अप्रैल से

## रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम किया जारी, 19 से स्नातक की

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** रुहेलखंड विश्वविद्यालय ने स्नातक और व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के बाद परास्नातक की वार्षिक परीक्षा का भी कार्यक्रम जारी कर दिया है। परीक्षा 10 अप्रैल से शुरू होगी। अभी पांच मार्च तक 500 रुपये विलंब शुल्क के साथ परीक्षा फार्म भरे जा रहे हैं। परास्नातक परीक्षा में करीब 62 हजार व्यक्तिगत छात्र शामिल होंगे। विश्वविद्यालय जल्द ही बीएड समेत अन्य बचे हुए पाठ्यक्रमों की वार्षिक परीक्षा का कार्यक्रम जारी करेगा।

परीक्षा नियंत्रक संजीव कुमार के मुताबिक 10 अप्रैल से एमए, एमएससी और एमकॉम प्रथम और द्वितीय वर्ष की परीक्षा शुरू होगी। परीक्षा सुबह 7 से 10 बजे की पाली में होगी और 27 अप्रैल को समाप्त होगी। विश्वविद्यालय की स्नातक परीक्षा 19 मार्च से शुरू होगी और 24 मई तक चलेगी। इसके अलावा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों की परीक्षा 1 से 18 अप्रैल तक होगी।



नर्सिंग की परीक्षा देता अकेला छात्र।

### सिर्फ एक छात्र ने दी नर्सिंग की परीक्षा

बरेली कॉलेज में शनिवार को बीएससी नर्सिंग की परीक्षा में एक छात्र शामिल हुआ। बैक पेपर होने की वजह से एक छात्र के लिए केंद्र बनाया गया था। छात्र की परीक्षा के लिए कॉलेज की ओर से कक्ष निरीक्षक समेत नौ लोगों का स्टाफ लगाया गया।

### यूपी बोर्ड: चार केंद्रों पर होगा मूल्यांकन

**बरेली, अमृत विचार** : यूपी बोर्ड की परीक्षाएं नौ मार्च को समाप्त हो जाएंगी। इसके बाद 20 मार्च से चार केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में मूल्यांकन किया जाएगा। अप्रैल के पहले सप्ताह में परीक्षाफल घोषित किया जा सकता है। अधिकारियों के मुताबिक मूल्यांकन केंद्रों के निर्धारण के लिए चार संभावित केंद्रों का ब्योरा माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजा गया है। संभावित मूल्यांकन केंद्रों इस्लामिया इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और एसवी इंटर कॉलेज में मूल्यांकन की सभी जरूरी तैयारी कराने के निर्देश प्रधानाचार्यों को दे दिए गए हैं। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन के लिए अलग- अलग केंद्र बनाए जाएंगे। जिले में हाईस्कूल के 52668 और इंटरमीडिएट में 44526 छात्र पंजीकृत हैं। डीआईओएस देवकी सिंह ने बताया कि चार मूल्यांकन केंद्रों का प्रस्ताव भेजा गया है। मूल्यांकन की तैयारी शुरू कर दी गई है। शासन स्तर पर जल्द से जल्द परीक्षाफल घोषित करने की योजना बनाई गई है। माध्यमिक शिक्षा परिषद के क्षेत्रीय कार्यालय के सचिव डॉ. नीरज कुमार पांडेय ने बताया कि मूल्यांकन के लिए बरेली परिक्षेत्र के जिलों की उत्तर पुस्तिकाएं अन्य परिक्षेत्रों में भेजी जाएंगी।

### अंग्रेजी के विस्तृत प्रश्नों में उलझे छात्र

यूपी बोर्ड की ओर से शनिवार को इंटर की संगीत - गायन, वादन और अंग्रेजी विषय की परीक्षा कराई गई। पंजीकृत 23,323 में से 21,805 विद्यार्थियों ने अंग्रेजी की परीक्षा दी। छात्रों ने बताया कि कई विस्तृत प्रश्नों को हल करने में ज्यादा समय लगा। ओवरआल अंग्रेजी का पेपर ठीक रहा।

### सीबीएसई : विज्ञान की परीक्षा में 99.2 फीसदी उपस्थित रहे छात्र

**बरेली, अमृत विचार** : सीबीएसई की 10 वीं और 12 वीं के छात्रों ने शनिवार को विज्ञान की परीक्षा दी। 22 केंद्रों पर आयोजित परीक्षा में 99 .2 फीसदी छात्र उपस्थित रहे। पंजीकृत 8381 में से 8315 छात्र उपस्थित रहे। जबकि 66 अनुपस्थित रहे। सीबीएसई के सिटी समन्वयक वीके मिश्रा ने बताया कि सभी केंद्रों पर परीक्षा सकुशल संपन्न हुई।

## कक्षा तीन से आठ की आठ लाख किताबें पहुंचीं

**बरेली, अमृत विचार :** इस बार परिषदीय स्कूल के बच्चों को किताबों के लिए इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नए शैक्षिक सत्र में बच्चों के दाखिले के साथ उन्हें किताबें मुहैया करा दी जाएंगी। आठ लाख किताबें जिला मुख्यालय पहुंच गई हैं।

आगामी शैक्षिक सत्र में कक्षा तीन से आठ तक के बच्चों के लिए 25 लाख किताबें आनी हैं। पंजीकृत बच्चों की संख्या के अनुसार जरूरत पड़ने पर और किताबें मंगवाई जाएंगी। इस महीने के अंत तक निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप शत प्रतिशत किताबें पहुंचने की उम्मीद है। बीएसए संजय सिंह ने बताया कि किताबों को जल्द सभी ब्लाकों में भिजवा दिया जाएगा।

**कक्षा एक से दो तक बच्चों को मिलेंगी एनसीईआरटी किताबें**

इस बार नई शिक्षा नीति के अनुरूप बेसिक स्कूलों में कक्षा एक व दो के बच्चों को एनसीईआरटी की पुस्तकें वितरित की जाएंगी। अधिकारियों का कहना है कि एनसीईआरटी की पुस्तकों के क्रय आदेश के संबंध में अभी तक कोई दिशा निर्देश नहीं मिले हैं।

## डिजिटल शिक्षा का पाठ पढ़ाएंगे शिक्षक



**बरेली, अमृत विचार** : परिषदीय स्कूल के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण और आधुनिक तकनीकी के माध्यम से डिजिटल शिक्षा मुहैया कराई जाएगी। इसके लिए जिले भर के सभी ब्लाकों के विभिन्न स्कूलों से चयनित 300 शिक्षकों को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान की ओर से आईसीटी प्रशिक्षण मुहैया कराया गया है। प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षक अपने-अपने ब्लाकों के सभी स्कूलों के चयनित शिक्षकों को प्रशिक्षण देने में जुट गए हैं।

नोडल प्रशिक्षक डा. फहमीना ने बताया कि प्रशिक्षण प्राप्त शिक्षकों के माध्यम से परिषदीय स्कूल के बच्चों को भी विभिन्न प्रकार के बेसिक सॉफ्टवेयर के जरिए डिजिटल शिक्षा से रूबरू कराया जाएगा। प्रशिक्षण में शिक्षकों को एमएस वर्ड, एक्सल, पीक्सलैब, गुगल सीट, डॉकयूमेंट, पॉवर प्वाइंट, और काइन मास्टर आदि उपयोगी सॉफ्टवेयर के बारे में बताया गया है। शिक्षकों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, वर्चुअल रियलिटी, एनीमेशन, पिक्चर, वीडियो एडिटिंग व अन्य टूल्स के संबंध में जानकारी दी गई है। ब्लॉकों में शिक्षकों को प्रशिक्षित कर रहीं शिक्षिका सारिका सक्सेना ने बताया कि स्कूलों में स्मार्ट बोर्ड हैं। ऐसे में बच्चों को भी आसानी से इन सॉफ्टवेयर के बारे में बताया जा सकता है। डायट प्राचार्य कल्पना सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाना है, ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके। संदर्भदाता अनुज शर्मा, अमित सक्सेना, अपर्ण कुमार, सौरभ शुक्ला, अणिमा ने शिक्षकों को प्रशिक्षित किया है।

### शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता को लखनऊ मुख्यालय से किया अटैच

**बरेली, अमृत विचार** : पावर कारपोरेशन के चेयरमैन डॉ. आशीष गोयल ने शाहजहांपुर के अधीक्षण अभियंता को मुख्यालय से संबद्ध किया है। जनवरी में चेयरमैन के बरेली दौरे में हुई बैठक में एसई नहीं पहुंचे थे। इस पर उन्होंने नाराजगी जाहिर की थी। वहीं शाहजहांपुर में तमाम कमियां भी समीक्षा बैठक में मिली थीं। बदायूं के एक्सईएन प्रथम के कार्यों से भी चेयरमैन असंतुष्ट थे। शनिवार को अधीक्षण अभियंता शाहजहांपुर जेपी वर्मा को मध्यांचल विद्युत वितरण निगम के मुख्यालय लखनऊ से संबद्ध कर दिया गया। जबकि अधिशासी अभियंता रंजीत सिंह को देवीपाटन स्थानांतरित किया गया है। अधिशासी अभियंता बदायूं हरीश कुमार को बरेली जोन से संबद्ध किया गया है।

# जनता से सुझाव लेकर घोषणा संकल्प पत्र जारी करेगी भाजपा

- पार्टी कार्यालय पर प्रेसवार्ता में बोले जनप्रतिनिधि, एलईडी रथ लेकर पहुंचेंगे कार्यकर्ता
- लोकसभा चुनाव को लेकर 27 श्रेणियों के प्रमुख लोगों से संपर्क करने की तैयारी

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव को लेकर केंद्र सरकार की योजनाओं के साथ भाजपा के कार्यकर्ता लोगों से जनसंपर्क करेंगे। एलईडी रथ लेकर छोटी सभाएं आयोजित करने का प्लान बना है, इसमें उपलब्धियां बताई जाएंगी। इस बार जनता के सुझाव लेकर घोषणा संकल्प पत्र जारी किया जाएगा।

शनिवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित प्रेसवार्ता में बृज क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य ने भाजपा के घोषणा संकल्प पत्र विकसित भारत मोदी की गारंटी के राष्ट्रव्यापी अभियान के कार्यक्रम की जानकारी दी। कहा कि मोदी सरकार ने गरीब कल्याण का सपना पूरा किया है। जनता की क्या समस्याएं हैं, वह क्या सोचती है, इसको जानने के लिए पार्टी कार्यकर्ता उनके बीच जाएंगे। उनके सुझाव लिए जाएंगे।

क्षेत्रीय अध्यक्ष ने कहा कि पहली बार सुझाव लिया जा रहा है, जो सुझाव शामिल करने योग्य हैं, उन्हें घोषणा संकल्प पत्र में शामिल किया जाएगा। इसके लिए पार्टी जनसंपर्क अभियान चलाएगी, इसमें किसान, युवा, महिला, व्यापारी, डॉक्टर, उद्यमी, महिलाओं समेत 27 श्रेणी के लोगों की सहभागिता होगी।

सांसद संतोष गंगवार ने कहा कि जनता से आने वाले सुझावों पर विचार कर उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। पार्टी निर्णय लेगी। सांसद ने प्रधानमंत्री शहरी, ग्रामीण, किसान सम्मान निधि, उज्ज्वला योजना, अटल पेंशन, जन धन आदि योजनाओं से जिले में लाभान्वित हुए लोगों का आंकड़ा प्रस्तुत किया। कुतुबखाना पुल के निर्माण, इज्जतनगर रेलवे स्टेशन के कायाकल्प के बारे में बताया।



भाजपा कार्यालय में प्रेसवार्ता में जानकारी देते बृज क्षेत्र अध्यक्ष दुर्विजय सिंह शाक्य, सांसद संतोष गंगवार, धर्मेंद्र कश्यप। ● अमृत विचार

### हमारे एजेंडे में युवा, गरीब और महिलाएं

आंवला सांसद धर्मेंद्र कश्यप ने कहा कि 1980 के बाद उनके क्षेत्र में एक भी फैक्ट्री नहीं लगी। उनकी सरकार में दातागंज में एचसीपीएल प्लांट लगा है, इससे लोगों को रोजगार मिल रहा है। बोले कि दूसरे दलों के लोग जाति, धर्म और व्यक्ति की राजनीति करते हैं, लेकिन भाजपा सेवा, सम्मान, गरीब कल्याण की राजनीति करती है। हमारे एजेंडे में युवा, गरीब और महिलाएं हैं। जिला प्रभारी चौधरी देवेंद्र सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल, विधायक डॉ. एमपी आर्य, डॉ. डीसी वर्मा, प्रो. श्याम बिहारी लाल, डॉ. राघवेंद्र शर्मा, जिलाध्यक्ष पवन शर्मा, आंवला अध्यक्ष आदेश प्रताप सिंह, महानगर अध्यक्ष अधीर सक्सेना, पूर्व विधायक बहोरन लाल मौर्य, अनिल कुमार, लोकसभा सहसंयोजक डॉ. केएम अरोड़ा, तेजेश्वरी सिंह, बंटी ठाकुर, पीयूष वर्मा, राहुल गुप्ता, विष्णु अग्रवाल, अंकित शुक्ला ,राहुल साहू मौजूद रहे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

### बच्चों को दी विदाई

**बरेली, अमृत विचार** : कालीबाड़ी स्थित श्री विष्णु बाल सदन जूनियर हाईस्कूल में कक्षा आठ के बच्चों का विदाई समारोह आयोजित किया गया। इसमें कक्षा सात के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कक्षा आठ के सभी विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न दिया गया। प्रधानाचार्य मंजू खत्री और स्टाफ मौजूद रहा।

# आंवला लोकसभा से हैट्रिक लगाने को मैदान में उतरेंगे धर्मेंद्र कश्यप

- 2014 और 2019 में भाजपा के टिकट पर चुनाव जीतकर संसद पहुंचे
- भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सांसद धर्मेंद्र को टिकट देकर फिर भरोसा जताया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

**अमृत विचार:** करीब 21 साल पहले विधायक बनकर सक्रिय राजनीति में कदम रखने वाले धर्मेंद्र कश्यप का कारवां तेजी से आगे बढ़ रहा है। आंवला लोकसभा क्षेत्र में मजबूत पैठ बना चुके सांसद धर्मेंद्र कश्यप इस बार जीत की हैट्रिक लगाने के लिए लोकसभा चुनाव में उतरेंगे। भाजपा के राष्ट्रीय नेतृत्व ने सांसद उनपर तीसरी बार भरोसा जताया है और पहली सूची में ही उनके टिकट की घोषणा की है। शनिवार देर शाम टिकट की घोषणा होने पर उनके आवास पर समर्थकों का हुजूम उमड़ पड़ा।

आंवला संसदीय क्षेत्र से धर्मेंद्र कश्यप दो बार चुनाव जीत चुके हैं। वर्ष 2014 के चुनाव में उन्हें 409907 वोट मिले थे। उन्होंने सपा के कुंवर सर्वराज सिंह को 138429 वोटों से हराया था। 2019 के चुनाव में उन्होंने 537675 वोट पाकर जीत हासिल की। तब यहां से बसपा की रुचि वीरा 423932 वोट पाकर दूसरे स्थान पर रहीं और कांग्रेस के कुंवर सर्वराज सिंह 62548 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे थे। अब लगातार तीसरी बार भारतीय जनता पार्टी ने धर्मेंद्र कश्यप पर भरोसा जताया है।

सांसद के मीडिया प्रभारी राहुल कश्यप के अनुसार सांसद ने तीसरी बार आंवला से टिकट देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का आभार व्यक्त किया है।

धर्मेंद्र कश्यप वर्ष 2002 में बसपा के टिकट से पहली बार विधायक बने थे। इसके बाद वह सपा में शामिल हो गए थे। वर्ष 2007 में फिर विधायक बने। इसके बाद सपा सरकार में मंत्री भी रहे। वर्ष 2009 में लोकसभा चुनाव लड़ा, मगर, भाजपा की मेनका गांधी से चुनाव हार गए थे। इसके बाद वर्ष 2013 में धर्मेंद्र भाजपा में शामिल हो गए।

### पहली सूची में बरेली का टिकट तय नहीं

बरेली लोकसभा से संतोष गंगवार नौवीं बार लोकसभा पहुंचकर रिकार्ड बनाने की तैयारी में जुटे हैं। वह क्षेत्र में बैठकें भी कर रहे हैं। संतोष गंगवार का ट्रैक रिकार्ड भी शानदार है, लेकिन पहली सूची में बरेली का टिकट फाइनल नहीं होने से नेताओं के बीच तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बरेली लोकसभा के टिकट पर सबकी निगाहें लगी हैं।

### बदायूं में शिवपाल के आने पर मजबूत प्रत्याशी उतारने की तैयारी में भाजपा

बदायूं लोकसभा सीट से सपा ने शिवपाल सिंह यादव को मैदान में उतारा है। इसलिए भाजपा ने पहली सूची में बदायूं के टिकट की घोषणा नहीं की है। चर्चा हो रही है कि भाजपा हाईकमान सीट जीतने के लिए मजबूत चेहरे को ही प्रत्याशी बनाने की तैयारी में है। कई समीकरण तलाशे जा रहे हैं, दो बड़े नामों पर चर्चा भी चल रही है, इसलिए टिकट का इंतजार बढ़ गया है।

### ये विधानसभा क्षेत्र हैं आंवला संसदीय क्षेत्र में

आंवला संसदीय क्षेत्र में जिले की बिथरी चैनपुर, फरीदपुर, आंवला और बदायूं जिले की दातागंज और शेखुपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं।

### विरोध के स्वर ने पीलीभीत में टिकट का इंतजार बढ़ा दिया

पीलीभीत से सांसद वरुण गांधी लगातार भाजपा और केंद्र सरकार की नीतियों के विरोध को लेकर मुखर रहे हैं। भाजपा नेताओं में पीलीभीत के टिकट पर संकट के बादल मंडराने की चर्चा है। यहां तक कह रहे हैं कि विरोध के स्वर ने पीलीभीत के टिकट का इंतजार बढ़ा दिया है।

### लोक अदालत को लेकर अधिकारियों को दिए निर्देश

**विधि संवाददाता, बरेली** : राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन नौ मार्च को होगा। इसको लेकर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष विनोद कुमार के निर्देशन में शनिवार को जनपद न्यायालय सभागार में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक हुई। नोडल अधिकारी अरविंद कुमार यादव और अपर जिला जज/ प्राधिकरण सचिव सत्य प्रकाश आर्य ने अधिकारियों से लोक अदालत में लगाए मुकदमे की जानकारी ली। नोटिस तामिला के लिए यातायात पुलिस को निर्देश जारी किए। वहीं, पांच से सात मार्च को तीन दिवसीय लघु आपराधिक वादों के निस्तारण के लिए भी विशेष लोक अदालत लगेगी। एडीएम सिटी सौरभ दुबे, एसपी ट्रैफिक शिवराज, नगर निगम से रामसेवक, मुर्तजा, बीडीए से सहायक अभियंता रजत सिंह, महेंद्रपाल आदि मौजूद रहे।

### धूमधाम से आज मनेगा 16 वां वसंतोत्सव

**बरेली, अमृत विचार** : अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा की ओर से 16 वां वसंतोत्सव रविवार को कुर्मांचनगर स्थित भोलेनाथ मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया जाएगा। शनिवार को भूमि पूजन किया गया। महासभा के महासचिव चंदन सिंह नेगी ने बताया कि कार्यक्रम में 22 महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा। राष्ट्रीय मंत्री राजेंद्र प्रसाद घिल्डियाल ने बताया कि प्रख्यात गायक इंदर आर्य सहित तमाम गायक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। भास्कर रावत, महेश चंद्र खर्कवाल, अभिषेक अशगोला,नरेंद्र सिंह अधिकारी, देवेंद्र सिंह , गोपाल सिंह मेहरा, सुधा रावत, नंदनी अधिकारी, भावना राणा, सोमा परिहार, अभिनित नेगी, प्रमोद सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज --------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज --------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने , पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# फाइनल नहीं हुई ड्राइंग, बरेली जंक्शन का पुनर्विकास अटका

## तीन सौ करोड़ से होना है स्टेशन का विस्तार, तैयार हो चुका खाका

कार्यालय संवाददाता, बरेली

● दो नए प्लेटफार्म और तीसरी लाइन का होना है निर्माण

**अमृत विचार :** लंबे समय से बरेली जंक्शन के विस्तार का खाका प्रस्तावित है। करीब तीन सौ करोड़ रुपये के काम होने हैं, मगर अभी तक ड्राइंग को स्वीकृति नहीं मिल पाई है। इस वजह से काम अटक गए हैं।

जंक्शन के पुनर्विकास का जिम्मा रेलवे की गतिशक्ति यूनिट को दिया गया है। विस्तार का खाका तैयार कर ड्राइंग स्वीकृति को मुख्यालय भेजी जा चुकी है। ड्राइंग में कई तब्दीलियां की गई हैं। पूरी तरह ड्राइंग फाइनल नहीं होने के कारण टेंडरिंग की प्रक्रिया शुरू नहीं हो पाई है। पिछले दिनों इंजीनियरिंग विभाग ने जंक्शन पर कई स्थानों पर चिह्नीकरण किया था। नार्दन रेलवे के चीफ प्रोजेक्ट डायरेक्टर, स्टेशन डेवलपमेंट अंजनि कुमार भी जंक्शन का निरीक्षण कर ड्राइंग देख चुके हैं, पर अभी ड्राइंग पर अंतिम मुहर लगना बाकी है। गति शक्ति यूनिट की डिप्टी चीफ इंजीनियर सपना मीणा ने बताया कि जंक्शन पर प्रस्तावित विकास कार्यों की ड्राइंग को स्वीकृति मिलना बाकी है। मुख्यालय से स्वीकृति मिलने के बाद आगे की प्रक्रिया शुरू कर दी जाएगी।

### शिफ्टिंग पर मंथन

जंक्शन पर दो नए प्लेटफार्म विकसित करने के साथ नई तीसरी लाइन डालने का प्रस्ताव है। ऐसे में मौजूदा भवन तोड़कर पीछे सर्क्युलेटिंग एरिया की तरफ ले जाने की योजना है। जंक्शन के प्लेटफार्म एक पर बने कार्यालयों को शिफ्ट करना टेढ़ी खीर होगा। लिहाजा इन कार्यालयों को शिफ्ट करने पर मंथन किया जा रहा है।

## ई-रिक्शा चालक का शव मिला, हत्या की आशंका

**बरेली, अमृत विचार :** इज्जतनगर क्षेत्र के अहलादपुर चौकी के पास शनिवार को तीन दिन से लापता ई-रिक्शा चालक का शव बरामद हुआ। परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। हाफिजगंज के रिठौरा निवासी 45 वर्षीय हेतराम 28 फरवरी को ई-रिक्शा से मछली व्यापारियों को लेकर डोहरा लालपुर बाजार गए थे। शाम को वापस आते समय वह लापता हो गए। घर न पहुंचने पर परिजनों ने तलाश की लेकिन कुछ पता नहीं चला। शनिवार सुबह पुलिस से परिजनों को हेतराम के बारे में पता चला कि अहलादपुर चौकी के पास उनका शव पड़ा हुआ है, जबकि-ई रिक्शा बारादरी थाने में खड़ा है। परिजनों ने शव की शिनाख्त करने के बाद ई-रिक्शा को भी पहचान लिया। परिवार वालों ने हत्या का आरोप भी लगाया है।

## खेत में करंट लगने से किसान की मौत

**बरेली, अमृत विचार :** सीबीगंज के बोहित गांव में खेत में पानी लगाने गए किसान की करंट लगने से मौत हो गई। गांव बोहित निवासी इंद्रदेव (45) शनिवार सुबह चार बजे खेत में पानी लगाने गए थे। इस दौरान अचानक खेत के किनारे लगी सेफ्टी लाइन में करंट दौड़ गया और इंद्रदेव की मौत हो गई। आसपास के खेतों में काम कर रहे किसानों ने तुरंत परिजनों को सूचना दी। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों की सूचना। इंद्रदेव किसानी कर अपने घर का पालन-पोषण करते थे।

## नाली विवाद में महिला पर जानलेवा हमला

**बरेली, अमृत विचार :** कैंट क्षेत्र में नाली विवाद को लेकर एक युवक ने अपने भाइयों के साथ एक महिला पर हमला कर दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता ने शनिवार को एसएसपी कार्यालय में शिकायत की। जनसुनवाई कर रहे अधिकारी ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। उमरसिया निवासी प्रीति ने बताया कि 20 फरवरी की शाम सात बजे वह परचून की दुकान पर बैठी थीं। इस दौरान मोहल्ले का एक युवक आया और नाली विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगा। विरोध पर उसने अपने दो भाइयों को बुला लिया और मारपीट की। उनकी देवरानी बचाने आईं तो उन्हें भी पीटा। युवक ने उनके ऊपर पत्थर फेंककर मारे। एक पत्थर मुंह पर लगने से उनके चार दांत टूट गए। बेहोशी हालत में उन्हें थाने ले जाया गया और पुलिस ने अस्पताल भेज दिया लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

## रिश्वत मामले में लाइनमैन को जमानत नहीं

**विधि संवाददाता, बरेली :** बिजली चोरी के झूठे मुकदमे में फंसाने की बात कहकर पांच हजार रुपये रिश्वत लेने के आरोपी सुभाषनगर शांति बिहार कॉलोनी निवासी लाइनमैन नरेंद्र सिंह की जमानत अर्जी स्पेशल जज एंटी करप्शन कोर्ट सुरेश कुमार गुप्ता ने खारिज कर दी। सरकारी वकील मनोज वाजपेई ने बताया कि शिकायतकर्ता परमीत कुमार ने भ्रष्टाचार निवारण संगठन में तहरीर देकर बताया था कि उनका मकान बदायूं रोड स्थित साउथ सिटी में निर्मित हो रहा है। पड़ोसी रविन्दर सिंह की सहमति से उनके यहां से बिजली लाइन डालकर बेल्डिंग करा रहे थे। 24 जनवरी को जेई सूरजलाल गुप्ता अपने सहायक लाइनमैन रविन्द्र सिंह रावत के साथ आये, वीडियो बना ली और मुकदमा दर्ज कराने की बात कहकर कहा कि कार्रवाई से बचना चाहते हो तो मुझसे आकर मिलो। शिकायत पर ट्रैप टीम ने 26 जनवरी को जेई व लाइनमैन को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों दबोचा था। लाइनमैन ने बताया कि जेई सूरज लाल गुप्ता ने रुपये दिए, जिसे उसने रख लिया। जेई सूरजलाल गुप्ता की जमानत अर्जी भी खारिज हो चुकी है।

## तस्करों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित

**बरेली, अमृत विचार :** उत्तराखंड, राजस्थान और झारखंड तक स्मैक तस्करी करने वालों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने टीम गठित की है। आरोपियों के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई के बाद संपत्ति चिह्नित की जा रही है। फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी धनन्जय पांडे ने बताया कि फतेहगंज पश्चिमी निवासी रिफाकत, ताहिर उर्फ भूरा, मोहम्मद आसिफ, सीबीगंज के गांव सरनिया निवासी राजा के खिलाफ पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट की कार्रवाई की है। जिसमें स्मैक तस्कर राजा जेल में है और रिफकात, ताहिर और आसिफ फरार हैं। तीनों की गिरफ्तारी के लिए लगातार पुलिस की टीमें दबिश दे रही हैं। स्मैक तस्करी से चारों ने करोड़ों की संपति बनाई है। सभी के खिलाफ अलग-अलग थानों में दर्जनों मुकदमे दर्ज हैं। इन आरोपियों का गिरोह भी पंजीकृत किया जा चुका है। गैंग लीडर रिफाकत है। राजा, रिफाकत का रिश्तेदार है।

आखिर कब तक शर्माते रहोगे

हर उम्र में जबरदस्त ताकत व रुकावट प्राप्त करें
शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी
बवासीर, शुगर व निःसंतान रोगी मिलें

मैं नीरज कुमार, आंवला निवासी हूं मैंनें बचपन में अपने हाथों से अपना जीवन खराब कर लिया था काफी जगह ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ फिर मेरे दोस्त ने डा. शेख के बारे में बताया वहां मैंनें 40 दिन ईलाज कराया आज मैं पूरी तरह अपने वैवाहिक जीवन का आनंद उठा रहा हूं अगर आप भी नामर्दी, घात, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन जैसी बिमारियों से परेशान हैं तो डाक्टर शेख से मिलकर बिमारियों से छुटकारा पायें।

मैं अकील खान, शाहजहांपुर निवासी हूं मुझे शीघ्रपतन की बिमारी थी। काफी नीम हकीमों से ईलाज कराया परन्तु कोई फायदा नहीं हुआ मैं इस बिमारी के कारण अपनी घरवाली से भी आंख नहीं मिला पाता था। क्योंकि सेक्स के समय मेरा वीर्य एक या दो मिनट में ही निकल जाता था जिस कारण घरवाली संतुष्ट नहीं हो पाती थी। फिर मैंने डा.शेख से सम्पर्क किया आज मैं पूरी तरीके से ठीक हूं मेरा टाईम तकरीबन 15 से 20 मिनट बढ गया है।

मैं सतीस, उम्र 55 साल है मैं पीलीभीत निवासी हूं मुझे डायबिटीज है। डायबिटीज के कारण मेरा सेक्स पूरी तरह से खत्म हो गया था काफी ईलाज कराया कोई फायदा नहीं हुआ फिर मैं डा. शेख से मिला। डा.शेख ने शुगर के साथ मुझे मर्दाना कमजोरी की दवा भी दी। आज मेरी शुगर भी कंट्रोल है और मर्दाना ताकत भी पुनः वापस आ गई है। आज मैं फिर से जवान हो गया हूं।

मैं समीर, उम्र 35 साल है मैं रामपुर निवासी हूं मेरी शादी को 10 साल हो गये थे। मेरे वीर्य के अंदर शुक्राणुओं की संख्या बहुत कम थी जिसके कारण मैं पिता नहीं बन पा रहा था। बडे बडे अस्पताल वाले आईवीएफ (IVF) की सलाह दे रहे थे। फिर मैंनें डा.शेख से सम्पर्क किया। डा.शेख ने मुझे 3 महीने का ईलाज दिया जिससे मेरे शुक्राणु 60 प्रतिशत हो गये और 2 महीने के बाद मेरी पत्नी गर्भवती हो गई। मैं डा.शेख का धन्यवाद करता हूं और आप लोगों से अपील करता हूं कि यदि आपके वीर्य में भी शुक्राणुओं की संख्या कम है तो डा. शेख से सम्पर्क करें।

मैं पूनम कुमारी, उम्र 25 साल है मैं बरेली की निवासी हूं मुझे सफेद पानी की काफी दिनों से शिकायत थी। ल्यूकोरिया की वजह से मेरी कमर व पैरों में दर्द रहता था मेरा वजन कम हो रहा था। मेरे चेहरे से रंगत जा रही थी मैं काफी ईलाज करा कर थक चूकी थी। फिर मैंनें डा.शेख द्वारा निर्मित एल-7 कैप्सूल का उपयोग किया और साथ ही वी-16 पाउडर से गुप्तांग की सफाई की। जिससे मेरा सफेद पानी आना पूरी तरह से बंद हो गया और वेजाईना टाईट हो गया।

क्या आप यौन समस्याओं से परेशान हैं और इधर उधर ईलाज कराकर थक चूके हैं और इन बिमारियों को लाईलाज समझ चूके हैं जैसे नामर्दी, धात, शीघ्रपतन, शुक्राणुओं की कमी, माहवारी का कम या ज्यादा आना, स्तनों का बैडोल होना, जोडों का दर्द, शुगर, पेट रोग, किडनी रोग, हृदय रोग, निःसंतान दम्पति डा. शेख से सम्पर्क करें। डा. शेख के नाम से हिन्दुस्तान में 50 दवाखाने चल रहे हैं डा.शेख अपने मरीजों के लिये दवायें खुद तैयार करते हैं दवायें सहार हर्बल फार्मेसी में तैयार की जाती है। दवायें देश विदेश में लाखों मरीजों पर आजमाई हुई हैं। डा.शेख को अच्छे ईलाज के लिए अनेकों अवार्ड मिल चूके है जैसे Gold Medelist, Best Sexologist in India, Pride of Country, Kohinoor A Tibb, Chikitasak Ratan, Asia's Best Sexual Health Clinic

Highest 5 Star Rating in Google
भारत प्रसिद्ध YouTube पर Search करें गोल्ड मेडेलिस्ट
डा. शेख
Best Sexologist in india
मिलें हर मंगलवार
मालियों की पुलिया बरेली
9837023223

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
• शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
• धात रोग (Spermatorrhoea)
• स्वप्न दोष (Night Fall)
• वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
• निल शुक्राणु (Azoospermia)
• शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
• बांझपन (Sterility)
• सफेद पानी (Leucorrhoea)
• पेट में दर्द (Pelvic Pain)
• बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)


धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफेक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No. 8439818102 7451039913
स्टॉकिस्ट आरोग्य सदन बरेली 9837007202

रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल- बरेली
FREE ओ. पी. डी. परामर्श
बच्चों में सभी हड्डी व रीढ की समस्याओं के निःशुल्क परामर्श के लिए मिलें
मुंबई के वरिष्ठ बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ द्वारा निःशुल्क परामर्श
दिनांक :- 14 - 15 मार्च 2024
समय :- सुबह 9 से 4 बजे तक
स्थान :- रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, हड्डी रोग विभाग कमरा नंबर - 1084

डॉ. तुषार अग्रवाल
बाल हड्डी रोग विशेषज्ञ, मुंबई
रजिस्ट्रेशन के लिए कॉल करें - 9081800900, 8006460900
Address: Department of Orthopedic (Room No-1084) Rohilkhand Medical College & Hospital Pilibhit Bypass Road, Bareilly

Rohilkhand INFERTILITY & IVF CENTRE
Creating life.... completing families.

अपनी नन्हीं खुशियों को आज ही अपने घर लाये हमारे साथ!
RISAA IVF
दिल्ली का जाना माना IVF सेन्टर अब बरेली शहर में
परामर्श शुल्क ₹200/- ₹100/-
प्रत्येक सोमवार प्रातः 09:00 से 03 बजे तक
हेल्पलाइन नं० 6398018900
उपलब्ध सुविधायें :-
● निःसन्तानता सम्बन्धित सम्पुर्ण इलाज व जाँचें, ● टेस्ट ट्यूब बेबी (IVF) रियायती दरो पर,
● इन्फर्टीलिटी अल्ट्रासाउंड, ● ICSI, I.U.I., लेप्रोस्कॉपी हिस्ट्रोस्कोपी (दुरबीन द्वारा बच्चेदानी व अंडेदानी की जाँच)
● उच्चतम सफलता दर, ● विश्वस्तीय आधुनिकतम IVF लैब
स्थान :
IVF सैन्टर Ist Floor न्यू बिल्डिंग कमरा नं. 106
रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
सुरेश शर्मा नगर चौराह, डेंटल कॉलेज रोड, बरेली फोन नं. 0581-2526012,11

# आयुर्वेद: आयु का विज्ञान

आनंदपूर्ण जीवन मनुष्य की स्वाभाविक इच्छा है। इसके लिए शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य जरूरी है। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु सबकी अभिलाषा है। वैदिक ऋषि सौ वर्ष के स्वस्थ जीवन के लिए स्तुतियां करते थे। प्राचीन काल का जीवन प्रकृति रस से भरपूर था। लेकिन आधुनिक जीवन शैली के कारण रोग बढ़ रहे हैं। रोग रहित जीवन और स्वस्थ जीवन में अंतर है। रोगी शरीर में अंतर्संगीत नहीं होता। स्वस्थ जीवन और दीर्घायु में आनंदपूर्णता है। भारत में अनेक चिकित्सा पद्धतियां हैं। आयुर्वेद आचार आधारित प्राचीन आयुर्विज्ञान है और एलोपैथी उपचार आधारित चिकित्सा विज्ञान। होम्योपैथी यूनानी सिद्धा आदि पद्धतियां भी हैं। स्वस्थ जीवन के लिए सब उपयोगी हैं। लेकिन यहां योग गुरु रामदेव पर आयुर्वेद से भिन्न चिकित्सा प्रणाली की आलोचना के आरोप हैं। इण्डियन मेडिकल एसोसिएशन द्वारा दायर याचिका में सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय ने इसे गलत बताया है। कोर्ट ने पहले भी इसे गलत बताया था।

शरीर रहस्यपूर्ण संरचना है। इसकी आतंरिक गतिविधि का बड़ा भाग जान लिया गया है। चिकित्सा विज्ञानियों को इसका श्रेय है। आयुर्वेद का जन्म लगभग 4000 वर्ष ई.पूर्व ऋग्वेद के रचनाकाल में हुआ और विकास अथर्ववेद (3000 ई-2000 ई.पूर्व) में। मैकडनल और कीथ ने 'वैदिक इंडेक्स' में लिखा है, "भारतीयों की रूचि शरीर रचना संबंधी प्रश्नों की ओर बहुत पहले से थी। अथर्ववेद में अनेक अंगों के विवरण हैं और यह गणना सुव्यवस्थित है।" अथर्वेद आयुर्वेद का वेद है। इन लेखकों ने आयुर्वेद के दो आचार्यो चरक व सुश्रुत का उल्लेख किया है। अथर्ववेद में सैकड़ों रोगों व औषधियों का उल्लेख है।

यूरोप में एलोपैथी का विकास 17 वीं सदी के आसपास हुआ। एच.एस.मेन ने लिखा है, "भारतीयों ने चिकित्सा शास्त्र का विकास स्वतंत्र रूप से किया। पाणिनि के व्याकरण में विशेष रोगों के नाम है। मालूम होता है कि चिकित्सा शास्त्र का विकास उनके पहले 300 ई.पूर्व हो चुका था। अरब चिकित्सा प्रणाली की आधार शिला संस्कृत ग्रंथों के अनुवादों पर रखी गई। यूरोपीय चिकित्सा शास्त्र का आधार 17वीं सदी तक अरब चिकित्सा शास्त्र ही था।" एलोपैथी सुव्यवस्थित आधुनिक चिकित्सा पद्धति है। कहा जाता है कि इस चिकित्सा का नाम (1810 ई.) जर्मन चिकित्सक डा. सैमुअल हैनीमैन ने एलोपैथी रखा था।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

**आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवनशैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूआत जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ व्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं।**

इसका अर्थ भिन्न मार्ग है। इसे पश्चिमी चिकित्सा विज्ञान/आधुनिक चिकित्सा विज्ञान भी कहते हैं। इसका चिकित्सातंत्र बड़ा है और शोध का दायरा भी। इसने करोड़ों लोगों को पुनर्जीवन दिया है। सर्जरी, रेडिएशन, सीटी स्कैन, एम.आर. आई. सहित तमाम घटक विस्मयकारी हैं। कारोना महामारी के दौरान जीवन की परवाह त्यागते हुए उपचार करने वाले वैज्ञानिक, चिकित्सक व पैरा मेडिकल स्टाफ प्रशंसनीय रहे हैं।

आयुर्वेद आयु का विज्ञान है। यह चिकित्सा विज्ञान होने के साथ स्वस्थ रहने की जीवन शैली भी है। चरक संहिता आयुर्वेद का प्रतिष्ठित ग्रंथ है। संहिता की शुरूवात जीवन सूत्रों से होती है। बताते हैं कि "यहां बताए गए स्वस्थ्यव्रत का पालन करने वाले 100 वर्ष की स्वस्थ आयु पाते हैं। आरोग्य सुख है और रोग दुख। दुख का कारण रोग है।" फिर रोगों का कारण बताते हैं" इन्द्रिय विषयों का अतियोग, अयोग और मिथ्यायोग ही रोगों के कारण हैं।" रोगों से बचने के लिए जीवन शैली पर जोर है। यह प्राकृतिक होनी चाहिए। कोरोना महामारी के समय रोग निरोधक शक्ति की चर्चा थी। चिकित्सा विज्ञान में इसकी प्रभावी दवा नहीं है। आयुर्वेद में गिलोय सहित अनेक औषधियां रोग निरोधक शक्ति बढ़ाने वाली कही जाती थीं। महामारी की अवधि में ऐसी औषाधियों की मांग बढ़ी। अश्वगंधा, जटामांसी, गुग्गुल जैसी औषधियों का प्रयोग बढ़ा। चाय की जगह काढ़ा शिष्टाचार बना। चरक संहिता में सैकड़ों रोगों के उपचार हैं। अवसाद की भी औषधि है। अथर्ववेद के ऋषि ज्वर उत्ताप पर भी सजग थे। कहते हैं, "कुछ ज्वर एक दिन छोड़कर, कुछ दो दिन बाद आते हैं। ज्वर अपने साथ परिवार भी लाता है। यह अपने भाई कफ के साथ आता है। खांसी इसकी बहिन है। राजयक्ष्मा भतीजा है। इनकी औषधियां हैं।" कोरोना के समय रोगी को समाज से अलग रखा जाता था। अथर्ववेद (2.9) में कहते हैं, "रोग के कारण समाज से अलग रहे ये व्यक्ति पुनः जनसपर्क में जाए।"

आयुर्वेद में शरीर की रोग निरोधक क्षमता बढ़ाने की औषधियां हैं। माना जाता है कि इस क्षमता को बढ़ाकर रोगों को रोका जा सकता है। एलोपैथी में शरीर का तापमान बढ़ने पर पैरासीटामाल दी जाती है। एन्टीबायटिक भी देते हैं। इन औषधियों का बुरा प्रभाव होता है। एसीटाइल सैलिसिलिक एसिड रक्त को तरल बनाने की दवा बताई जाती है। चिकित्सक इसे हार्ट अटैक से बचने की दवा भी बताते हैं। इसके प्रयोग के भी खतरे हैं। आयुर्वेद में रक्त तरलता की औषधियां हैं। आधुनिक चिकित्सा में साइड एफेक्ट बड़ी समस्या है। पर ऐसी छोटी बातों से कोई पद्धति हेय या श्रेय नहीं हो जाती। रोग मुक्ति के लिए औषधियों की उपयोगिता है। स्टरायड खतरनाक दवा है। संभवतः इसका प्रभावी विकल्प नहीं है। ऐसे मामलों में शोध की आवश्यकता है।

आधुनिक चिकित्सा विज्ञान में निरंतर शोध चलते हैं। अभी भी चल रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन संसूचित रहता है। पहले वैज्ञानिक शोध और फिर किन्हीं जीवों पर प्रभाव का आंकलन। फिर मनुष्यों पर दवा के प्रभाव का आकंलन। यह अच्छी बात है। लगातार शोध से चिकित्सा विज्ञान समृद्ध होता है। लेकिन आयुर्वेद में शोध की आत्मनिर्भर व्यवस्था नहीं है। यों भारत में आयुर्वेद का सम्मान बढ़ा है। ज्ञान विज्ञान क्षेत्रीय नहीं होते। वे शोध सिद्धि के बाद सार्वजनिक संपदा बन जाते हैं। आयुर्वेद आयु का वेद है। इसमें भोजन, पाचन, श्वसन, चिंतन, तनाव, स्मृति और निद्रा भी स्वस्थ रहने के विषय हैं। आयुर्वेद का प्रभाव भी अंतर्राष्ट्रीय हो चुका है लेकिन इसमें भी शोध की आवश्यकता है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान और आयुर्वेद सहित अन्य चिकित्सा प्रणालियों में कोई प्रतिस्पर्धा नहीं है। सबका उद्देश्य मानवता का स्वास्थ्य है। सभी पद्धतियों को परस्पर ज्ञान का आदान प्रदान करना चाहिए। योग गुरु सहित किसी भी महानुभाव को इस या उस चिकित्सा प्रणाली की आलोचना का कोई अधिकार नहीं है। ज्ञान अपना पराया नहीं होता। सभी पद्धतियों का लक्ष्य एक है। सबकी अपनी विशेषता है। सभी विज्ञान हैं। लेकिन सीमा भी है। डाईबिटीज से विश्व का बड़ा भाग पीड़ित है। इस रोग को समाप्त करने की दवा नहीं है। पारकिंसन (कम्पन रोग) की भी दवा नहीं है। इन्हें संयत करने की दवाइयां आजीवन खानी पड़ती है। मस्तिष्क की गतिविधि का बड़ा भाग अज्ञेय है। मानव मस्तिष्क जटिल संरचना है। सुख, दुख, ज्ञान व बुद्धि की अनुभूति मस्तिष्क क्षेत्र की गतिविधि से होती है। सुनते हैं कि प्रार्थना का प्रभाव गहन होता है। अवसाद का जन्म और विकास मस्तिष्क में होता है। विषाद का भी। उल्लास और प्रसाद प्रसन्नता देते हैं। इसका उल्टा भी हो सकता है। संभव है कि प्रसन्नता से उल्लास आता हो। स्वप्नों का केन्द्र भी मस्तिष्क है। सिगमण्ड फ्रायड ने 'साइको एनालिसिस' लिखी थी। फ्रायड का 'लिविडो'-कामना क्षेत्र विचारणीय है। फ्रायड ने सृजन कार्य को भी लिविडो से जोड़ा था। लेकिन पतंजलि के योग सूत्रों में चित्त की पांच प्रवृत्तियों को ही सुख दुख का कारण बताया गया है। अथर्ववेद के काम सूक्त में कविता को काम की पुत्री बताया गया है। सभी प्रणालियों को मिलाकर शोध की जरूरत है। सभी पद्धतियों के विशेषज्ञों में सतत् संवाद चलते रहना चाहिए। प्राचीनता और आधुनिकता का संगम राष्ट्रजीवन के सभी क्षेत्रों में फलप्रद होता है। निंदा आलोचना का कोई औचित्य नहीं है।

# शब्द अमृत भी और विष भी

धर्मकथाओं,किंवदंतियों और साहित्य में मणिधारी सर्पों का जिक्र किया जाता है। धारणा है कि इन सर्पों की मणि बहुत लाभप्रद होती है और यह मणि जिसे मिल जाती है,वह तत्काल अत्यंत धनी हो जाता है। इस तरह की बातों को लेकर अलग-अलग धारणा है। विज्ञान जगत फिलहाल इसे स्वीकार नहीं करता है।

मणिधारी सर्प की इस धारणा को गहराई से देखा जाए और सर्पों को यदि दरकिनार कर मणिधारी जीव में मनुष्य के जीवन पर दृष्टि डाली जाए तो यह बात मानव जगत के लिए सही बैठती है। सर्पों के लिए धारणा है कि वे कंठ में मणि रखते हैं और उसे जब बाहर निकालते हैं तो उस मणि से प्रकाश तथा चमक निकलती है। इसकी जगह मनुष्य अपने कंठ से मृदु शब्द जब बोलता है तो वह भी किसी मणि से कम नहीं होता। उसकी भी चमक होती है जबकि कटु वचन जहर की तरह ही होता है।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्राचीन ग्रंथों में बहुत सारी कथाएं मनुष्य जीवन को ही दृष्टि में रखकर प्रचलित हुई हैं। कोई साहसी व्यक्ति है और उन विपरीत परिस्थितियों से जूझ जाता है जिससे सामान्य लोग घबराते हैं तब उसकी बहादुरी की तुलना शेर से की जाती है। इसी के साथ हिंसक तथा निर्दयी व्यक्ति की भी तुलना हिंसक पशुओं से की जाती है। इसी के साथ सुंदरता की तुलना भी पशु-पक्षियों से होती है। आंख अच्छी है तो खंजन और मृग से,चलने की तुलना हंस की चाल से होती है। इसके अलावा भावनाओं के मामले में भी उदाहरण के तौर पर लगातार प्रयास करने के मामले में कौए से,ध्यान लगाने की तुलना बगुले से और नींद के मामले में कुत्ते से तुलना की गई है। इसके अलावा भी ढेरों उदाहरण पशु-पक्षियों से तुलना के संदर्भ में गिने जा सकते हैं।


दरअसल ब्रह्मांड में जो भी व्याप्त है,वह मनुष्य शरीर में विद्यमान है। सूरज, चांद, सितारे, पेड़-पौधे, नदी-झरने, पशु-पक्षी आदि की शक्ति मनुष्य में विद्यमान है। कुछ पशु ऐसे हैं,जो बच्चे को जन्म देते हैं तो अपना दुग्ध पान मानव बच्चे की तरह कराते हैं। जबकि चिड़िया, तोता, कौआ, कोयल आदि पक्षी बच्चे को सीधे जन्म नहीं देते,बल्कि अंडे के रूप में देते हैं और अपने पंखों के स्पर्श से उन अंडों में जान डालते हैं। मानव के बच्चे को भी मां, पिता और परिवार जनों की मानसिक ऊर्जा मिलती है। इस तरह यह बिल्कुल सही है कि जो ब्रह्मांड में है वहीं मनुष्य पिंड में है।

इन सारी बातों के आधार पर यह धारणा बनी कि मनुष्य चाहे तो मणिधारी सर्प के रूप में अपनी जिह्वा से मधुर शब्दों का प्रयोग कर अकूत लाभ प्राप्त कर सकता है। मनुष्य की जिह्वा किसी सर्प से कम नहीं है। प्रायः अलग-अलग समय पर अलग-अलग विरोधास्पद बात करने वाले को दोमुंहा सांप की ही संज्ञा दी जाती है। मनुष्य के लिए ही 'आस्तीन का सांप' मुहावरा प्रचलित है। इसके अलावा सद्गुणों से रहित इंसान को पशु समान ही कहा गया है। यह पूरी तरह सच है कि जीवन में वाणी का बहुत ही महत्व है। वाणी के मधुर शब्द वीणा के तारों से झंकृत होकर निकले संगीत की तरह लगते हैं। जबकि कठोर,छिद्रान्वेषण, चुगली आदि के शब्दों से व्यक्ति का महत्व कम होता है।

प्राचीन समय के राजाओं-महाराजाओं के दरबारों में बातचीत के लहजे से ईनाम आदि मिलने की बात तो कही ही जाती है, पर आधुनिक जीवन में देखा जाए तो बातचीत का लहजा ही बताता है परवरिश हुई है या सिर्फ पाले गए हैं। घर-परिवार, समाज, कार्यालय, न्यायालय तक में जिस भी व्यक्ति के बात का तरीका जितना उत्तम होता है, उसकी सुनवाई उतनी ही अधिक ही होती है। इसलिए शब्दों को खूब तौल कर बोलना चाहिए ताकि वह मणि बन जाए न कि जहर।

# देवभावना का स्रोत है मानव मन

अज्ञात और अनंत ब्रह्मांड में अपने को समायोजित करने के लिए मनुष्य ने अपनी भावनाओं, संवेदनाओं, मान्यताओं, कल्पनाओं और विचारों के ताने-बाने से बुनकर विश्वास प्रणाली के रूप में अपने लिए एक मानसिक-कवच तैयार किया है और उस मानसिक -कवच से सुरक्षा की भावना और जीवन की शक्ति प्राप्त की है।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

**कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है।**

इस जिंदगी में जहां कदम-कदम पर सामाजिक और प्राकृतिक विपदाएं, कठिनाइयां, प्रतिकूलताएं और कष्ट हैं तथा कदम-कदम पर रक्षा की समस्या है, यह विश्वास प्रणाली मनुष्य की एक जीवनी शक्ति "डूबते को तिनका का सहारा" बन जाती है। विपदा में धैर्य का हेतु बन जाती है। जहां कहीं और जब कभी मनुष्य अपने को परास्त अनुभव करता है,वहीं मन के अज्ञात स्तरों से कोई रहस्यमयी शक्ति उसे आश्वस्त करती है, वह उसका विश्वास या अंतर्निहित भाव ही है। उस विश्वास या अंतर्निहित भाव से मनुष्य ब्रह्मांड में सर्वत्र एक दिव्य शक्ति का आभास पाता है। यह अंतर्निहित भाव ही देवता का मूल कारण है। संस्कृत में कहावत है- देवाः भावस्तु कारणम्!

अवश्य ही यह देवभावना हार की मनः स्थिति से जन्म लेती है, परंतु उसका कार्य विजय प्राप्त करना होता है। जब मन देवता को आत्मसमर्पण करता है तब वह अवश्य ही निरीह ही प्रतीत होता है, परंतु उसकी जीवनयात्रा इस विश्वास शक्ति के संबल से ही पूर्ण होती है आशा और विश्वास इस देव-भावना का सार तत्व है। यह देवता की ही शक्ति है, जो गहन संकटों में उसे सहारा देती है तथा अत्याचारी एवं बर्बर शक्ति के सामने भी तनकर खड़ी हो जाती है। विराट परिवेश में दुखों और कष्टों के बीच मन को सहारा देने वाले इस सुरक्षा कवच अर्थात् विश्वास प्रणाली को लोकमन धर्म के रूप में स्वीकार कर लेता है। मनुष्य का मन जहां अपनी भौतिक-शारीरिक शक्ति की सीमा देखता है, वहीं से उसके मन में यह देव भावना प्रारंभ हो जाती है। अपनी भौतिक शारीरिक शक्ति की क्षतिपूर्ति मनुष्य अपने मन की अज्ञात स्तरों से रहस्यमयी मनोवैज्ञानिक या आंतरिक शक्ति के रूप में "दिव्य शक्ति की परिकल्पना" के द्वारा प्राप्त करता है। इस परिकल्पना को मन की क्षति-पूरक प्रक्रिया भी कह सकते हैं। सामाजिक समायोजन के लिए देव भावना में एक नैतिकता का आधार है कि वह ईश्वर या देवता मूल्य विरुद्ध आचरण करने वाले पापी को दंड देता है तथा सामाजिक पुण्य का आचरण करने वाले को पुरस्कार दे देता है। यह देवता कंस, रावण, शिशुपाल, जरासंध जैसे असुरों राक्षसों और दैत्यों का वध करता है तथा संतों-भक्तों या निर्बल के ऊपर अनुग्रह करता है। हिरण्यकशिपु के सामने ईश्वर प्रह्लाद के साथ रहता है और सुरुचि के सामने ईश्वर ध्रुव के साथ रहता है। कंस के सामने ईश्वर मथुरा निवासी पीड़ितों के साथ है तथा दुर्योधन के सामने वह युधिष्ठिर धर्मराज के पक्ष में खड़ा रहता है। यही देवभावना की गहरी सामाजिकता है। अहंकार, ममता और स्वार्थ के सामने वह सदा समाज हित, प्राणि मात्र के हित और परमार्थ के साथ खड़ा है। दुर्योधन और दुःशासन के सामने वह द्रौपदी के साथ खड़ा है। देवभाव,अहंकार, काम, क्रोध, लोभ, हिंसा, अत्याचार और शोषण के विरुद्ध है। क्षमा, सत्य, विनय, अहिंसा, करुणा, मैत्री और शांति की सामाजिक शक्तियों का आश्रय देवभाव में है।

इसमें कोई संदेह नहीं कि देव भाव में मनुष्य की मूल प्रवृत्तियों के प्रवाह का सहज मार्ग है। लोकमन देवता से सौभाग्य सुख की कामना करता है-पुत्र प्राप्ति का वरदान मांगता है, भय से निवारण की अभिलाषा करता है, विजय की इच्छा करता है, धन संपत्ति वैभव विलास के वरदान की कामना करता है। देवभाव मंगल का केंद्र है। देव भावना में रति सिसृक्षा, तृष्णा, प्रभुता, गौरव आदि मूल प्रवृत्तियां सक्रिय हैं। शास्त्रों में जितने भी स्तोत्र मंत्र आदि हैं,सबके साथ फल श्रुति के रूप में इन मूल प्रवृत्तियों को हम देख सकते हैं। अमुक कथा सुनने से सौभाग्य मिलता है, अमुक व्रत करने से पुत्र प्राप्त होता है, अमुक यज्ञ करने से राज्य लाभ होता है, अमुक देवता को पूजने से प्रभुता प्राप्त होती है। अमुक स्तोत्र पढ़ने से लक्ष्मी प्राप्त होती है, धन मिलता है। यह मूल प्रवृत्तियां ही तो हैं।

देवभाव की संरचना में मानवमन का प्रतिबिंब सर्वत्र देखा जा सकता है। वह देवता निर्गुण निराकार है या सगुण साकार है, साकार में भी वह किसी अन्य प्राणी के रूप में है या मानव शरीर में, वह प्रत्येक रूप में मानव मन है, जो प्रसन्न होता है तो कृपा करता है, प्रसन्न होने पर वरदान देता है और अप्रसन्न होने पर अनिष्ट कर देता है।

यह बिल्कुल मानवीय स्वभाव है, क्योंकि देवभावना का स्रोत ही मानव मन है। देवभाव में मानव मन का होना नितांत स्वाभाविक ही है। इतना ही नहीं, देव भावना पारिवारिक परिवेश के अनुकरण पर आधारित भी है। देवता माता और पिता है- तुम्हीं हो माता, पिता तुम्हीं हो। माता-पिता का यह भाव हमें अपने पारिवारिक परिवेश से ही प्राप्त होता है। जगदंबा हो या परमपिता परमेश्वर यह दोनों अवधारणाएं परिवार से प्राप्त होती हैं।

# जागना जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया

हम नींद में हैं या उस्नींदे हैं या जाग रहे हैं, लेकिन आंखें बंद करके पड़े हुए हैं। इसका अर्थ यह है कि हम अपने जीवन के महत्वपूर्ण क्षणों को यूं ही जाने दे रहे हैं। घड़ी की हर एक टिकटिक के साथ आपका जीवन कम होता जा रहा है। अपनी जागरूकता से इन अमूल्य पलों की महत्ता को समझा जा सकता है, लेकिन प्रश्न यह है कि खुद को जागरूक कैसे करें?



द्वारिका प्रसाद अग्रवाल
वरिष्ठ लेखक, बिलासपुर

सोना और जागना हमारे जीवन की स्वाभाविक प्रक्रिया है। पूरे दिन का एक तिहाई समय सोने और दो तिहाई जागकर रहने के लिए होता है। जागकर रहने का मतलब केवल आंखें खोलकर रहना नहीं होता, मन को जागृत करके रखना होता है, हरेक गतिविधि पर सतर्कता कायम रखना होता है, जो भी हो रहा है, यदि हम बेहोशी में कर रहे हैं तो इसका मतलब है कि हम कुछ नहीं कर रहे हैं, वह अपने आप ही हो रहा है। टू-व्हीलर या फोर-व्हीलर चलाते समय हमारी मानसिक स्थिति गौर किया जाए तो हम लगभग बेहोशी में चलाते हैं। व्हील, एक्सीलरेटर और ब्रेक स्वाभाविक रूप से संचालित होते रहते हैं। हमारा ध्यान कहीं और रहता है। इस ध्यान की अनुपस्थिति का अर्थ है, मन का जागृत न होना।

मन को जागृत करने का अर्थ है, प्रत्येक क्रिया के प्रति मानसिक रूप से सतर्क रहना। जो भी हम कर रहे हैं या जो कुछ हमारे आसपास हो रहा है उसके प्रति सजग रहना। हमारे जीवन में एक क्रिया निरंतर होती है, श्वांस लेने की। वह आती-जाती रहती है, लेकिन एक मिनट के लिए यदि श्वांस को अवरुद्ध कर दिया जाए तो उसकी उपयोगिता समझ में आ जाएगी। हमारे शरीर के लिए इतनी अधिक आवश्यक क्रिया के प्रति हम सचेत नहीं रहते, उसे ध्यान से नहीं देखते। ऐसी अनेक लापरवाहियां हमारे साथ निरंतर घटती रहती हैं और हम उसके प्रति जरा भी गंभीर नहीं रहते।

# पहली महिला राज्यपाल सरोजिनी नायडू

सन् 1925 में सरोजिनी नायडू भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कानपुर अधिवेशन की अध्यक्ष चुनी गईं। तब तक वह गांधीजी के साथ दस वर्ष तक काम कर चुकी थीं और गहरा राजनीतिक अनुभव पा चुकी थीं। आजादी के पूर्व भारत में कांग्रेस का अध्यक्ष होना बहुत बड़ा राष्ट्रीय सम्मान था और वह जब एक महिला को दिया गया तो उसका महत्व और भी बढ़ गया।



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

गांधीजी ने सरोजिनी नायडू का कांग्रेस प्रमुख के रूप में बड़े ही उत्साह भरे शब्दों में स्वागत किया, 'पहली बार एक भारतीय महिला को देश की यह सबसे बड़ी सौगात पाने का सम्मान मिलेगा। अपने अधिकार के कारण ही यह सम्मान उन्हें प्राप्त होगा।' सरोजिनी ने स्वयं अपने बारे में कहा-'अपने विशिष्ट सेवकों में मुझे मुख्य स्थान के लिए चुनकर आप लोगों ने कोई नई मिसाल नहीं रखी है। आप तो केवल पुरानी परंपरा की ओर ही लौटे हैं और भारतीय नारी को फिर से उसके उस पुरातन स्थान में ला खड़ा किया है, जहां वह कभी थी।' अपने अध्यक्षीय भाषण में सरोजिनी नायडू ने भारत के सामाजिक, आर्थिक औद्योगिक और बौद्धिक विकास की आवश्यकता की बात की। प्रभावशाली शब्दों में उन्होंने भारत की जनता को अपने देश की स्वाधीनता के लिए हिम्मत और एकता के साथ आगे बढ़ने का आह्वान किया।

गोलमेज कांफ्रेंस में महात्मा गांधी के प्रतिनिधि मंडल में सरोजिनी नायडू भी सम्मिलित थीं। रॉलेट एक्ट का विरोध करने के लिए सरोजिनी नायडू ने महिलाओं को संगठित किया। जब 1932 में महात्मा गांधी जेल गए थे, उस समय आंदोलन को रफ्तार देने और बढ़ाने का दायित्व सरोजिनी नायडू को सौंप कर गए थे। गांधीजी ने कहा था- 'तुम्हारे हाथों में भारत की एकता का काम सौंपता हूं।' भारत का पक्ष रखने के लिए महात्मा गांधी ने उन्हें अमेरिका भेजा था। सरोजिनी नायडू ने महिलाओं का नेतृत्व करते समय नारी समाज की उन्नति के अथक प्रयास किए। देश के स्वतंत्र होने पर उन्हें उत्तर प्रदेश का राज्यपाल नियुक्त किया गया, जो भारत की पहली महिला राज्यपाल भी थीं।

# उच्च शिक्षा में अस्तित्व की तलाश में हिंदी बाल साहित्य

साहित्य वह माध्यम है जिससे लेखक अपने विचार, भावनाएं और विचारों को पढ़ने व समझने वाले लोगों के साथ साझा करता है। साहित्य विशेष रूप से रचनात्मकता और भावनाओं को व्यक्त करने का माध्यम है जिससे पाठकों को उनके विचारों और भावनाओं का सामंजस्य बनाने में मदद मिलती है। इसके कई रूप होते हैं जैसे कविता, कहानी, उपन्यास, नाटक, गजल और अन्य। हर एक रूप में भाषा का अद्वितीय उपयोग किया जाता है।



प्रो. मीना यादव
हिंदी विभाग, बरेली कॉलेज बरेली

**हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है।**

बाल साहित्य एक ऐसा साहित्य है, जो बच्चों के लिए विशेष रूप से तैयार किया जाता है और उन्हें उनके विकास के सभी पहलुओं में सहायक साबित होता है। बच्चों की नींव से उन्हें समाज, विज्ञान, भौतिकी, संस्कृति, इतिहास और मनोविज्ञान जैसे विभिन्न विषयों में रूचि उत्पन्न होती है। बाल साहित्य सरल भाषा में लिखा गया होता है ताकि बच्चे आसानी से उसे समझ सकें और उससे प्रेरित हो सकें। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 छात्र आधारित शिक्षा नीति है। वार्षिक शिक्षा प्रणाली के स्थान पर सेमेस्टर प्रणाली को लागू किया गया है। स्नातक स्तर पर परंपरागत व्यवस्था के स्थान पर तीन मेजर विषय और एक माइनर विषय का प्रावधान है। इसमें मुख्य विषय के साथ-साथ को करिकुलर/व्यावसायिक पाठ्यक्रम/(वोकेशनल)/ स्किल डेवलपमेंट आदि को पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है। को-करिकुलर के रूप में प्रत्येक सेमेस्टर में एक विषय को अनिवार्य बनाया गया है। को-करिकुलर विषय-खाद्य पोषण एवं स्वच्छता, प्राथमिक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, शारीरिक शिक्षा एवं योग, मानव मूल्य एवं पर्यावरण, विश्लेषणात्मक योग्यता एवं डिजिटल अवेयरनेस, संचार कौशल एवं व्यक्तित्व विकास हैं। व्यावसायिक पाठ्यक्रम में स्थानीय आवश्यकताओं की अनुसार विश्वविद्यालयों को पाठ्यक्रम निर्धारण की छूट दी गई है।

इसमें तीन मेजर विषय और एक माइनर के साथ प्रत्येक सेमेस्टर में एक को-करिकुलर तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रम को अनिवार्य बनाया गया है। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा विश्वविद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों के आधार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति के दृष्टिगत सभी विषयों को पांच संकायों/ स्ट्रीम/ भागों में बांटा गया है जैसे- संकाय 1-कला एवं मानविकी, संकाय 2-लैंग्वेज/ लिटरेचर, संकाय 3- विज्ञान, संकाय 4- कॉमर्स, संकाय 5- मैनेजमेंट। अर्हता के अनुसार छात्र एक संकाय से दो मेजर विषयों का चयन करेगा। यह छात्र का अपना संकाय कहलाएगा। तीसरा मेजर वह किसी भी संकाय से ले सकता है इसके लिए कोई प्रतिबंध नहीं है। छात्र का अध्ययन एक या दो अधिक संकायों तक ही सीमित न रहे इसलिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति में माइनर की संकल्पना की गई कि वह तीसरे संकाय के किसी विषय को भी अपने अध्ययन में शामिल कर सकता है। किसी भी विषय के माइनर का पाठ्यक्रम बनाते समय यह ध्यान रखना होगा कि उस विषय के मुख्य मुख्य उपयोगी भाग/सिद्धांत पाठ्यक्रम का हिस्सा हो और संपूर्ण विषयवस्तु पाठ्यक्रम में समाहित हो ताकि विषय की सामान्य जानकारी छात्र को हो सके।

हिंदी साहित्य के स्नातक और स्नातकोत्तर को पाठ्यक्रम की गहनता से देखें तो स्पष्ट होता है कि स्नातक के सभी सेमेस्टर्स और स्नातकोत्तर के चारों सेमेस्टर में बाल साहित्य को कहीं भी स्थान नहीं दिया गया है। सेमेस्टर ही नहीं अपितु पाठ्यक्रम का कोई अंश भी बाल साहित्य के रूप में नहीं है। माइनर विषय के रूप में स्नातक और स्नातकोत्तर स्तर पर बाल साहित्य को पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है। स्नातक स्तर पर किसी एक सेमेस्टर में बाल साहित्य को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जा सकता है। स्नातकोत्तर स्तर पर एक पेपर के रूप में विभिन्न बाल साहित्यकारों का अध्ययन पाठ्यक्रम में शामिल किया जा सकता है उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से छात्र प्रेरणा लेंगे। जब तक बाल साहित्य पाठ्यक्रम में शामिल नहीं होगा, शोधार्थी बाल साहित्य के विभिन्न अवयवों को अपनी शोध की विषय वस्तु नहीं बना सकते, जो हिंदी बाल साहित्य के क्षेत्र में शोध की अपूर्णीय क्षति होगी।

# मर्यादा और पाखंड

लोग दो तरह से जीते हैं। एक, अपने अनुसार। दो, दूसरों के अनुसार। अपने अनुसार जीना सुख है, दूसरों के अनुसार जीना दिखावा या पाखंड। दिखावा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। मर्यादा दो प्रकार की होती है-उच्च कोटि की और निम्न कोटि की। जिस मर्यादा का संबंध समझदारी से होता है, वह उच्च कोटि की होती है और जिसका संबंध समझ से रहित लोक प्रचलित धारणा से होता है, वह निम्न कोटि की होती है। दूसरी कोटि की मर्यादा को ही पाखंडी लोग मर्यादा कहते हैं। प्रथम कोटि की मर्यादा उनकी समझ में नहीं आती।



मटुक नाथ चौधरी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

एक उदाहरण से अपनी बात समझाने का प्रयत्न कर रहा हूं। मुझे दाल पकानी है। एक समय आएगा जब दाल पक जाएगी। जिस बिंदु पर दाल पक जाएगी, वहीं बिंदु उसकी मर्यादा हुई। उससे कम आंच में वह कच्ची रह जाएगी और अधिक आंच में जल जाएगी। कम या अधिक आंच मर्यादा का उल्लंघन है। मर्यादा के उल्लंघन का माने हुआ आपका नुकसान। अगर आपके कार्य से आपका और किसी अन्य का नुकसान न हो तो आपने मर्यादा का उल्लंघन नहीं किया।

कुछ दालें दो सीटियों में सीझ जाती हैं, कुछ चार में, कुछ छह में। उनकी मर्यादा एक नहीं हुई। अनुभवी लोग इसे जानते हैं और तद्नुसार अपने हित में मर्यादा का निर्धारण करते हैं, लेकिन जिनके पास अनुभव नहीं है, जिन्होंने सुन रखा है कि दाल चार सीटियों में सीझती है तो वह आदमी चक्कर में पड़ सकता है। दाल दो सीटियों वाली हुई, तो जल जाएगी और छह सीटियों वाली हुई तो कच्ची रह जाएगी। समाज में जो मर्यादा का अर्थ प्रचलित है, वह इसी तरह सुनी-सुनाई बातों पर आधारित है, बोध पर आधारित नहीं है। बोध पर आधारित मर्यादा देशकाल और व्यक्ति के अनुसार अलग-अलग होती है, जबकि जड़ लोगों की मर्यादा देशकाल और व्यक्ति का ख्याल न रखकर सदा एक समान होती है। इस जड़ता का श्रेय हमारी शिक्षा प्रणाली को जाता है,जो बोध पर केंद्रित नहीं है। पुरानी मर्यादा है कि जो पुरुष स्त्रियों की उनके काम में मदद करते हैं, वे मौगा कहलाते हैं और स्त्री-पुरुषों के बीच हेय दृष्टि से देखे जाते हैं। इसलिए पुरुष सार्वजनिक रूप से उनकी सेवा करने से कतराते हैं। कोई नहीं देख रहा है, तब उन्हें कोई दिक्कत नहीं होती।

एक समय की बात है। मेरी प्रेमिका नहाकर निकली। उसे जल्दी से कहीं जाना था। देर हो रही थी। इसी बीच उसे छत पर धूप में कपड़े भी सुखाने टंगनी पर डालने थे। मैंने कहा, तुम निकल जाओ। मैं इसे छत पर धूप में डाल दूंगा।

"लोग क्या कहेंगे?" वह बोली।/ "तुम भी लोगों के अनुसार चलोगी?" मैंने कहा। उसने एक नजर मुझ पर डाली और मुस्कुराकर चली गई। मैं छत पर गया और बाल्टी से एक-एक वस्त्र निकाल कर टंगनी पर लटकाने लगा-साड़ी,ब्लाउज आदि। सटी दूसरी छत पर खड़ी एक-एक स्त्री लगातार मुझे घूरती रही। आजतक उन्होंने मुझे उस नजर से नहीं देखा था, जिस नजर से आज देख रही थी। इसी नजर से बचने के लिए तो पुरुष यह कर्म नहीं करते हैं।

मैं सोचने लगा कि वह स्त्री मेरे बारे में किस तरह की धारणा बना रही होगी। एक मन से तो वह भर्त्सना कर रही होगी-कैसा मौगा मर्दाना है। शायद दूसरे मन से अपने पति को कोस भी रही होगी और मेरी प्रिया के भाग्य की सराहना भी कर रही होगी। काश, मेरे पति भी ऐसा कर देते। जाते-जाते मेरी प्रिया हिदायत भी देती गई थी कि घर में पोंछा नहीं लगाइएगा। मैं आऊंगी, तो लगाऊंगी, लेकिन इस तरह की हिदायत मानता कौन है? बोध वाले लोग पुरानी मर्यादा अथवा पुराने संस्कारों से एक झटके में बाहर हो जाते हैं, जबकि अबोध लोग उसे प्रतिष्ठा की बात समझकर ढोते रहते हैं। निष्कर्ष यह कि बोध केंद्रित मर्यादा मर्यादा है और लोग केंद्रित मर्यादा दिखावा या पाखंड।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



ISO:9001:2008 एवं Trademark Certified Clinic

डा. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.F.R.H.S. (आयुर्वेदाचार्य)
स्वास्थ्य एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ
• रजि. भारतीय चिकित्सा परिषद, उत्तर प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त
• 27 सालों से स्वास्थ्य एवं गुप्त रोगों का चिकित्सा अनुभव

पतले दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री/पुरूष तंदरूस्ती प्राप्त करें।
मोटे होने का रामवाण इलाज



नवयुवक-युवतियां 3 से 4 इंच तक लम्बाई बढ़ायें



विशेष चिकित्सा:- ●भूख न लगना ● कब्ज ●अपच ●गैस ● खाने के बाद शौचालय जाना ● शारीरिक अंगों का विकास रूकना ● पुलिस फोर्स एवं फिल्मों में आदि में भर्ती में नाप-तोल में कमी होना ● 3 से 4 इंच कद लम्बा करें। ● बच्चों का बिस्तर में पेशाब करना मोटे व थुल-थुले व्यक्ति वजन कम करें। ● कील, मुंहासे, झाइयां, सफेद दाग दूर करें सावलांपन हटायें और सुन्दर बनें। ● बालो का झड़ना व टूटना एवं सफेद होना व गंजापन दूर करें। ● खूनी व वादी बवासीर का रामबाण इलाज।

शराबी को बिना लाये, बिना बताये शराब व अन्य नशा छुडायें।



नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनायें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनायें

सैक्स समस्याऐं
छिपाएं नहीं बताएं या मिलें
स्वप्नदोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी
● शुरू से लाभ, 40 से 80 दिनों में इलाज सम्भव।
● हस्तमैथुन व धात जाने से नसों में खराबी।
● इन्द्री का ढ़ीलापन, पतलापन, छोटापन दूर करें।
● वीर्य में शुक्राणु निल होना या कम होना।
● ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसौली होना।
● योनि का ढ़ीलापन होना व सैक्स इच्छा कम होना।
● मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र पहले बन्द होना।
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें।

गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।

10 से 21 वर्ष शादी से पहले जिन बच्चों की इन्द्री का छोटापन, पतलापन, मोटापन का रामबाण इलाज के लिए उन माता-पिता से निवेदन है कि अवश्य मिलें। कहीं ऐसा न हो कि शादी के बाद पछताना पड़े। (25 वर्षों का अनुभव)

विज्ञापन साथ लाने पर मेडिसिन पर 10% की विशेष छूट

मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक

दिनांकः- 10 मार्च 2024, रविवार
24 मार्च 2024, रविवार

निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली

9837069463
7599211076

# छुट्टी पर आए सिपाही की भूमि विवाद में फावड़ा, चाकू से हत्या

## आरोपी ताऊ और उसके नाती को पुलिस ने गिरफ्तार किया

**संवाददाता, (सैफई) इटावा**

**अमृत विचार :** सैफई थाना क्षेत्र के गांव गोबेपुरा में शुक्रवार की रात को छुट्टी पर घर आए सिपाही की फावड़ा व चाकू मार कर हत्या कर दी गई। सिपाही मथुरा जिले में तैनात था। हत्या से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। वारदात की जानकारी मिलने पर पुलिस के आलाअधिकारी मौके पर पहुंचे और पड़ताल की। मृतक के भाई ने अपने ताऊ व उसके नाती पर हत्या का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई। पुलिस ने दोनों को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने हत्या के पीछे जमीन को लेकर रंजिश बताई है। क्षेत्र के गांव गोबेपुरा लरखौर गांव निवासी अनिल कुमार यादव (38) पुलिस में सिपाही के पद पर तैनात था। इस समय तैनाती मथुरा जिले में सीओ के चालक के पद पर थी। वह 2006 में पुलिस में भर्ती हुआ था। शुक्रवार की शाम वह आलू खुदवाने के लिए छुट्टी लेकर घर आया था। शाम को खाना खाने के बाद खेत पर लगे टयूबवेल पर सोने चला गया। शनिवार की सुबह गांव का प्रमोद खेत पर गया तो कमरा खुला हुआ था और अनिल का खून से सना शव पड़ा था। प्रमोद ने जानकारी अनिल के परिवार के लोगों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को जानकारी दी। एसएसपी संजय वर्मा, एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह के अलावा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। सिपाही के शरीर पर कई वार किए गए थे। एसएसपी ने बताया कि सिपाही अनिल कुमार का अपने ताऊ से जमीन को लेकर विवाद चल रहा था। शुक्रवार की शाम भी दोनों में विवाद हुआ था। इसी के चलते उसकी हत्या कर दी गई। मृतक के भाई नीरज कुमार ने अपने ताऊ दर्शन सिंह उनके पुत्र ओमपाल व नाती अभिषेक के खिलाफ थाने में तहरीर दी है। मामला दर्ज कर दर्शन और अभिषेक को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि ओमपाल फरार है। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त फावड़ा भी बरामद कर लिया है।



अनिल कुमार।

# टैंकर से कुचलकर दो दोस्तों की मौत

**अमरोहा, अमृत विचार :** बाइक सवार दो दोस्तों को टैंकर ने कुचल दिया। हादसे में नौगावां सादात थानाक्षेत्र के खेड़ा अपरौला गांव निवासी हारिस (26) और मोहम्मद नदीम (30) की मौके पर ही मौत हो गई। भागने के चक्कर में टैंकर चालक बाइक और हारिस को कई किमी तक घसीटते ले गया, फिर गड्ढे में पलट गया। हादसा शुक्रवार देर रात थाना नौगावां सादात क्षेत्र के गांव पीलाकुंड के पास हुआ। गांव खेड़ा अपरौला निवासी हारिस सऊदी अरब में काम करता था। कुछ दिन पहले ही वह लौटा था। गांव का ही उसका दोस्त मोहम्मद नदीम नौगावां सादात के मोहल्ला नई बस्ती की फिरदौस मस्जिद में इमाम था। शुक्रवार रात करीब 11 बजे दोनों नौगावां सादात में एक शादी समारोह से लौट रहे थे। पीलाकुंड गांव के निकट टैंकर ने बाइक को टक्कर मार दी। नदीम की मौके पर ही मौत हो गई जबकि हारिस और बाइक टैंकर के अगले हिस्से में फंस गई।

## सार-संक्षेप

### पुलिसकर्मियों पर हमला करने में एक गिरफ्तार

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कांठ थाना क्षेत्र में शुक्रवार देर रात में कच्ची शराब बनाने वालों को पकड़ने गांव डहरा गए दो पुलिसकर्मियों को आरोपियों ने बंधक बनाकर धुना। इसमें एक कांस्टेबल की हालत काफी गंभीर होने पर उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसे डॉक्टरों ने इलाज के बाद शनिवार को छुट्टी दी है। इस मामले में कुल सात आरोपियों के विरुद्ध जानलेवा हमला करने के आरोप में नामजद एफआईआर दर्ज हुई है। नामजद अभियुक्तों में से पुलिस ने मुख्य अभियुक्त जसवंत उर्फ खन्ना के आरोपी बेटे अंकित को गिरफ्तार कर लिया है। कच्ची शराब बिकने और बनने की सूचना पर डहरा गांव में शुक्रवार रात करीब 9 .30 बजे हेड कांस्टेबल विजय कुमार और कांस्टेबल सर्वेश कुमार बाइक से पहुंचे थे। इन्होंने अपनी बाइक जसवंत उर्फ खन्ना के घर के सामने खड़ी की थी। बताया जा रहा है कि गांव के लोग पुलिस से पहले से ही नाराज चल रहे थे।

### विदेश में नौकरी का झांसा देकर 1.80 लाख ठगे

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** बेरोजगार युवक को अच्छी नौकरी दिलाने के नाम पर 1.80 लाख रुपये ऐंठ लेने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर गिरोह के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शहर के वार्ड संख्या चार के मोहल्ला बाल्मीकि बस्ती निवासी अनिल कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि नगर के मोहल्ला मुंडोवाली रोड पर एक युवक ने टूर एंड ट्रेवल नाम से केन्द्र खोल रखा है, जहां मैं ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए जाता था। टूर एण्ड ट्रैवल के संचालक ने चिकनी चुपड़ी बातें कर अपने जाल मे फंसा लिया। उसने वार्ड नंबर सात के मोहल्ला कुरेशियांन निवासी एक साथी से मिलवाया। दोनों ने दुबई में कंपनी में आईटी मैनेजर की पोस्ट पर115000 रुपये की सैलरी पर भेजने के नाम पर एक लाख अस्सी हजार रुपये ले लिए। 7 सितंबर 2023 को उसे दुबई भेज दिया। जब दुबई पहुंचा तो पता चला कि इस नाम की कोई कंपनी नहीं है, जहां कई दिनों तक भूखा-प्यासा रोड पर भटकता रहा।

### मुख्यमंत्री ने किया 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण

**लखनऊ, अमृत विचार :** अब अन्नपूर्णा भवनों से जेनरिक दवाएं भी मिलेंगी। लोगों को जरूरी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराये जाएंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को लोकभवन में खाद्य रसद विभाग और ग्राम्य विकास विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में 1,100 अन्नपूर्णा भवनों का लोकार्पण किया, साथ ही, 79,000 उचित दर दुकानों पर ई-वेइंग स्केल लिंक्ड ई-पॉस मशीनों के माध्यम से खाद्यान्न वितरण की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सुशासन का मॉडल ही रामराज है।

### नकल करती पकड़ी गई छात्रा, चबाई पर्ची, फाड़ी कॉपी

**बदायूं/बिसौली, अमृत विचार :** यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट अंग्रेजी की पेपर में एक छात्रा नकल करते हुए पकड़ी गई। छात्रा द्वारा नकल की पर्ची को चबा लिया गया। साथ ही उसने कॉपी फाड़ दी। वहां के केंद्र व्यवस्थापक ने छात्रा के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं, परीक्षा में पंजीकृत 25,984 परीक्षार्थियों में 1,465 अनुपस्थित रहे। 24,518 उपस्थित रहे। महत्वपूर्ण परीक्षा होने की वजह से सचल दल सक्रिय रहे। उनके द्वारा केंद्रों पर व्यवस्थाएं परखी गई। शनिवार को इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय का पेपर था। जिसकी वजह से जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ ही प्रशासनिक अधिकारी सजग रहे। परीक्षार्थियों को सघन तलाशी के बाद केंद्रों पर प्रवेश दिया गया। इसके बाद भी बिसौली के जीजीआईसी परीक्षा केंद्र पर एक छात्रा नकल लाने में कामयाब रही। पेपर शुरू होने के बाद छात्रा नकल करने का प्रयास कर रही थी।

# प्रश्नपत्र वायरल मामले में मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**आगरा, अमृत विचार :** आगरा में यूपी बोर्ड की इंटरमीडिएट के गणित और जीव विज्ञान विषय का प्रश्न पत्र वायरल होने के मामले में मुख्य आरोपी कंप्यूटर ऑपरेटर विनय चौधरी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हालांकि शेष परीक्षाएं इसी केंद्र पर होंगी और नये केंद्र व अतिरिक्त केंद्र व्यवस्थापक परीक्षा केंद्र पर तैनात कर दिये गये हैं।

# सरकारी नौकरी न मिलने पर छात्रा ने की आत्महत्या

**संवाददाता,फिरोजाबाद**

**अमृत विचार:** युवती ने सरकारी नौकरी के कई प्रयासों में असफल रहने पर डिप्रेशन में आत्महत्या कर ली। परिजनों ने पुलिस भर्ती परीक्षा रद्द होने के कारण आत्महत्या की बात कही है।

नई बस्ती निवासी वर्षा (22) पुत्री जगदीश ने शनिवार को फंदा लगा लिया। परिजन जिला अस्पताल लेकर आये, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। परिजनों के अनुसार वर्षा पिछले 4 वर्ष से सरकारी नौकरी के लिए प्रयासरत थी। उसने दिल्ली पुलिस भर्ती परीक्षा, एआरओ परीक्षा समेत तमाम परीक्षाएं दी थीं। हाल ही में पूरी मेहनत से तैयारी कर उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती परीक्षा दी थी। रिश्तेदारों के मुताबिक इस परीक्षा से वर्षा को बहुत उम्मीदें थी लेकिन पुलिस भर्ती परीक्षा का पेपर लीक हो गया और परीक्षा रद्द कर दी गई। परीक्षा रद्द होने की खबर के बाद से ही परेशान हो गई और मानसिक तनाव का शिकार हो गई। शनिवार सुबह 10:00 बजे करीब उसने अपने घर में फंदे पर लटक कर जान दे दी। परिजनों के मुताबिक वर्षा ने आत्म हत्या करने से पहले एक सुसाइड नोट छोड़ा है जिसमें उसने लिखा है पापा मैं आपके सपनों को पूरा नहीं कर सकी। थाना दक्षिण पुलिस के इंस्पेक्टर संजय कुमार पांडे ने बताया कि वर्षा ने एक सुसाइड नोट छोड़ा है जो कि साक्ष्य संकलन के तौर पर फील्ड यूनिट द्वारा रखा गया है। इस सुसाइड नोट में क्या लिखा है यह बताना अभी संभव नहीं है क्योंकि यह गोपनीय तथ्य होते हैं।



# दबिश के दौरान वकील की 8वीं मंजिल से गिरकर मौत

**संवाददाता, आगरा**

**अमृत विचार:** अपहरण और जबरन बैनामा कराने के आरोप में वांछित चल रहे वकील की 8वीं मंजिल के गिरकर मौत हो गई। शुक्रवार की रात पुलिस टीम दबिश देने के लिए पहुंची थी। पुलिस के आने की आहट से अधिवक्ता ने छिपने का प्रयास किया, लेकिन वह किसी तरह फ्लैट से नीचे जा गिरे और मौत हो गई।

घटना थाना सिकंदरा क्षेत्र यूपीएसआईडीसी रोड की है। यहां मंगलम आधार अपार्टमेंट की आठंवी मंजिल के फ्लैट संख्या 801 में वकील सुनील शर्मा रह रहे थे। शुक्रवार रात करीब 10.45 बजे पुलिस ने दबिश दी। तभी जोर से गिरने की आवाज आई। गार्ड और नीचे टहल रहे लोगों ने देखा कि वकील सुनील शर्मा लहुलुहान हालात में पड़े थे। पुलिस सुनील को उठाकर हास्पिटल ले गई जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि शुक्रवार देर रात थाना न्यू आगरा पुलिस सुनील शर्मा के घर पर दबिश देने गई थी।



# गोकशी गिरोह के 10 सदस्यों पर गैंगस्टर

**बदायूं, अमृत विचार :** गोकशी करके मांस बेचने के आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई जारी है। थाना बिनावर पुलिस ने गोकशी करने वाले गिरोह के 10 सदस्यों के खिलाफ उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी निवारण अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की है। गिरोह में चार आरोपी बरेली जिले के हैं, जो कई क्षेत्र में गोकशी करके पकड़े जा चुके हैं। प्रभारी निरीक्षक ने सभी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव सिकरोड़ी निवासी आसिफ पुत्र पप्पू कुरैशी ने गिरोह बना रखा है। वह गिरोह के सदस्याओं के साथ मिलकर कई गोकशी की घटनाओं को अंजाम दे चुका है।

# इंस्टाग्राम पर दोस्ती की, बरेली बुलाकर किया सामूहिक दुष्कर्म

**संवाददाता, पीलीभीत/ बीसलपुर**

**अमृत विचार :** बरेली के एक युवक ने बिलसंडा क्षेत्र की किशोरी से पहले इंस्टाग्राम पर दोस्ती की। फिर बरेली बुलाकर शादी करने का झांसा दिया दो दोस्तों से मिलकर सामूहिक दुष्कर्म किया। अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी दी गई। आरोपियों ने पीड़िता के जेवर व नकदी भी हड़प ली। सीओ के आदेश पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है।

बिलसंडा थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट के अनुसार क्षेत्र की एक युवती ने पुलिस को बताया कि वह अनुसूचित जाति की है। इंस्टाग्राम पर बरेली के होली चौराहा निवासी वासु देवजल उर्फ शगुन से उसकी दोस्ती हुई थी। फिर दोनों एक-दूसरे से फोन पर बातचीत करने लगे। 31 दिसंबर 2023 को कॉल करके उसे बरेली में सेटेलाइट बस अड्डे के पास बुलाया। पीड़िता अपनी मां की 10 ग्राम की सोने की चेन, दो अंगूठी, कुंडल और 18 हजार रुपये लेकर परिवार को बिना बताए बरेली चली गई। वहां पर वासुदेवल के साथ उसका दोस्त अुर्जुन व एक अन्य व्यक्ति मिले। तीनों युवक उसे किराए के कमरे में ले गए।

# उगाही करने वाला फर्जी सिपाही पकड़ा गया

**बदायूं, अमृत विचार :** पिछले दिनों से एक युवक वर्दी पहनकर खुद को सिपाही बताकर लोगों पर रौब झाड़ रहा था। उगाही करने की फिराक में था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे पकड़ लिया। जांच करने के बाद पता चला कि वह फर्जी सिपाही है, जो महीनों से लोगों पर रौब झाड़ता आ रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करके जेल भेज दिया। कोतवाली सिविल लाइन पुलिस को शनिवार सुबह लगभग नौ बजे सूचना मिली कि एक वर्दी पहना पुलिसकर्मी मुरादाबाद-फर्रुखाबाद राजमार्ग स्थित पटेल चौक स्थित प्रिंस ढाबे के पास है, जो खुद को पुलिस वाला बताकर लोगों पर रौब झाड़ रहा है।

## उत्तराखंड

# जिस युवती को जंगल में खोज रही थी पुलिस, होटल में मिली

**नैनीताल कार्यालय**

● **प्रेमी के साथ रहने के लिए रची थी गुलदार वाली कहानी**

अमृत विचारः शुक्रवार देर शाम से संदिग्ध परिस्थितियों में लापता पंगोट के बगड़तल्ला तोक तोला निवासी 22 वर्षीय युवती के मामले में शनिवार को नया मोड़ आ गया। गुलदार द्वारा उठाए ले जाने की आशंका पर जहां उसे जंगल में ढूंढ़ा जा रहा था, वहीं वह एक विशेष समुदाय के युवक के साथ नैनीताल के होटल में मिली। सर्विलांस की मदद से बरामद युवक-युवती को कोतवाली में काउंसलिंग के बाद एसडीएम कोर्ट में पेश किया गया।

पुलिस के अनुसार शुक्रवार शाम को घर से गायब हुई युवती ने खुद ही अपने को गुलदार द्वारा ले जाने की कहानी रची थी। सबको लगे कि उसे गुलदार ले गया है और वह आराम से युवक के साथ रह सके। इसके लिए उसने अपने कपड़ों को जंगल में फेंक दिया और मोबाइल का कवर भी रास्ते में फेंक दिया। जंगल में उसने थोड़े से खून के धब्बे भी छोड़ दिए थे। इसके बाद वह युवक के साथ नैनीताल होटल में रहने के लिए आ गई। युवती ने बताया कि वह पांच साल से लड़के को जानती है। उधर, घटना की सूचना के बाद बड़ी संख्या में कोतवाली पहुंचकर हिंदुवादी संगठनों ने लव जिहाद के मामले को लेकर हंगामा भी किया।

कोटाबाग के ब्लॉक प्रमुख रवि कन्याल ने कहा कि विशेष समुदाय के युवक द्वारा युवती को बहलाया-फुसलाया गया है। इसमें कई लोग शामिल हो सकते हैं। इसलिए इसकी जांच होनी चाहिए। ये लोग धीरे-धीरे ग्रामीण क्षेत्रों में भी घुसने लगे हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का शांति प्रिय वातावरण खराब हो रहा है। वहीं पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष मनोज जोशी ने कहा कि पहाड़ में भी लव जिहाद का मामले आने लगे हैं, जो काफी चिंताजनक है। इस पर रोक लगनी चाहिए।

# आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क दुर्घटना में मौत

**हरिद्वार, अमृत विचार :** आईआईटी रुड़की के दो छात्रों की सड़क हादसे में मौत हो गई। पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के साथ ही शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिए हैं। पुलिस के मुताबिक शनिवार सुबह साढ़े 4 बजे के करीब थाना कलियर क्षेत्र में कांवड़ पटरी धनोरी में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने की सूचना मिली। घायलों को अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। दोनों पीएचडी के छात्र थे। मृतकों की पहचान शशि गौरव (33) पुत्र शशि भूषण सिन्हा निवासी बिहार व कमलेश मीणा (34) पुत्र बाबू लाल मीणा राजस्थान के रूप में हुई।

# बागजाला: वनभूमि पर अवैध निर्माणों पर चला बुलडोजर

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

● **0.75 हेक्टेयर वन भूमि से हटाया गया अतिक्रमण**

अमृत विचार : वन विभाग की जेसीबी ने बागजाला में वन भूमि पर बन रहे आठ निर्माणों को ध्वस्त कर दिया। वन विभाग ने करीब पौन हेक्टेयर वन भूमि को अतिक्रमणमुक्त करा अपने कब्जे में ले लिया है। इन आठों अतिक्रणमकारियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जा रहा है।

तराई पूर्वी वन डिवीजन की गौला रेंज के अंतर्गत बागजाला में वन भूमि पर अतिक्रमण हैं। इस भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए वन विभाग, प्रशासन व पुलिस ने संयुक्त अभियान चलाया। शनिवार को गौला एसडीओ अनिल जोशी, एसडीएम परितोष वर्मा, एएसपी प्रकाश चंद्र के नेतृत्व वन, पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम बागजाला पहुंची। टीम ने सबसे पहले कुंवरपुर बीट के अंतर्गत जोश्याड़ी बूबू मंदिर पहुंची। यहां अवैध ढंग से प्लॉटिंग कर वन भूमि की चौहद्दी कर दी गई थी।

जेसीबी ने सबसे पहले चौहद्दी ध्वस्त की और प्लॉट की खुदाई कर दी। इसके बाद एक के बाद एक ताबड़तोड़ सात निर्माणाधीन भवनों को जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। इस तरह पौन हेक्टेयर से अधिक भूमि अतिक्रमण मुक्त कराई गई है। वन विभाग ने इस भूमि पर अपना कब्जा ले लिया है।

# सूखी मिर्च के नाम पर गांजा की तस्करी, कार सीज

**संवाददाता, अल्मोड़ा**

**अमृत विचार :** शनिवार को सल्ट पुलिस ने गौलेखाल मार्ग पर सूखी मिर्च के नाम पर गांजा ले जा रहे एक तस्कर को दबोचा है। उसके पास से दो कट्टों में 15 किलो गांजा बरामद हुआ है। पुलिस ने अभियुक्त के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एसएसपी देवेंद्र पींचा के निर्देश पर सल्ट थानाध्यक्ष अजेंद्र प्रसाद ने पुलिस टीम के साथ मौलेखाल, शशीखाल, हिनौला क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया। तभी मरचूला के पास गौलीखाल की ओर से एक कार संख्या यूए 06 एफ-0333 आती दिखाई दी। शक होने पर कार को रोककर चालक से पूछताछ की तो उसने अपना नाम रोहन कुमार निवासी काशीपुर बताया। कार सवार ने बताया कि वह सूखी मिर्चों का व्यापारी है और मिर्च खरीद कर लौट रहा है। टीम ने जब कार की तलाशी ली तो उसमें से दो कट्टों में करीब पंद्रह किलो गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने सख्ती से पूछताछ की तो अभियुक्त ने बताया कि गांजा रसिया महादेव के अलग-अलग गांवों से खरीद कर लाया है।

# मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल छह माह बढ़ा

**देहरादून, अमृत विचार :** उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी का कार्यकाल आगामी 30 सितंबर तक छह माह के लिए बढ़ा दिया गया है। वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राधा रतूड़ी प्रदेश की पहली महिला मुख्य सचिव हैं। हाल ही में उन्होंने मुख्य सचिव पद की कमान संभाली थी। राधा रतूड़ी अपर मुख्य सचिव पद पर थीं। रतूड़ी के पति अनिल कुमार रतूड़ी पुलिस महानिदेशक के पद से सेवानिवृत्त हैं। वह प्रदेश के पहले नौकरशाह दंपत्ति हैं, जिन्हें पुलिस, प्रशासन के सबसे बड़े ओहदे की कमान संभालने का मौका मिला है।

# रैगिंग करने वालों पर जुर्माना हॉस्टल से निकाला गया

**कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी**

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कॉलेज में हुई रैगिंग को लेकर एंटी रैगिंग कमेटी ने बैठक की। रैगिंग में शामिल चारों मेडिकल और एक नर्सिंग छात्र पर आर्थिक दंड लगाया है। सभी मेडिकल छात्रों को हॉस्टल से बाहर का रास्ता दिखा दिया है।

शनिवार को राजकीय मेडिकल कॉलेज में एंटी रैगिंग कमेटी बैठक हुई। कमेटी ने रैगिंग में प्रमुख भूमिका निभाने वाले 2019 बैच के मेडिकल छात्र (इटर्न) पर 30 हजार का जुर्माना लगाया गया है। साथ ही उसको हास्टिल से निष्कासित करने के साथ ही 15 दिन इंटर्नशिप को बढ़ा दिया गया है। इसके अलावा रैगिंग में साथ रहे इंटर्न छात्र, 2020 बैच के छात्र व पीजी के छात्र को 25-25 हजार का आर्थिक दंड लगाने के साथ ही हॉस्टल से बाहर कर दिया गया है। रैगिंग में शामिल रहे एक नर्सिंग के छात्र (डे स्कॉलर) को 25 हजार का जुर्माना लगाया है। मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ अरुण जोशी ने बताया कि सभी छात्रों को आर्थिक दंड 8 मार्च तक जमा करना है। इसके अलावा पांचों छात्रों के परिजनों से शपथ पत्र लिया जाएगा।

# नकली दवा बनाने का आरोपी पकड़ा गया

**काशीपुर, अमृत विचार :** ड्रग इंस्पेक्टर के नेतृत्व में टीम ने कुंडेश्वरी स्थित एक मकान से बड़ी तादाद में अपमिश्रित दवा व पैकिंग का सामान बरामद किया। इस मामले में तीन लोगों के खिलाफ मिलावटी दवा तैयार कर बेचने और धोखाधड़ी करने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज करायी गई है। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो अन्य की तलाश की जा रही है। डीएम उदयराज सिंह के निर्देश पर शुक्रवार को पुलिस टीम ने कुंडेश्वरी स्थित एक मकान में छापा मारा था। टीम ने मौके से मधु नाशक दवा के सील बंद डिब्बे, प्रिंटेड रैपर के अलावा एलोपैथिक दवाइयां आदि बरामद की थीं।

## एक नजर

### फडणवीस को जान से मारने की धमकी देने का आरोपी गिरफ्तार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को जान से मारने की धमकी देने वाले 28 वर्षीय युवक को शनिवार को सतारा से गिरफ्तार कर लिया गया। सांताक्रूज पुलिस थाने के अधिकारी ने कहा कि बीड के रहने वाले किंचक राधाकृष्ण नवले नामक युवक ने एक यूट्यूब चैनल को दिये गये एक साक्षात्कार में जान से मारने की धमकी दी और उपमुख्यमंत्री के खिलाफ आपत्तिजनक भाषा का भी इस्तेमाल किया। अधिकारी ने बताया कि पड़ोसी रायगढ़ जिले के पनवेल से योगेश सावंत नामक व्यक्ति को सोशल मीडिया मंच पर नवले का साक्षात्कार साझा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार्यकर्ता अक्षय पनवेलकर की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि अदालत ने पेशे से किसान नवले और सावंत को पुलिस हिरासत में भेज दिया है और यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि उन्होंने ऐसा क्यों किया।

### ब्रजेश मेहरोत्रा होंगे बिहार के नए मुख्य सचिव

**पटना।** बिहार सरकार ने शनिवार को भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के वरिष्ठ अधिकारी ब्रजेश मेहरोत्रा को नया मुख्य सचिव नियुक्त किया। आईएएस के 1989 बैच के अधिकारी मेहरोत्रा वर्तमान में राज्य के मुख्य सूचना आयुक्त होने के अलावा सामान्य प्रशासन और संसदीय मामलों के अतिरिक्त प्रभार के साथ राजस्व और भूमि सुधार के अपर मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत हैं। एक सरकारी अधिसूचना के मुताबिक मेहरोत्रा 4 मार्च को अपना नया कार्यभार संभालेंगे।

### भारतीय नौसेना का नाविक जहाज से लापता

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना के एक नाविक के 27 फरवरी से नौसेना के एक जहाज से लापता होने की सूचना है और उनका पता लगाने के लिए बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया गया है। पश्चिमी नौसेना कमान ने कहा कि नाविक की पहचान साहिल वर्मा के रूप में की गई है और इस घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। कमान ने कहा, 'इस घटना में साहिल वर्मा के 27 फरवरी 2024 से तैनाती के दौरान भारतीय नौसेना के जहाज से समुद्र में लापता होने की सूचना मिली है।'

# हमारी सरकार बनी तो पहला काम होगा जातिगत जनगणना: राहुल

## भारत जोड़ो न्याय यात्रा के मध्य प्रदेश में प्रवेश के बाद बोले कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष

**भोपाल, एजेंसी**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर बड़े उद्योगपतियों के लिए काम करते हुए किसानों के हितों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए शनिवार को कहा कि पार्टी के घोषणापत्र में किसानों को कानूनी रूप से न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) प्रदान करने का वादा शामिल है। 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के मध्य प्रदेश में प्रवेश करने के बाद मुरैना में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल ने जाति आधारित गणना की मांग दोहराई और दावा किया कि देश की 73 प्रतिशत आबादी की अर्थव्यवस्था के अधिकांश क्षेत्रों के साथ-साथ नौकरशाही के शीर्ष स्तरों पर कोई उपस्थिति नहीं है।

राहुल ने बाद में ग्वालियर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र में सत्ता में आने के बाद जाति आधारित गणना कराना विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन सरकार का पहला काम होगा। उन्होंने जाति आधारित गणना के मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। राहुल गांधी ने कहा कि उनकी दूसरी यात्रा मणिपुर से शुरू हुई, क्योंकि भाजपा की विचारधारा ने उस राज्य में आग लगा दी है, जहां लोग एक-दूसरे को मार रहे हैं, जबकि कांग्रेस नफरत के खिलाफ है।

राहुल ने मुरैना में आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार ने दस से पंद्रह उद्योगपतियों के 16 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए, लेकिन किसानों को एमएसपी (कानूनी रूप से गारंटी) देने से इनकार कर रही है। पंजाब और हरियाणा में किसान संगठन वर्तमान में फसलों के लिए एमएसपी की कानूनी गारंटी देने के लिए आंदोलन कर रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा, 'हमने घोषणापत्र में वादा किया है कि केंद्र की सत्ता में आने पर कांग्रेस देश के किसानों को कानूनी तौर पर एमएसपी देगी।' उन्होंने आरोप लगाया कि किसान केवल एमएसपी, अपनी उपज और कड़ी मेहनत के लिए सही कीमत मांग रहे हैं, लेकिन जब फसल कटाई के लिए तैयार हो जाती है तो केंद्र सरकार कृषि वस्तुओं की कीमतों को कम करने के लिए अपनी आयात-निर्यात नीति में बदलाव कर देती है।



### पाकिस्तान-बांग्लादेश से भी दोगुनी है बेरोजगारी

राहुल ने कहा कि देश में 22 अमीर लोगों के पास आधी आबादी के बराबर संपत्ति है और पांच फीसदी अमीर लोगों के पास 60 प्रतिशत पैसा है। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारी का स्तर 40 वर्षों में उच्चतम स्तर पर है। राहुल ने कहा कि देश में बेरोजगारी पाकिस्तान और बांग्लादेश की तुलना में दोगुनी है। कांग्रेस नेता ने कहा कि वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) और नोटबंदी को लागू करने के नरेंद्र मोदी सरकार के फैसले से बेरोजगारी में वृद्धि हुई, क्योंकि इन उपायों ने अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित किया, खासकर छोटे और मध्यम व्यवसायों को, जो युवाओं को रोजगार देते हैं।

# सीएए का विरोध करने वालों को सुप्रीम कोर्ट जाएं : सीएम हिमंत

**गुवाहाटी, एजेंसी**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने शनिवार को संशोधित नागरिकता अधिनियम (सीएए) का विरोध करने वालों से आग्रह किया कि वे आंदोलन करने के बजाय अपनी शिकायत के निवारण के लिए सुप्रीम कोर्ट का रुख करें। अधिनियम के प्रति अपना समर्थन व्यक्त करते हुए शर्मा ने कहा कि कई लोग इसका विरोध कर रहे हैं और दोनों दृष्टिकोणों को समायोजित करने की आवश्यकता है।

यहां एक कार्यक्रम से इतर पत्रकारों से बात करते हुए शर्मा ने कहा, 'असम में लोगों के दो वर्ग हैं। कुछ लोग सीएए का समर्थन करते हैं और मैं उनमें से एक हूं, और कई लोग हैं, जो इसका विरोध करते हैं।' उन्होंने कहा, 'हमें दोनों दृष्टिकोणों को समायोजित करना होगा। हमें इसके विरोध या समर्थन के लिए किसी की आलोचना नहीं करनी है।' अवैध प्रवासी अधिनियम का उदाहरण देते हुए शर्मा ने कहा, 'लोगों का एक बड़ा वर्ग इसके विरोध में रहा है। इसे सुप्रीम कोर्ट ने रद कर दिया है, किसी आंदोलन ने नहीं।'

## बिलकीस बानो मामले के दो दोषी सुप्रीम कोर्ट पहुंचे

**नई दिल्ली।** बिलकीस बानो मामले में 11 दोषियों में से दो ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर दलील दी है कि उनकी सजा में छूट देने को रद करने संबंधी 8 जनवरी का फैसला 2002 की एक संविधान पीठ के आदेश के खिलाफ था और उन्होंने इस मुद्दे को अंतिम निर्णय के लिए एक वृहद पीठ के पास भेजने का अनुरोध किया। घटना के वक्त बिलकीस बानो 21 साल की थीं और पांच माह की गर्भवती थीं।

# स्थगन के चलन से बढ़ती है वादियों की पीड़ा: प्रधान न्यायाधीश

**भुज, एजेंसी**

प्रधान न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने शनिवार को कहा कि देश की न्यायिक प्रणाली में 'स्थगन का चलन' वादियों की पीड़ा को बढ़ाता है और अदालतों को मामलों पर फैसले सुनाने के लिए नागरिकों के मरने का इंतजार नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी चिंता जताई कि 'जमानत नियम है, जेल अपवाद है' का दीर्घकालिक सिद्धांत कमजोर हो रहा है, क्योंकि जिला अदालतें व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़े मामलों से निपटने में झिझक रही हैं।

गुजरात के कच्छ जिले के धोर्डो में अखिल भारतीय जिला न्यायाधीशों के सम्मेलन में अपने उद्घाटन भाषण में प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने कहा कि लंबित मामले न्याय के कुशल प्रशासन के लिए एक गंभीर चुनौती पेश करते हैं। उन्होंने कहा, 'एक बड़ा मुद्दा स्थगन का चलन है। कार्यवाही में देरी के लिए बार-बार अनुरोध करने के इस चलन का हमारी कानून प्रणाली की दक्षता और अखंडता पर दूरगामी प्रभाव पड़ता है।'



चीफ जस्टिस ने कहा, 'स्थगन के चलन के बारे में आम लोगों का मानना है कि यह न्यायिक प्रणाली का हिस्सा बन गया है। यह वादियों की पीड़ा को बढ़ा सकता है। मामलों के लंबित रहने के चक्र को कायम रख सकता है।' चंद्रचूड़ ने एक किसान के कानूनी उत्तराधिकारियों के कानूनी कार्यवाही में उलझने के उदाहरण का हवाला देते हुए कहा, 'हमें अपने नागरिकों के मामले के फैसले के लिए उनके मरने का इंतजार नहीं करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि मामलों के लंबित पड़ने की समस्या को दूर करने के लिए प्रणालीगत-प्रक्रियात्मक सुधार करते हुए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की जरूरत है।

# माओवादियों ने कांग्रेस के पक्ष में लगाए नारे: भाजपा विधायक

**बीजापुर, एजेंसी**

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में भाजपा नेता की हत्या के एक दिन बाद पार्टी के वरिष्ठ विधायक और पूर्व मंत्री महेश गागड़ा ने इस घटना को 'लक्षित' हत्या करार दिया और दावा किया कि हमलावरों ने माओवादी आंदोलन के साथ-साथ कांग्रेस पार्टी की सराहना करते हुए नारे लगाए थे। सत्तारूढ़ पार्टी के जिला स्तर के नेता और जनपद पंचायत के सदस्य तिरुपति कटला की शुक्रवार रात संदिग्ध नक्सलियों ने उस समय हत्या कर दी, जब वह बीजापुर जिले के तोयनार गांव में एक विवाह समारोह में शामिल होने गए थे।

पिछले एक वर्ष में राज्य के माओवाद प्रभावित इलाकों में संदिग्ध नक्सलियों द्वारा किसी भाजपा नेता या सदस्य की यह सातवीं हत्या थी।


## कार्यालय प्रकाश विभाग, नगर निगम, बरेली

**पुनः अति अल्पकालीन ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

पत्रांक 182/प्र.वि./2023-24 दिनांक : 02.03.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा 15वां वित्त आयोग निधि के अन्तर्गत आई.वी.आर.आई. के मुख्य मार्ग पर विद्युत पोल लगाने हेतु अनुभवी फर्मों से ई-निविदाएं द्वि-बिड पद्धति (तकनीकी एवं वित्तीय) के अन्तर्गत आमंत्रित की जानी हैं। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं. -4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-05 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+GST ऑनलाइन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं.-3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगी तथा एफ.डी.आर. प्रभारी प्रकाश, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती हैं।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 04-03-2024 - (01:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 04-03-2024 - (03:00 PM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 06-03-2024 - (02:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 06-03-2024 - (03:00 PM) |
| वित्तीय बिड खोले जाने की तिथि/समय | तकनीकी बिड खुलने के पश्चात |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**प्रभारी प्रकाश,**
**नगर निगम, बरेली**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान (बदायूँ)

पत्रांक : 4861(5)/XXIII-2023-24 दिनांक : 29.03.2024

**नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, सहसवान के वर्ष 2024-25 के वाहन स्टैण्ड व सब्जी मण्डी/चट्टा किराया, ठेके की नीलामी दिनांक 07.03.2024 की पूर्वान्ह 11:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद, सहसवान के प्रांगण में की जायेगी। बोलीदाता को बोली लगाने से पूर्व जिलाधिकारी महोदय, बदायूँ द्वारा निर्गत चरित्र प्रमाण पत्र तथा हैसियत प्रमाण पत्र एवं जमानत राशि के रूप में निर्धारित धनराशि पालिका कोष में नकद जमा करना अनिवार्य होगा। जो वाहन स्टैण्ड के लिए 03.00 लाख तथा अन्य ठेकाजात के लिए 25 हजार रूपये होगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति/ठेकेदार नियत स्थान व तिथि पर उपस्थित होकर नीलामी की बोली लगा सकते हैं। नीलाम की अन्य विस्तृत जानकारी किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय से प्राप्त व देखी जा सकती है। नीलामी स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में निहित होगा। यदि किसी कारणवश नियत तिथि को नीलामी सम्पन्न नहीं हो पाती है तो पूर्व निर्धारित नियम व शर्तो के अधीन पुनः बोली/नीलामी दिनांक 11.03.2024 को पूर्वान्ह 11:00 बजे उपरोक्त नियत स्थान पर कराई जायेगी।

**नीलाम हेतु ठेका :-**

1. ठेका पढ़ाव/वाहन पार्किंग निकट मण्डी समिति, अकबराबाद 2024-25
2. ठेका सब्जी मण्डी/चट्टा किराया, बाजार बिल्सनगंज 2024-25

**अधिशासी अधिकारी न.पा.परि.सहसवान** | **अध्यक्ष न.पा.परि., सहसवान** | **उपजिलाधिकारी सहसवान**



## कार्यालय जलकल विभाग, नगर निगम, बरेली

**अति-अल्पकालीन ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

पत्रांक : 637/ज.क./अधि.अभि./2023-24 दिनांक : 02.03.2024

नगर निगम, बरेली द्वारा नगर निगम निधि के अन्तर्गत कराये जाने वाले आवश्यक कार्य जैसे- 1. संजयनगर सम्पवैल का संचालन (मय लेबर, मेन्टीनेन्स, रखरखाव व डीजल सहित), 2. हजियापुर सम्पवैल का संचालन (मय लेबर, मेन्टीनेन्स व रखरखाव सहित), 3. मढ़ीनाथ सम्पवैल का संचालन (मय लेबर, मेन्टीनेन्स, रखरखाव सहित), 4. शान्ति बिहार सम्पवैल का सचालन (मय लेबर, मेन्टीनेन्स, रखरखाव सहित), 5. कटरा चांद खां सीवर स्टेशन का संचालन (मय लेबर मेन्टीनेन्स, रखरखाव व डीजल सहित), 6. आवास विकास सीवर स्टेशन का संचालन (मय लेबर, मेन्टीनेन्स, रखरखाव व डीजल सहित) तथा 7. ब्रान्च सीवर लाइनों की सफाई व शिकायतों के निस्तारण हेतु वार्षिक दरें (वर्ष 2024-25 हेतु) अनुबन्धित करने हेतु अनुभवी फर्मों से द्वि-बिड पद्धति के अन्तर्गत ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। शासनादेश सं.-3890/नौ-5-149सा/2019 नगर विकास अनुभाग-05 उ.प्र. शासन लखनऊ दिनांक 20 सितम्बर, 2019 के क्रम में उक्त निविदा में नगर निगम बरेली में अपंजीकृत ठेकेदार भी प्रतिभाग कर सकते हैं। सर्वन्यून निविदादाता होने पर सम्बन्धित ठेकेदार को नगर निगम बरेली में पंजीकरण की अर्हता पूर्ण कराकर नगर निगम बरेली में पंजीकरण कराना आवश्यक होगा। पंजीकरण की अर्हता सम्बन्धी विवरण/आवश्यक प्रपत्र की सूचना किसी भी कार्य दिवस में नगर निगम कार्यालय के जलकल विभाग में देखी जा सकती है। ई-निविदा प्रपत्र उत्तर प्रदेश की ई-प्रक्योरमेन्ट की वेबसाईट http://etender.up.nic.in व नगर निगम की वेबसाईट www.nagarnigambareilly.com पर देखी जा सकती है। शासनादेश सं. 4848/नौ-5-2018-470सा/2018 नगर विकास अनुभाग-5 लखनऊ दिनांक 10 दिसम्बर, 2018 के क्रम में निविदा शुल्क+जी.एस.टी. ऑनलाईन आर.टी.जी.एस. के माध्यम से E-TENDER BNN/NAGAR NIGAM BAREILLY के नाम से नगर निगम कोष में नगर निगम बरेली के खाता सं.-3647000100980707 आई.एफ.एस.सी. कोड-PUNB0364700 पंजाब नेशनल बैंक में जमा किया जाना अनिवार्य होगा। जिसकी स्कैन कापी टेण्डर अपलोड करते समय अपलोड करनी होगी। जमानत राशि एफ.डी.आर. के माध्यम से देय होगा तथा एफ.डी.आर. महाप्रबन्धक, जलकल विभाग, नगर निगम बरेली के नाम बन्धक होगी, अन्य शर्तें एवं विवरण निम्नवत् उक्त वेबसाइट पर देखी जा सकती है। ई-निविदाएं निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा डाउनलोड प्रारम्भ की तिथि/समय | 04-03-2024 - (10:00 AM) |
| ई-निविदा अपलोड की प्रारम्भ तिथि/समय | 04-03-2024 - (10:30 AM) |
| ई-निविदा अपलोड की अन्तिम तिथि/समय | 06-03-2024 - (12:00 PM) |
| तकनीकी बिड खोले जाने की तिथि/समय | 06-03-2024 - (12:15 PM) |

कार्यों का विवरण, नियम व शर्तें नगर निगम बरेली के वेबसाइट www.nagarnigambareilly.com पर ई-निविदा लिंक एवं ई-पोर्टल http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है। किसी परिवर्तन, संशोधन व अतिरिक्त सूचनाओं के लिये उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता (जल)**
**जलकल विभाग**



## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, भावलखेड़ा शाहजहाँपुर

पत्रांक:- सी0 902/ क्षेत्र पंचायत/टेन्डर/2023-24 दिनांक:-20.02.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त पंजीकृत ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड भावलखेड़ा जनपद शाहजहाँपुर में वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु केन्द्र वित्त/राज्य वित्त आयोग से निम्न विवरण के अनुसार निर्माण कार्य कराने हेतु मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है

| क्र. सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) रू. | धरोहर राशि (रू.) | निविदा शुल्क (रू.) | ज़मानत धनराशि स्वीकृत निविदा पर 10 प्रति. एफ.डी.आर. (रू.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम अटसलिया में दिनेश बी.डी.सी के मकान से बारात घर तक इण्टरलाकिंग | 350000 | 7000 | 500 | 35000 |
| 2 | ग्राम जमुही में सम्पर्क डामर रोड से ईसाई कब्रिस्तान तक मार्ग निर्माण कार्य | 1000000 | 20000 | 500 | 100000 |
| 3 | ग्राम रौसर में रैन बसेरा के अवशेष निर्माण कार्य। | 1000000 | 20000 | 500 | 100000 |
| 4 | ग्राम ददिउरा में मुख्य मार्ग पर पुलिया का निर्माण कार्य। | 316000 | 6320 | 500 | 31600 |
| 5 | ग्राम मुकरमपुर में राजीव कुमार के मकान से श्री अनिल के मकान तक मार्ग निर्माण कार्य | 200000 | 4000 | 500 | 20000 |
| 6 | ग्राम वाजिदपुर में मदनलाल के मकान से तिराहे तक इण्टर लाकिंग निर्माण कार्य | 155000 | 3100 | 500 | 15500 |
| 7 | ग्राम करौंदाहार में पुलिया से तालाब तक नाला निर्माण कार्य | 1000000 | 20000 | 500 | 100000 |
| 8 | ग्राम सरसवां में लालाराम के मकान से महेन्द्र के मकान तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य | 436000 | 8720 | 500 | 43600 |
| 9 | ग्राम मिश्रीपुर में इंग्लिस मीडियम प्रा. स्कूल के पुराने जर्जर भवन का जीर्णोद्धार कार्य | 1000000 | 20000 | 500 | 100000 |

निविदा प्रपत्र विकास खण्ड कार्यालय भावलखेड़ा में दिनाँक 21.02.2024 से 07.03.2024 तक निविदा शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते हैं। निविदायें दिनाँक 08.03.2024 को अपरान्ह 12:00 बजे तक जमा की जा सकती हैं। दिनाँक 08.03.2024 को पूर्वान्ह 04:00 बजे तकनीकी एवं वित्तीय निविदाऐं खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय भावलखेड़ा में निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। उक्त तिथि पर यदि कार्यालय बन्द होता है तो अगले कार्य दिवस पर खोली जायेंगी। निविदाओं की वैधता मूल तिथि से मानी जायेगी। निविदा से संबंधित नियम व शर्ते किसी भी कार्य दिवस पर विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

प्रत्येक कार्य की कुल धनराशि पर 02 प्रति. अर्नेस्ट मनी निविदा के साथ जमा करनी होगी। टेंडर स्वीकृत होने पर 08 प्रति. जमानत धनराशि खण्ड विकास अधिकारी के पक्ष में एफ.डी.आर. बन्धक कराकर जमा करनी होगी। अन्यथा 08 प्रतिशत जमानत धनराशि प्रथम बिल से कटौती की जायेगी। बजट की उपलब्धता के अनुसार कार्य कराये जायेगें एवं कार्यादेश जारी किये जायेगें।

निविदा प्रपत्र के साथ पंजीकृत फर्म का पैन नं./जी.एस.टी. नं./लेबर रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र/चरित्र प्रमाण पत्र/हैसियत प्रमाण पत्र/राज्य अथवा केन्द्र सरकार के विभाग में पंजीकरण प्रमाण पत्र की स्वयं प्रमाणित छायाप्रति जमा करना अनिवार्य है।

निविदा स्वीकार/अस्वीकार करने का अधिकार खण्ड विकास अधिकारी भावलखेड़ा में निहित होगा। निविदा से संबंधित कोई भी विवाद मा. न्यायलय शाहजहाँपुर में ही मान्य होगा।

**(अभिषेक अग्रवाल)**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**भावलखेड़ा-शाहजहाँपुर**




## राष्ट्रीय बधिरता बचाव एवं रोकथाम कार्यक्रम

(एन0पी0पी0सी0डी0)

### हमें अपने कान का ध्यान क्यों रखना चाहिए ?

क्योंकि श्रवण शक्ति एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा दुनियाँ से हमारा सम्पर्क होता है।



कान में रिसा? सावधान! अपने कान बचाइए

**अगर आपका या आपके बच्चे का कान बहता है तो...**

- कान में पानी न जाने दें और किसी प्रकार का तरल पदार्थ न डालें।
- मवाद को साफ और नरम कपड़े से साफ करें
- मवाद में बदबू होना या खून आना गम्भीर रोग के लक्षण हो सकते हैं।
- गंदे पानी में तैरने/नहाने से बचें
- अस्वच्छ वातावरण में रहने से बचें
- तुरंत स्वास्थ्य केन्द्र में जाँच करायें।

**बच्चों में कान की देखभाल हेतु अध्यापकों के लिए सुझाव**

- बच्चा यदि कक्षा में अनमना रहे और ध्यान न दे तो हो सकता है वह कम सुनता हो।
- यदि बच्चे का कान बहता हो या कम सुनता हो तो उसकी डॉक्टरी जांच करवायें।
- बच्चों को कान में कुछ डालने से रोकें एवं कभी कान पर न मारें।

अधिक जानकारी के लिए जिला चिकित्सालय एवं नज़दीकी स्वास्थ्य केन्द्र पर सम्पर्क करें

जिलाधिकारी शाहजहाँपुर | जिला स्वास्थ्य समिति शाहजहाँपुर | मुख्य चिकित्सा अधिकारी शाहजहाँपुर



## कार्यालय ग्राम पंचायत भजनई, वि.खं. मझगवां, जिला बरेली

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत भजनई, वि.खं. मझगवां, जनपद बरेली में वित्तीय वर्ष 2023-24 में मनरेगा योजना के अन्तर्गत स्वीकृत निम्नलिखित निर्माण कार्यों पर निर्माण सामग्री जैसे-ईंट, सीमेन्ट, बजरफुट, बजरी, सरिया, आदि (विवरण व मात्रा ग्राम पंचायत कार्यालय पर उपलब्ध है) गुणवत्ता पूर्ण उच्च कोटि की सामग्री निर्माण स्थल पर आपूर्ति करने हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय पर ग्राम पंचायत कमेटी के समक्ष खोली जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है :-

| क्र.सं. | कार्य का नाम | माप | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | राजा राम के घर से राज पाल के घर तक सी.सी. एवं नाला निर्माण कार्य | 71.0 मी. | 3,99,665/- |
| 2. | नेतराम के घर से राजा राम के घर तक सी.सी. एवं नाली निर्माण कार्य | 73.0 मी. | 3,99,303/- |
| 3. | ओमकार के घर से नेतराम के घर तक सी.सी. एवं नाला निर्माण कार्य | 71.0 मी. | 3,99,655/- |

नोट : किसी भी/समस्त निविदाओं को स्वीकार करने एवं निरस्त करने का अधिकार ग्राम पंचायत अधिकारी/ग्राम पंचायत कमेटी का होगा। निविदा से सम्बन्धित कोई भी विवाद मा. न्यायालय जनपद बरेली में ही विचाराधीन/मान्य होगा।

**प्रधान-हेमवती** **सचिव-विनोद व्यास**



## कार्यालय नगर पालिका परिषद, पीलीभीत

पत्रांक : 587/न.पा.परि.पी./2023-24 दिनांक : 01.03.2024

**सार्वजनिक नोटिस**

निजी सेप्टिक टैंक क्लीनर (डी-स्लेजिंग ऑपरेटर) का पंजीकरण कैम्प नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के कार्यालय में दिनांक 01.03.2024 से 10.03.2024 तक कराये जाने के सम्बन्ध में।

नगर पालिका परिषद, पीलीभीत कार्यालय से सभी निजी सेप्टिक टैंक सफाई करने वालों को सूचित किया जाता है कि :-

1. नगर पालिका परिषद, पीलीभीत में मल एवं गाद को खाली करने और परिवहन प्रदान करने के लिये शहरी क्षेत्र में कार्यरत सभी निजी कचरा निस्तारण कर्ताओं कां पंजीकृत करने और सभी निजी कचरा निस्तारणकर्ताओं को लाईसेन्स जारी करने का निर्णय लिया गया है। निजी गन्दगी हटाने वालों को शहर में अपना कार्य करने के लिये पंजीकरण की आवश्यकता होगी।
2. इस लिये नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के कार्यालय में सभी निजी ऑपरेटर के पंजीकरण के लिये 01.03.2024 से 10.03.2024 के दौरान एक पंजीकरण शिविर का आयोजन कर रहा है। पंजीकरण का समय प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक होगा।
3. पंजीकरण शुल्क रूपया 2500.00 निर्धारित किया गया है, हालांकि पंजीकरण शिविर की अवधि में पंजीकरण कराये जाने पर 100/- शुल्क लिया जायेगा एवं अवधि समाप्त होने के उपरान्त पंजीकरण रूपया 2500.00 जमा करना अनिवार्य होगा।
4. लाईसेन्स शुल्क का वार्षिक नवीनीकरण रू. 1500.00 निर्धारित है।
5. यदि कोई निजी सेप्टिक टैंक क्लीनर (डी-स्लेजिंग आपरेटर) अपंजीकृत पाया जाता है और शहर की सीमाओं के भीतर कार्य करता है तो सम्बन्धित के विरूद्ध नगर पालिका परिषद, पीलीभीत द्वारा रू. 10,000.00 जुर्माना अधिरोपित किया जायेगा। जुर्माना धनराशि जमा न करने वाले आपरेटर के ऊपर शासनादेशानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।
6. निजी सेप्टिक टैंक क्लीनर के द्वारा सेप्टिक टैंक खाली करने के पश्चात मल को नगर पालिका परिषद, पीलीभीत के टाईगर तिराहा, पीलीभीत स्थित एफ.एस.टी.पी. प्लांट पर ही खाली किया जायेगा, यदि अन्य स्थान पर मल के टैंक को खाली किया जाता है तो रू. 10000/- का जुर्माना वसूल किया जायेगा। साथ ही वैधानिक कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।
7. निजी सेप्टिक टैंक क्लीनर टैंक साफ करते समय सम्पूर्ण पी.पी.ई. किट पहन कर ही टैंक की सफाई करेगा, अन्यथा शासनादेशानुसार विधिक कार्यवाही की जायेगी।
8. लाईसेन्स की अवधि एक वित्तीय वर्ष (अप्रैल से मार्च) तक होगी।

**अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद, पीलीभीत** **अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, पीलीभीत**

# गैंगरेप मामले में प्रमुख सचिव गृह को हाईकोर्ट का समन

## पीड़िता के रिश्ते में भाई को हाईकोर्ट ने दी बड़ी राहत

चित्रकूट कार्यालय

**अमृत विचार :** मानिकपुर के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में शिक्षकों द्वारा एक छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस द्वारा पीड़िता के रिश्ते के भाई को ही दोषी बनाने का संज्ञान हाईकोर्ट ने लिया है। पीड़िता के भाई ने हाईकोर्ट के इस फैसले पर खुशी जाहिर की है। पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस मामले में हाईकोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह को व्यक्तिगत रूप से 16 अप्रैल को उपस्थित होने के लिए सम्मन जारी किया है और पुलिस का पक्ष रखने को कहा है।

गौरतलब है कि मानिकपुर के एक कालेज में पिछले साल जुलाई-अगस्त में एक सनसनीखेज मामला सुर्खियों में रहा था। हाईस्कूल की




एक छात्रा ने कालेज के प्रधानाचार्य समेत चार शिक्षकों पर लगभग चार माह से लगातार दुराचार करने का आरोप लगाया था। तब पुलिस ने तीन आरोपियों सहित पीड़िता के फुफेरे भाई को भी जेल भेज दिया था।

पीड़ित के अधिवक्ता विनय कुमार पाल ने बताया कि इस पर 29 जुलाई 23 को ही एफआईआर दर्ज की गई थी और उसी दिन इसे जेल भेज दिया गया था। छह महीने तक इसे जेल में रहना पड़ा और तब जमानत हुई थी। उन्होंने बताया कि उन्होंने पीड़ित की ओर से हाईकोर्ट में मिसलेनियस अपलीकेशन दिया था। इस पर उच्च न्यायालय ने पीड़ित युवक को बड़ी राहत दी है। अधिवक्ता ने बताया कि कोर्ट ने पूरे मामले में प्रथमदृष्टया पीड़ित युवक के खिलाफ कोई सुबूत न मिलने की बात मानी है और मुख्य सचिव गृह (प्रिंसिपल सेकेट्री होम) को 16 अप्रैल को व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर पुलिस का पक्ष, कि किन परिस्थितियों और सुबूतों के आधार पर पीड़िता के भाई को दोषी बनाया, रखने के आदेश जारी किए हैं। अधिवक्ता ने यह भी जानकारी दी कि इस अवधि के दरम्यान कोर्ट ने पीड़ित के खिलाफ कोई भी अपराध न निर्धारित करने के भी आदेश दिए हैं।

## कोर्ट में हाजिर नहीं हुए राहुल गांधी सुनवाई 13 को

**सुलतानपुर, अमृत विचारः** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी के मामले में आरोपित कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और सांसद राहुल गांधी शनिवार को विशेष कोर्ट में हाजिर नहीं हुए। उनके अधिवक्ता काशी शुक्ल ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा की बात कहते हुए हाजिरी माफ करने की अर्जी दी, जिस पर परिवादी के वकील संतोष पांडेय ने विरोध जताया। कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान दर्ज करने के लिए 13 मार्च की तारीख नियत की है। कोतवाली देहात थानाक्षेत्र के हनुमानगंज निवासी बीजेपी नेता विजय मिश्र ने राहुल गांधी के खिलाफ गृहमंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मानहानि का मुकदमा दर्ज कराया है। राहुल गांधी के खिलाफ चार अगस्त 2018 को मानहानि का वाद दायर किया गया था।



## लिव-इन रिलेशनशिप शरीयत के अनुसार जिना और हराम

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मुस्लिम महिला और उसके हिंदू लिव-इन पार्टनर की याचिका पर विचार करते हुए कहा कि कानूनी रूप से विवाहित मुस्लिम महिला किसी अन्य पुरुष के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में नहीं रह सकती है। अन्य पुरुष के साथ उसका ऐसा संबंध शरीयत कानून के अनुसार जिना और हराम होगा। उक्त आदेश न्यायमूर्ति रेनू अग्रवाल की एकल पीठ ने सालेहा और अन्य द्वारा अपने पिता तथा अन्य रिश्तेदारों के खिलाफ दाखिल याचिका को खारिज करते हुए पारित किया है।

कोर्ट ने अपने आदेश में आगे कहा कि महिला के अपराधी कृत्य को कोर्ट द्वारा समर्थन और संरक्षण नहीं दिया जा सकता है। कोर्ट ने महिला के लिव-इन रिलेशनशिप पर टिप्पणी करते हुए कहा कि मुस्लिम कानून (शरीयत) के प्रावधानों का उल्लंघन करके महिला अपने साथी के साथ रह रही है। शरीयत के अनुसार विवाहित मुस्लिम महिला कानूनी रूप से दूसरा विवाह नहीं कर सकती है। अगर वह ऐसा करती है तो उसके कृत्य को व्यभिचार (जिना) और अल्लाह द्वारा निषिद्ध कार्य (हराम) के रूप में परिभाषित किया जाता है। ऐसा करने पर याची के खिलाफ आईपीसी की धाराओं के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

महिला ने अपने माता-पिता और उसके परिवारीजनों से अपनी और अपने साथी की जान को खतरा बताया था। महिला का विवाह मोहसिन नामक व्यक्ति से हुआ था, जिसने 2 साल पहले दोबारा शादी कर ली और वर्तमान में दूसरी पत्नी के साथ ही रह रहा है। इसके बाद महिला अपने पिता के घर में रहने लगी। पिता के दुर्व्यवहार के कारण वह हिंदू व्यक्ति के साथ लिव-इन में रहने लगी।इसके अलावा महिला ने धर्मांतरण अधिनियम का भी पालन नहीं किया है। याची ने पारिवारिक सदस्यों से जान का खतरा होने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर के समक्ष अभ्यावेदन दिया, जिस पर कोई सुनवाई नहीं हुई।

## सार-संक्षेप

### गृहमंत्री अमित शाह के मामले में सुनवाई टली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोप में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह व दो अन्य के खिलाफ दायर मानहानि केस में गवाह के न आने के कारण सुनवाई के लिए कोर्ट ने चार मार्च की तारीख नियत की है। एमपी-एमएलए की विशेष कोर्ट में परिवादी वरुण मिश्र का बयान कोर्ट में दर्ज किया जा चुका है। कोर्ट में शनिवार को परिवादी के अन्य गवाह का बयान होना था। यूथ कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष वरुण मिश्र ने गृहमंत्री अमित शाह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय जायसवाल और विनय मालवीय के खिलाफ 22 फरवरी 2018 को कोर्ट में परिवाद दायर किया था। परिवादी का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने 10 जून 2017 को छत्तीसगढ़ में महात्मा गांधी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। अजय जायसवाल और विनय मालवीय पर सोशल मीडिया में आपत्तिजनक टिप्पणी करने का आरोप है। इससे परिवादी की भावनाएं आहत हुईं।

### जेल में बने थैलों में मिलेगा रामलला का प्रसाद

**अयोध्या, अमृत विचार :** श्री रामलला का प्रसाद अब जेल में बंदियों द्वारा बनाये गये थैलों में भी देने की तैयारी है। फतेहपुर जेल की पॉलीथिन मुक्त पहल को देखते हुए श्री रामजन्म भूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चम्पत राय ने जेल अधीक्षक को थैलों की आपूर्ति के लिए पत्र लिखा है। विहिप के मीडिया प्रभारी शरद शर्मा ने शनिवार को बताया कि फतेहपुर जेल के अधीक्षक मोहम्मद अकरम खान ने ट्रस्ट के पास बंदियों के हाथ से बने राम मंदिर छपे भगवा रंग के 1100 थैले भिजवाये थे। अधीक्षक ने बताया था कि पॉलीथिन मुक्त भारत अभियान के तहत जेल के बंदियों ने इसे स्वयं तैयार किया है। श्री रामजन्म भूमि तीर्थ ट्रस्ट के महामंत्री को थैला पसंद आया तो उन्होंने भुगतान के आधार पर और थैलों की मांग भेजी है। इसमें उन्होंने छपाई में थोड़ा संशोधन और आकार कुछ बड़ा करके इन थैलों का मांगपत्र भेजा है। ट्रस्ट 10×10 इंच के 5000 भगवा थैला को प्रथम चरण में मंगा कर के बंदियों के परिश्रम का सम्मान बढायेगा।



### भरोसा बरकरार, लल्लू सिंह को फिर मिला टिकट

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा केंद्रीय चुनाव समिति ने एक बार फिर मौजूदा सांसद लल्लू सिंह पर भरोसा जताते हुए फैजाबाद संसदीय क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया है। उनके नाम का शनिवार देर शाम एलान होते ही आवास पर बधाई देने वालों का तांता लग गया। भाजपा के पुराने पार्टी कार्यालय पर आतिशबाजियां की गईं और पदाधिकारियों ने एक-दूसरे का मुंह मीठा कराकर बधाई दी। जय श्रीराम के नारे लगाए। लल्लू सिंह 2004 में मित्रसेन से और 2009 में निर्मल खत्री से लोकसभा चुनाव हार गए थे। इसके बाद 2014 से लेकर अब तक वह दो बार से लगातार संसदीय क्षेत्र से सांसद हैं। पांचवीं बार टिकट पाने के बाद लल्लू सिंह ने कहा कि यह सब रामलला की कृपा है। उन्हीं के आशीर्वाद से एक बार फिर भाजपा लोकसभा चुनाव में अपना परचम लहराएगी। देर शाम केंद्रीय चुनाव कार्यालय पर पहुंचे सांसद लल्लू सिंह का पूर्व जिलाध्यक्ष कमलाशंकर पांडेय, अवधेश पांडेय बादल, पूर्व नपा अध्यक्ष विजय गुप्ता, भाजपा नेता गिरीश पांडेय डिप्पुल समेत अन्य नेताओं ने स्वागत किया और बधाई देते हुए उन्हें मिठाई खिलाई।

### कल मध्य प्रदेश की कैबिनेट करेगी रामलला के दर्शन

**अयोध्या, अमृत विचार :** लोस चुनाव से पहले भाजपा शासित राज्यों के मुख्यमंत्री व मंत्री रामलला के समक्ष पहुंचने लगे हैं। सोमवार को मध्य प्रदेश की सरकार रामलला के दरबार में हाजिरी लगाएगी। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी कैबिनेट अयोध्या पहुंच रामलला का दर्शन-पूजन करेगी।

# पेपर वायरल कर यूपी बोर्ड को बदनाम करने की थी साजिश

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- जांच कमेटी ने सभी तथ्य जुटाने के बाद निकाला निष्कर्ष
- आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अधिकरियों ने ली राहत की सांस

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड परीक्षा के दौरान आगरा के अतर सिंह इंटर कॉलेज में प्रश्नपत्र की फोटो वायरल किए जाने के मामले में शिक्षा विभाग की जांच कमेटी भी अपने निष्कर्ष पर पहुंच गई है। जांच कमेटी ने पाया कि एक षडयंत्र के साथ यूपी बोर्ड को बदनाम करने की साजिश रची गई थी। इसमें कोई बाहरी गैंग सक्रिय नहीं था। प्रश्नपत्र की फोटो को वायरल किए जाने के मुख्य आरोपी केन्द्र व्यवस्थापक बने प्रिंसिपल के बेटे विनय चौधरी की गिरफ्तारी के बाद बोर्ड के अधिकारियों ने राहत की सांस ली है। आरोपी ने माना भी है कि उसने खुद से पेपर की फोटो खींचकर वायरल किया था। यूपी बोर्ड की परीक्षा में इंटरमीडिएट गणित और जीव विज्ञान के प्रश्न पत्र सोशल मीडिया पर वायरल होने के मामले में पुलिस की जांच के अलावा भी शिक्षा विभाग ने एक जांच कमेटी बनाई थी, जिस पर कमेटी ने पाया कि बोर्ड को बदनाम करने की साजिश थी।

### निदेशक ने दिया ये तर्क

अमृत विचार से बातचीत करते हुए माध्यमिक शिक्षा निदेशक डॉ. महेन्द्र देव ने बताया कि पेपर की फोटो को स्कूल के ग्रुप पर वायरल किया था। ऐसे में कुछ चुनिंदा लोगों को पास कराने की साजिश नहीं कह सकते हैं। निदेशक ने कहा कि पुलिस भी अपनी जांच कर रही है, लेकिन विभाग की ओर से गठित टीम ने अब पाया है कोई इसमें बाहरी गैंग सक्रिय नहीं नही था। जिसके बाद कॉलेज की मान्यता भी समाप्त कर दी गई है। निदेशक ने कहा विभागीय जांच कमेटी ने भी जांच स्थगित कर दी है।

## पांच शहरों के लिए उड़ान सेवाएं स्थगित

**लखनऊ, अमृत विचार :** लखनऊ से चित्रकूट, मुरादाबाद, अलीगढ़ सहित पांच जिलों के लिए शनिवार से शुरू होने वाली उड़ान सेवाएं स्थगित कर दी गई हैं। अब ये सेवाएं 8 या 9 मार्च को शुरू हो सकती हैं और प्रधानमंत्री इसकी शुरुआत कर सकते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (उडान) को गति देने के उद्देश्य से चौधरी चरण सिंह हवाई अड्डे से सस्ती उड़ान सेवाओं को शुरू किया जा रहा है। फ्लाई बिग एयरलाइंस की ओर से लखनऊ से चित्रकूट, अलीगढ़, मुरादाबाद, श्रावस्ती और आजमगढ़ के लिए उड़ानें शुरू करने की घोषणा हुई थी। एयरलाइंस की ओर से डी-हेवीलैंड डीएससी6-400 एयरक्राफ्ट इस्तेमाल किया जाएगा। फ्लाई विग एयरलाइंस की ओर से विमान सेवाएं शुरू की जा रही हैं। इसका शेड्यूल बीते बुधवार को जारी किया गया था। इसमें 19 सीटर विमानों का इस्तेमाल किया जाएगा।

# पाकिस्तानी जासूस को 10 साल की जेल

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार :** वर्ष 2011 में मुरे कंपनी पुल के पास एसबीआई के एटीएम बूथ से गिरफ्तार किए गए पाकिस्तानी जासूस को शनिवार को एडीजे आठ की कोर्ट ने 10 साल की सजा सुना दी। एटीएस ने उसके खिलाफ रेलबाजार थाने में देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने का अपराध करने की साजिश की धारा में मुकदमा दर्ज कराया था।

देश की गोपनीय जानकारी पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई को मिलने की जानकारी काफी समय से लखनऊ एटीएस को मिल रही थीं। वर्ष 2011 में एटीएस लखनऊ के एसपी रविंद्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मामले की जांच के लिए टीमें शहर में डेरा जमाए थीं। इसी दौरान 18 सितंबर 2011 को टीम के दरोगा विमलेश कुमार राय सेंट्रल स्टेशन पर थे, तभी जानकारी मिली कि रांची थाना जगन्नाथपुर, धुर्वा का रहने वाला फैसल रहमान उर्फ गुड्डू आईएसआई का एजेंट है और मुरे कंपनी पुल स्थित एसबीआई के एटीएम पर खड़ा है। एटीएस की दो टीमों ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेजा था। उसके पास से संवेदनशील नक्शे, होटलों में रुकने के कैश मेमो, डॉक्टर का पर्चा आदि बरामद हुए थे। मामला एडीजे आठ राम अवतार यादव की कोर्ट में चल रहा था। अभियोजन पक्ष ने मुकदमे में 11 गवाहों को पेश किया। कोर्ट ने फैसल रहमान को दोषी पाकर 10 साल कारावास व 50 हजार जुर्माने की सजा सुना दी। पूछताछ में फैसल ने बताया था कि वह बीए तक शिक्षित था और उच्च शिक्षा के लिए रूस में करीब तीन साल रहा था। इसके बाद वह कराची, जमशेद रोड स्थित अपनी मौसी जाकिया मुमताज के पास गया और तीन माह रहकर वापस आया। 1997 में फैसल ने अपनी मौसेरी बहन साइमा फैसल से कराची में शादी की, जो कि गवर्नमेंट इस्लामिया कॉलेज में लेक्चरर थी।

### 25 दिन की ट्रेनिंग के बाद भेजा भारत

आईएसआई अधिकारी की बात मानने के बाद फैसल को कराची के आईएसआई आफिस में 25 दिन ट्रेनिंग दी गई। इस दौरान भारतीय सेना की विस्तृत जानकारी दी गई। इसके बाद उसे भारत भेजा गया। यहां करीब आठ, नौ साल आईएसआई के लिए वह काम करता रहा। इस दौरान उसे करीब 12 लाख रुपये आईएसआई ने दिए, जो कराची के बैंक खाते में जमा होते थे। फैसल हवाला के जरिए रुपया देश में मंगवाता था। फैसल रांची, प्रयागराज, झांसी, बबीना, कानपुर कैंट की सूचनाएं इंटरनेट के माध्यम से भेजता था।

# राजनीतिक दलों को बताना होगा क्यों चुने अपराधिक छवि के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशियों को तीन बार समाचार पत्रों में अपनी अपराधिक छवि के बारे में प्रकाशित करवाना पड़ेगा। इसके अलावा राजनीतिक दलों को भी समाचार पत्रों में यह प्रकाशित करवाना पड़ेगा कि क्यों उन्होंने अपराधिक पृष्ठभूमि वाले प्रत्याशी का चुनाव किया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त शनिवार को विधान भवन में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि पूर्व में हुए चुनावों में जिन निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान कम होता आया है, उनका चिन्हांकन कर वहां पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। इस बार प्रकाशित हुए मतदता सूची में प्रदेश में अब तक 15 करोड़ 29 लाख 22 हजार मतदाता हैं, जिसमें महिलाओं की संख्या 7.15 करोड़ है। 100 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं की संख्या 31 हजार से अधिक है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बार थर्ड जेंडर, दिव्यांगजन और नए मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। प्रदेश के मतदाताओं से चुनाव के महापर्व में बढ़-चढ़कर भाग लेने व मतदान के दिन वोट डालने का आग्रह किया गया है।

लोकसभा चुनाव की तैयारी की समीक्षा करने प्रदेश के भ्रमण पर आये भारत निर्वाचन आयोग की टीम ने कार्यक्रम के तीसरे दिन 'चुनाव का पर्व, देश का गर्व' स्लोगन को जन-जन तक पहुंचाने के लिए योजना भवन से ट्राई कलर गुब्बारों को आकाश में छोड़ा और एलईडी युक्त तीन मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन को फ्लैग ऑफ कर 22 जिलों के लिए रवाना किया। मतदाता जागरूकता एक्सप्रेस वैन स्वीप योजना के तहत 19 लोकसभा क्षेत्रों के अंतर्गत आने वाले लो वोटर टर्न आउट वाले 22 जिलों में भ्रमण कर मतदाताओं को जागरूक करेंगी।

### आयोग ने की मुख्य सचिव व डीजीपी के साथ बैठक

भारत निर्वाचन आयोग ने शनिवार को प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों के साथ ही मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र व पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार और 18 विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिवों के साथ बैठक की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए।

# न्यायालय से धोखाधड़ी करने वाले किसी राहत के हकदार नहीं

विधि संवाददाता,प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने न्यायिक प्रक्रिया के दुरुपयोग की एक प्रथा प्रचलित होने को गंभीरता से लेते हुए कहा कि बेईमान लोगों ने न्यायालय को अनिश्चितकाल तक अवैध लाभ लेने के लिए सुविधाजनक लीवर मान लिया है।

अदालत का दरवाजा खटखटाने वाला वादी मुकदमे से संबंधित सभी दस्तावेजों को प्रस्तुत करने के लिए बाध्य है। अगर वह लाभ प्राप्त करने के लिए किसी महत्वपूर्ण दस्तावेज को रोक देता है तो निश्चित रूप से वह न्यायालय के साथ-साथ विपक्षी के साथ भी धोखाधड़ी करने का दोषी माना जाएगा। कोर्ट ने आगे कहा कि साफ हाथों से न्यायालय आने वाले लोगों का विश्वास उस क्षण टूट जाता है, जब यह पता चलता है कि भौतिक तथ्यों को छिपाया गया है। न्यायालय ऐसे याचियों को कोई भी राहत देने के लिए बाध्य नहीं है जो अवैध लाभ कमाने और धोखाधड़ी के उद्देश्य से मुकदमेबाजी में शामिल होते हैं। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति शेखर बी सर्राफ ने मैसर्स जीनियस ऑर्थो इंडस्ट्रीज की याचिका को खारिज करते हुए की। याची ने संयुक्त आयुक्त सीजीएसटी (अपील), मेरठ द्वारा अपना जीएसटी पंजीकरण रद्द करने के 27 फरवरी 2023 के आदेश से व्यथित होकर वर्तमान याचिका दाखिल की थी। याची का पंजीकरण इस आधार पर रद्द कर दिया गया था कि भौतिक सत्यापन के दौरान अधिकारियों ने यह पाया कि उक्त परिसर में कोई व्यावसायिक गतिविधि संचालित नहीं हो रही थी। याची को कई बार फोन किया, लेकिन उसका फोन बंद था। विभाग द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया गया था, जिसका याची ने जवाब दिया, लेकिन इसके बाद उसका पंजीकरण रद्द करने का आदेश पारित कर दिया गया।

## वर्ग पहेली-360

**बाएं से दाएं**

1. काम-काज अथवा उद्योग-धंधे में लगा रहने वाला, जिसके हाथ में अनेक काम रहते हों, उद्यमी।

4. 1. सुंदर, आकर्षक, मनोहर 2. जिसपर चिह्न या निशान हो, चिह्नित, अंकित।

5. 1. गाड़ी या हल के जुए की लकड़ी जिसके दोनों ओर बैल जोते जाते हैं 2. गाटा।

7. श्मशान में रहने वाली स्त्री, डाकिनी, पिशाचिनी।

8. 1. जिसमें चुंबक या उसके समान गुण हो 2. चुंबक संबंधी।

11. 1. विस्तृत, लंबा-चौड़ा, फैला हुआ 2. जो संकरा न हो।

12. 1. धोखा या चकमा देकर शत्रु पर प्रहार करने वाला व्यक्ति 2. गमन 3. पलायन।, 1. सरका हुआ, खिसका हुआ 2. गत 3. विचलित।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. कार्य, काम, रोज़गार, धंधा, व्यापार, व्यवसाय 2. कारण, प्रयोजन, हेतु 3. विवाह आदि कोई शुभ कार्य 4. कपड़े में बटन लगाने का छेद।

2. रसायन विज्ञान की वह शाखा जिसमें जीवित वस्तुओं में होने वाले रासायनिक प्रक्रमों और वस्तुओं का अध्ययन होता है।

3. 1. ठुमककर चलने की अवस्था

6. छोटा नगाड़ा जिसे बजाकर किसी प्रकार की घोषणा की जाती है, डुग्गी, डुगडुगी।

9. 1. किसी कार्य या उपलब्धि में अपने प्रतिद्वंद्वी से आगे बढ़ जाने की स्थिति 2. चुनाव आदि में एक दल के प्रत्याशी का दूसरे दल के प्रत्याशी से मतों की संख्या में आगे बढ़ जाना, (लीड)।

10. 1. आघात, टक्कर 2. समूह, जमाव, समष्टि 3. हत्या, वध 4. निवास, रहने की जगह 5. शरीर, देह।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | 2 | ■ | 3 |
| | ■ | ■ | 4 | | |
| ■ | 5 | 6 | | ■ | |
| ■ | ■ | 7 | | | ■ |
| 8 | 9 | | | ■ | 10 |
| ■ | | ■ | | ■ | |
| 11 | | | ■ | 12 | |

### वर्ग पहेली - 359 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 उ | ■ | ■ | 2 त | ■ | 3 रा |
| हूँ | ■ | 4 सा | र | को | मा |
| ■ | 5 कु | ली | न | ■ | यु |
| ■ | ■ | ■ | ता | ■ | ध |
| ■ | ■ | 6 अ | र | थी | ■ |
| 7 तृ | षा | वा | न | ■ | ■ |
| ■ | ■ | री | ■ | 8 अ | भि |

## सुडोकू-77

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 8 | | | | 1 | | |
| | 5 | | 9 | 4 | | | 6 | 8 |
| 6 | | | | | 3 | 9 | | |
| 3 | 2 | | 7 | | | 6 | | 4 |
| | | 4 | | 2 | | | 5 | |
| 1 | | 9 | | | 6 | 8 | | 3 |
| | 1 | | 8 | | 4 | | | |
| | 9 | 6 | | | | 5 | | 7 |
| | | | 5 | | | 4 | | |

### सुडोकू - 76 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 1 | 7 | 8 | 9 | 6 | 5 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 6 | 4 | 1 | 5 | 8 | 7 | 9 |
| 9 | 8 | 5 | 7 | 3 | 2 | 4 | 1 | 6 |
| 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 | 1 | 3 | 5 |
| 6 | 5 | 1 | 2 | 8 | 3 | 7 | 9 | 4 |
| 7 | 9 | 3 | 1 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 |
| 5 | 4 | 2 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 7 | 8 | 9 | 4 | 1 | 6 | 5 | 2 |
| 1 | 6 | 9 | 5 | 2 | 8 | 3 | 4 | 7 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 3 मार्च, रविवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-सप्तमी 08.44 तक तत्पश्चात अष्टमी।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**-पश्चिम। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 15.55 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

**मेष** – आज आप किसी अटके हुए कार्य के कारण काफी परेशान हो सकते हैं। तनाव के कारण आप अपने काम पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं। ऐसे लोगों से अपने मन की बातें शेयर न करें जो आपकी भावनाओं को उचित महत्व न देते हों।

**वृष** – आज यदि कहीं बाहर का भोजन ग्रहण कर रहे हैं तो सावधानी बरतें। स्थितियां आपके अनुकूल रहेंगी। आपको कुछ नया और रोमांचक करने का अवसर मिलेगा,जो भी काम शुरू करेंगे उसे सफलतापूर्वक अंजाम तक भी पहुंचा लेंगे।

**मिथुन** – आज दूसरों के साथ तालमेल बैठाने में कई बार थोड़ी परेशानी महसूस होगी। स्वयं की गलतियों को पहचानें और उसे दूर करने का प्रयास करें। जॉब में उच्चाधिकारी आपके प्रदर्शन से संतुष्ट रहेंगे। व्यवसाय की गति काफी अच्छी रहेगी।

**कर्क** – आज बिगड़े रिश्तों को सुधारने की दिशा में प्रयास कर सकते हैं। प्रेमी जन के साथ विवाह को लेकर चर्चा करेंगे। दोस्तों के साथ बाहर कहीं घूमने की योजना बना सकते हैं। पारिवारिक समस्याओं को लेकर आप थोड़ा संवेदनशील रहेंगे।

**सिंह** – आज बुद्धिमान लोगों की संगत प्राप्त होगी। सरकारी कार्य थोड़े उलझते हुए प्रतीत हो रहे हैं। संपत्ति के माध्यम से आपको धन लाभ भी हो सकता है। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। कारोबार में आर्थिक लाभ अपेक्षा से कम होगा।

**कन्या** – आज आप अपनी उपलब्धियों के कारण आत्मविश्वास से भरपूर रहेंगे। परिजनों के साथ आप घूमने की योजना बना सकते हैं। आपको एक साथ कई शुभ समाचार सुनने को मिलेंगे। धार्मिक कार्यों में आप काफी सक्रिय रहेंगे।

**तुला** – आज शाम के समय पुराने दोस्तों से मिलकर के मन प्रसन्न होगा। आप किसी काम के अटकने के कारण थोड़े व्यथित हो सकते हैं। धैर्यवान बने रहें जल्द ही आपके सभी कार्य बनते नजर आएंगे। आय के नए स्रोत बनने की संभावना भी प्रबल है।

**वृश्चिक** – आज आप काफी प्रसन्न मुद्रा में रहेंगे। प्रेमी जोड़े वैवाहिक बंधन में बंधने को लेकर योजना बना सकते हैं। पारिवारिक जीवन आनंदमय रहेगा। नए कारोबारी संबंध विकसित हो सकते हैं। काम के साथ ही आप समाज को भी पर्याप्त महत्व देने वाले हैं।

**धनु** – आज दूसरों के काम की जिम्मेदारी बिल्कुल न लें। घर का माहौल शाम के समय अच्छा रहेगा। मैनेजमेन्ट से जुड़े हुए क्षेत्र में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। आप जैसा चल रहा है बस उसे वैसा ही चलने दें। गुस्से पर नियंत्रण रखें।

**मकर** – आज रिश्तेदारों के साथ किसी आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। बच्चों की सफलता पर आपको गर्व की अनुभूति होगी। ऐश्वर्य और विलासिता के संसाधनों पर धन खर्च करेंगे। पुराने निवेश का लाभ आपको मिल सकता है।

**कुंभ** – आज आप नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। नौकरीपेशा लोग परिवार के साथ क्वालिटी समय बिताना चाहेंगे। स्वजनों से खूब प्रेम व सत्कार मिलेगा। छात्रों के करियर को लेकर दिन बड़ा भाग्यशाली है। सभी जरूरी काम आप समय पर कर लेंगे।

**मीन** – आज बेरोजगार लोगों को नई नौकरी मिल सकती है। करियर को लेकर आप काफी उत्साहित और सकारात्मक रहेंगे। धार्मिक पूजा-पाठ में सम्मिलित हो सकते हैं। लोग आपको सुनना पसंद करेंगे। आपका व्यवहार सभी के प्रति बहुत उदार रहेगा।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
तकदीर का तमाशा – सुबह : 09.26
भाई जी सुपरहिट – रात : 08.28

**Sony Max**
ता रा रम पम – सुबह : 09.45
12 वीं फेल – रात : 07.00

**Sony Pix**
स्पाइडर मैन – सुबह : 10.49
सर्चिंग – रात : 08.59

**Zee Cinema**
तलाश – सुबह : 10.30
कृष – रात : 10.00

**Colors Cineplex**
दोस्ताना – सुबह : 09.35
कभी खुशी कभी गम – रात : 10.18

### आज की सुपरहिट फिल्म




सोनी मैक्स पर रात-07.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पति-पत्नी दोनों कार ऐक्सिडेंट में गुजर गए।
पति भूत बना और बीवी बनी चुड़ैल
कुछ समय बाद दोनों मिले।
बीवी-कितने अलग लग रहे हो भूत बनकर।
पति-पगली तू तो बिल्कुल नहीं बदली।

टीचर- अच्छा बच्चों बताओ ड्राइवर और कंडक्टर में क्या फर्क होता है।
छात्र-गुरुजी, कंडक्टर सो गया तो किसी का टिकट नहीं कटेगा,लेकिन अगर ड्राइवर सो गया तो सबका टिकट कट जाएगा।

# टीएमसी का अर्थ तू, मैं और करप्शन है: मोदी

## प्रधानमंत्री ने तृणमूल पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप, टीएमसी ने किया पलटवार

कृष्णानगर/कोलकाता, एजेंसी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाली पश्चिम बंगाल सरकार के खिलाफ हमला तेज करते हुए उसे ''उत्पीड़न, वंशवाद की राजनीति और विश्वासघात'' का पर्याय करार दिया तथा आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) ने योजनाओं को घोटालों में बदलने में ''महारत'' हासिल कर ली है। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में एक रैली को संबोधित करते हुए पश्चिम बंगाल के विकास और देश की प्रगति के बीच आपसी संबंध पर जोर दिया तथा राज्य की सभी 42 लोकसभा सीट जीतने के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के महत्वाकांक्षी लक्ष्य को रेखांकित किया।

प्रधानमंत्री ने तृणमूल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि टीएमसी का अर्थ अब हो गया है-''तू, मैं और करप्शन (भ्रष्टाचार)।'' उन्होंने ''केंद्रीय योजनाओं को अपना बताने'' और ''भ्रष्टाचार एवं पक्षपात'' की संस्कृति को बढ़ावा देने को लेकर तृणमूल कांग्रेस की आलोचना की। मोदी ने कहा कि टीएमसी ने पश्चिम बंगाल की छवि खराब कर दी है। उसने हर योजना को घोटाले में बदलने में महारत हासिल कर ली है। वे केंद्रीय योजनाओं पर मुहर लगाते हैं और इसे अपना बता देते हैं। वे गरीबों से छीनने और उन्हें वंचित करने में संकोच नहीं करते।

### बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल में 15,000 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का लोकार्पण किया। मोदी ने नदिया जिले के कृष्णानगर में आयोजित एक आधिकारिक कार्यक्रम में इन परियोजनाओं का उद्घाटन किया। मोदी ने कहा-आज हम विकसित पश्चिम बंगाल की ओर एक और कदम बढ़ा रहे हैं। कल, मैंने 7,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया था। इनमें रेलवे, बंदरगाह और पेट्रोलियम समेत अन्य विकास परियोजनाएं शामिल थीं। मोदी ने कहा मैं आज फिर 15,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण कर रहा हूं।

### बिहार : मोदी ने 21,400 करोड़ रुपये की विकास परियोजनाओं का किया अनावरण

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को बिहार के औरंगाबाद जिले में 21,400 करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का अनावरण किया। प्रधानमंत्री मोदी ने रतनवा गांव में एक आधिकारिक समारोह में परियोजनाओं का अनावरण किया। कार्यक्रम में राज्यपाल राजेंद्र वी अर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा और कई केंद्रीय मंत्री उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा-ज्ञान की भूमि बिहार आना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मैं औरंगाबाद में विभिन्न विकास परियोजनाओं के उद्घाटन और शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहा हूं। औरंगाबाद ने कई स्वतंत्रता सेनानियों और बिहार विभूति श्री अनुग्रह नारायण जैसी महान हस्तियों को जन्म दिया है।

# यूपी से भाजपा के इन उम्मीदवारों के नामों का एलान

नई दिल्ली, एजेंसी

लोकसभा चुनाव 2024

भाजपा ने आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर शनिवार को 16 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 195 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। इस सूची में उत्तर प्रदेश की 51 सीट के उम्मीदवारों के भी नाम शामिल हैं। भाजपा महासचिव विनोद तावड़े ने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बैजयंत जय पांडा और मीडिया प्रभारी अनिल बलूनी की मौजूदगी में उम्मीदवारों की घोषणा की।

- वाराणसी से पीएम नरेंद्र मोदी
- कैराना से प्रदीप कुमार
- मुजफ्फरनगर से संजीव कुमार बालियान
- नगीना से ओम कुमार
- रामपुर से घनश्याम लोधी
- संभल से परमेश्वर लाल सैनी
- अमरोहा से कंवर सिंह तंवर
- गौतम बुद्धनगर से महेश शर्मा
- बुलंदशहर से भोला सिंह
- मथुरा से हेमा मालिनी
- आगरा से सत्यपाल सिंह बघेल
- फतेहपुर सीकरी से राजकुमार चाहर
- एटा से राजवीर सिंह "राजू भैया"
- आंवला से धर्मेन्द्र कश्यप
- शाहजहांपुर से अरुण कुमार सागर
- खीरी से अजय मिश्रा टेनी
- धौरहरा से रेखा वर्मा
- सीतापुर से राजेश वर्मा
- हरदोई से जय प्रकाश रावत
- मिश्रिख से अशोक कुमार रावत
- उन्नाव से साक्षी महाराज
- मोहनलालगंज से कौशल किशोर
- लखनऊ से राजनाथ सिंह
- अमेठी से स्मृति ईरानी
- प्रतापगढ़ से संगम लाल गुप्ता
- फर्रुखाबाद से मुकेश राजपूत
- इटावा से राम शंकर कठेरिया
- कन्नौज से सुब्रत पाठक
- अकबरपुर से देवेन्द्र सिंह "भोले"
- जालौन से भानु प्रताप सिंह वर्मा
- झांसी से अनुराग शर्मा
- हमीरपुर से कुं. पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल
- बांदा से आरके सिंह पटेल
- फतेहपुर से निरंजन ज्योति
- बाराबंकी से उपेंद्र रावत
- फैजाबाद से लल्लू सिंह
- अम्बेडकरनगर से रितेश पांडेय
- श्रावस्ती से साकेत मिश्रा
- गोंडा से कीर्तिवर्धन सिंह
- डुमरियागंज से जगदम्बिका पाल
- बस्ती से हरीश द्विवेदी
- संतकबीरनगर से प्रवीण कुमार निषाद
- महराजगंज से पंकज चौधरी
- गोरखपुर से रवि किशन
- कुशीनगर से विजय कुमार दुबे
- बांसगांव से कमलेश पासवान
- लालगंज से नीलम सोनकर
- आजमगढ़ से दिनेश लाल यादव निरहुआ
- सलेमपुर से रविन्द्र कुशवाहा
- जौनपुर से कृपा शंकर सिंह
- चंदौली से महेंद्र पांडेय।

## एक नजर

### पोंटी चड्ढा का 400 करोड़ का फार्महाउस ध्वस्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने छतरपुर में शराब कारोबारी दिवंगत पोंटी चड्ढा के लगभग 400 करोड़ रुपये मूल्य के फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। डीडीए के अधिकारियों ने कहा कि विध्वंस शुक्रवार और शनिवार को हुआ। अधिकारियों ने कहा-अनधिकृत कब्जा और अवैध निर्माण वाली सरकारी जमीन को पुन: प्राप्त करने की अपनी कवायद जारी रखते हुए, डीडीए ने शुक्रवार को छतरपुर में लगभग 10 एकड़ में फैले शराब कारोबारी दिवंगत पोंटी चड्ढा उर्फ गुरदीप सिंह के फार्महाउस को ध्वस्त कर दिया।


### छात्र की मौत के मामले में कुलपति निलंबित

**तिरुवनंतपुरम।** केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने वायनाड में केरल पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय के एक छात्र की हाल में हुई मौत के संबंध में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम आर शशींद्रन को शनिवार को निलंबित कर दिया। खान ने निलंबन आदेश में कहा कि प्रोफेसर शशींद्रन द्वारा दी गयी रिपोर्ट 18 फरवरी को 20 वर्षीय सिद्धार्थन की मौत से जुड़े घटनाक्रम के दौरान ''कुलपति की ओर से कर्तव्यों में घोर लापरवाही का प्रमाण'' है।

# त्रिपुरा की समस्याओं के समाधान के लिए हुआ त्रिपक्षीय समझौता

नई दिल्ली, एजेंसी

- गृह मंत्री की उपस्थिति में समझौते पर किए गए हस्ताक्षर
- अमित शाह बोले-सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है



त्रिपुरा के मूल निवासियों की समस्याओं के स्थायी समाधान के मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में शनिवार को टिपरा मोथा और त्रिपुरा तथा केंद्र सरकारों के बीच एक त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

शाह ने कहा कि समझौते पर हस्ताक्षर करके सरकार ने इतिहास का सम्मान किया है, पिछली गलतियों को सुधारा है और उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ने के लिए वर्तमान वास्तविकता को स्वीकार किया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार समझौते के तहत, त्रिपुरा के मूल लोगों के इतिहास, भूमि और राजनीतिक अधिकारों, आर्थिक विकास, पहचान, संस्कृति और भाषा से संबंधित सभी मुद्दों को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने पर सहमति व्यक्त की गई। शाह ने कहा, ''मैं त्रिपुरा के सभी हितधारकों को आश्वस्त करता हूं कि अब आपको अपने अधिकारों के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। भारत सरकार आपके अधिकारों की रक्षा के लिए तंत्र बनाने में दो कदम आगे रहेगी।'' गृह मंत्री ने कहा कि कोई भी इतिहास नहीं बदल सकता लेकिन हर कोई अपनी पिछली गलतियों से सीख सकता है और आगे बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि टिपरा मोथा और सभी आदिवासी दलों ने रचनात्मक भूमिका निभाई है और त्रिपुरा में भाजपा सरकार ने भी इस समझौते के प्रति ईमानदारी से काम किया है। त्रिपुरा स्वदेशी प्रगतिशील क्षेत्रीय गठबंधन को टिपरा मोथा के नाम से जाना जाता है। टिपरा मोथा, राज्य और केंद्र सरकारों के बीच त्रिपक्षीय समझौते पर यहां नॉर्थ ब्लॉक में हस्ताक्षर किए गए। कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में पूर्वोत्तर में सद्भाव को आगे बढ़ाने वाले एक और समझौते पर हस्ताक्षर किए गए हैं। उन्होंने कहा-त्रिपुरा के आर्थिक विकास, भूमि अधिकार और स्वदेशी लोगों की पहचान से संबंधित मुद्दों को हल करने वाले त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है।

# अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा, नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि : सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि अनुच्छेद 21 संविधान की आत्मा है और एक नागरिक की स्वतंत्रता सर्वोपरि है। अदालत ने कहा कि उच्च न्यायालय के इससे संबंधित मामलों पर शीघ्रता से फैसला नहीं करने से व्यक्ति इस बहुमूल्य अधिकार से वंचित हो जाएगा। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने यह टिप्पणी यह देखने के बाद की कि बंबई उच्च न्यायालय ने 29 जनवरी को शीर्ष अदालत के आदेश के बाद महाराष्ट्र में एक पार्षद की हत्या के मुख्य आरोपी अमोल विट्ठल वाहिले को जमानत दे दी है।

# तमिलनाडु में आग लगने से एक ही परिवार के 3 बच्चों की मौत

चेन्नई, एजेंसी

### गैस लीक होने के कारण लगी आग

चेन्नई के निकट चेंगलपट्टू के एक मकान में संभवतः रसोई गैस गैस लीक होने की वजह से आग लगने के कारण एक ही परिवार के तीन बच्चों की मौत हो गई है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।

बच्चों की मां भी इस घटना में गंभीर रूप से झुलस गई है और उसका यहां किलपौक सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में उपचार जारी है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आग संभवतः गैस लीक होने के कारण लगी। उन्होंने बताया कि बिहार से आए इस परिवार के पास एक गैस चूल्हा था जो जमीन पर रखा था और मकान में कोई खिड़की नहीं थी। अधिकारी ने बताया कि महिला अपने तीनों बच्चों के साथ बृहस्पतिवार को चेंगलपट्टू रेलवे स्टेशन के निकट स्थित अपने पति के कार्यस्थल पर उससे मिलने गई थी और उसने वहां से लौटकर जैसे ही अपने मकान की बत्ती जलाई, वहां आग लग गई।

# फुटेज की मदद से होगी गिरफ्तारी

मैसुरु/बेंगलुरु, एजेंसी

### बेंगलुरु के रेस्तरां में हुए विस्फोट का मामला

- मुख्यमंत्री सिद्धारमैया बोले-सारी गतिविधियां कैमरों में दर्ज



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने बेंगलुरु के एक लोकप्रिय रेस्तरां 'द रामेश्वरम कैफे' में हुए विस्फोट के मद्देनजर शनिवार को कहा कि इस घटना को अंजाम देने वाले अपराधी की गतिविधियां कैमरों में दर्ज हो गई हैं जिनकी मदद से उनकी गिरफ्तारी में आसानी से होगी। सिद्धारमैया ने कहा कि अभी यह पता नहीं चल पाया है कि पूर्वी बेंगलुरु में ब्रुकफील्ड इलाके में स्थित रेस्तरां में हुई घटना में क्या कोई संगठन शामिल है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है। बाद में मुख्यमंत्री ने रामेश्वरम कैफे जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया और अस्पताल में घायलों से मुलाकात की।

सिद्धारमैया ने मैसुरु में संवाददाताओं से कहा-विस्फोट हुआ है। मास्क और टोपी पहने एक व्यक्ति बस से आया। उसने कैफे के काउंटर से 'रवा इडली' खरीदी और एक जगह बैठ गया। फिर उसने टाइमर सेट किया और चला गया। विस्फोट हुआ है और करीब नौ लोग (असल में 10) लोग घायल हुए हैं। सभी खतरे से बाहर हैं। यह पूछे जाने पर कि इस विस्फोट के पीछे क्या किसी संगठन का हाथ है या क्या यह किसी एक व्यक्ति का काम है, सिद्धारमैया ने कहा कि इस बारे में अभी कुछ पता नहीं चल पाया है। उन्होंने कहा-हम अपराधी को ढूंढ़ लेंगे। अपराधी का पता लगाना आसान होगा क्योंकि उसके बस से उतरने, रेस्तरां से भोजन खरीदने, एक जगह बैठने और बैग रखते हुए के वीडियो एवं तस्वीरें हैं। हम उसे जल्द से जल्द ढूंढ़ लेंगे। वर्ष 2022 में हुए मंगलुरु कुकर विस्फोट और शुक्रवार की घटना के बीच समानता का इशारा करने वाली कुछ रिपोर्ट के बारे में पूछे जाने पर सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले में गंभीरता से जांच जारी है।

# अनंत अंबानी की शादी को बदला एयरपोर्ट का दर्जा

नई दिल्ली, एजेंसी

- कांग्रेस ने सुरक्षा का हवाला देते हुए केंद्र सरकार को घेरा

कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि केंद्र सरकार कायदे कानून ताक़ पर रखकर पूंजीपतियों को सुविधा उपलब्ध कराती है और इसका ताजा उदाहरण उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी का विवाह अवसर है जब सरकार ने जामनगर हवाई अड्डे को अंतर्राष्ट्रीय स्तर प्रदान कर दिया।

कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को कहा कि पूंजीपति मित्रों को मदद करने की बात आती है तो मोदी कुछ भी करने को तैयार हो जाते हैं। अरबपति मुकेश अंबानी के बेटे के विवाह के लिए जामनगर हवाई अड्डे को 10 दिन के लिए अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा घोषित कर दिया है। शादी में आने वाले मेहमानों को असुविधा न हो इसके लिए करदाताओं के पैसे से यात्री टर्मिनल के आकार को दोगुना करने को कहा गया। जामनगर हवाई अड्डा पाकिस्तान की सीमा के नज़दीक है और देश की सुरक्षा के लिहाज से संवेदनशील है। इसके बावजूद विवाह समारोह में आने वाले मेहमानों के प्राईवेट जेट्स के लिए वायु सेना के इस संवेदनशील ''तकनीकी क्षेत्र'' को इस्तेमाल करने की इजाज़त दी गई है। उन्होंने कहा कि मोदी ने पूरा राजनीति करियर अपने अरबपति मित्रों की मदद करने में बिताया है। हाल का उदाहरण है जब उन्होंने यह सुनिश्चित किया कि निजी हाथों को जाने वाले सभी छह एयरपोर्ट अडाणी के पास जाएं।

## कारोबार/कृषि

### मैंथा बाजार भाव

**रामपुर**-शिवालिक 995 फ्लैग 1105 डीएमओ 875 बोल्ड 1140, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 1005 फ्लैग 1120 बोल्ड 1150 डीएमओ 905।

### बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**-तुलसी 1835, राज श्री 1350, फॉर्चून कि. 1720, रविन्द्रा 1760, फॉर्चुन ली. 1570, जय जवान 1420, सचिन 1485, सूरज 1445, अवसर 1575, राग गोल्ड 1550, गृहणी 1475, क्लासिक (किलो) 1670, मोर 1565, चक्र टिन 1650, ब्लू 1585, आशीर्वाद मस्टर्ड 1675, स्वास्तिक 1805, **किराना (प्रति कु.)**-हल्दी निजामाबाद 14700, जीरा 41000, लाल मिर्च 20000-24000, धनिया 9000-10000, अजवायान 16000-24000, मेथी 8600, सौंफ 15000-20000, सोंठ 41500, (प्रति कि.) लौंग 920-1000, बादाम 580-680, काजू 2 पीस 600, किसमिस पीली 140-180, मखाना 650-950, **चावल (प्रति कु.)**-डबल चाबी सेला 10200, स्पाइस 7700, शरबती कच्ची 5200, शर्बती स्टीम 5600, डायमंड मंसूरी 4300, महबूब सेला 4550, गौरी रॉयल 9500, राजभोग 7350, हरी पत्ती (1 किलो, 5 किलो) 10600, हरी पत्ति नेचुरल नया 10500, जेनिथ 10700, गलैक्सी 7400, सूमो 3900, पतंजलि गोल्डन सेला 7900, मंसूरी पनघट 4250, खजाना 4250, **दाल दलहन**-मूंग दाल इंदौर 10800, मूंग धोवा काला क्राउन 11000, राजमा चित्रा 13200-14100, राजमा भूटान नया 11500, मलका काली 6750-7100 मलका दाल 6850-7700, मलका छाँटी 7200, दाल उड़द बिलासपुर 10000-10800, मसूर दाल छोटी 9000-9600, दाल उड़द दिल्ली 12000, उड़द साबुत दिल्ली 11800, उड़द धोवा इंदौर 13500, उड़द धोवा 11500-12100, दाल चना 7250, लाल हिंदुस्तान 7350, मलका विदेशी 7300, रूपकिशोर बेसन 8100, चना अकोला 8200, डबरा 9700-11500, सच्चा हीरा 11000, मोटा हीरा 12000, अरहर गोला मोटा 12400, अरहर पटका मोटा 12800, अरहर कोरा मोटा 13300, अरहर पटका छोटा 14200-14600, अरहर कोरी छोटी 15400, **चीनी**-डालमियां 4040, पीलीभीत 4020, नवाबगंज (नई) 4010, बहेड़ी (नई) 4020 रुपये।

# गूगल ने स्टार्टअप को प्ले स्टोर से हटाया, तलब

## आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव बोले-भारतीय एप को हटाने की नहीं दी जा सकती अनुमति

नई दिल्ली, एजेंसी



गूगल के अपने प्ले स्टोर से कुछ एप हटाने पर कड़ा रुख अपनाते हुए सरकार ने शनिवार को कहा कि भारतीय एप को हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। सरकार ने इस संबंध में गूगल और संबंधित स्टार्टअप को बैठक के लिए अगले सप्ताह बुलाया है।

आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने एक साक्षात्कार में कहा कि स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र भारतीय अर्थव्यवस्था की कुंजी है और उनके भाग्य का फैसला किसी बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनी पर नहीं छोड़ा जा सकता है। मंत्री की यह टिप्पणी महत्वपूर्ण है, क्योंकि गूगल ने शुक्रवार को सेवा शुल्क भुगतान पर विवाद को लेकर भारत में अपने प्ले स्टोर से एक लोकप्रिय 'मैट्रिमोनी' एप सहित कुछ ऐप को हटाना शुरू कर दिया था। इन ऐप और जानेमाने स्टार्टअप संस्थापकों ने इस पर आपत्ति जताई थी। वैष्णव ने इस मुद्दे पर गंभीर रुख अपनाते हुए कहा, ''भारत सरकार की नीति बहुत स्पष्ट है... हमारे स्टार्टअप को वह सुरक्षा मिलेगी, जिसकी उन्हें जरूरत है।'' मंत्री ने कहा कि सरकार विवाद सुलझाने के लिए अगले सप्ताह गूगल और प्ले स्टोर से हटाए गए एप के डेवलपर से मुलाकात करेगी। वैष्णव ने कहा कि मैंने पहले ही गूगल से बात की है... मैंने उन एप डेवलपर से भी बात की है, जिन्हें हटाया गया है। हम उनसे अगले हफ्ते मिलेंगे... इस तरह (ऐप को) हटाने की अनुमति नहीं दी जा सकती। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत ने 10 वर्षों में एक लाख से अधिक स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न का एक मजबूत स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र बनाया है।

### मैंने गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है: चंद्रशेखर



इस संबंध में आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि वह प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को दबाने वाले गूगल के प्रभुत्व के बारे में चिंताओं को जाहिर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार को यह पता लगाना होगा कि क्या मौजूदा मुद्दा प्रभुत्व की स्थिति के दुरुपयोग से जुड़ा है। उन्होंने कहा-मैंने अतीत में गूगल के प्रभुत्व पर चिंता जताई है। यह भारत में 90 प्रतिशत से अधिक एप पारिस्थितिकी तंत्र को नियंत्रित करता है। हमें चिंता है कि उनका प्रभुत्व प्रतिस्पर्धा और स्टार्टअप को रोकता है। स्टार्टअप के खिलाफ इसका दुरुपयोग किया जा सकता है और सरकार की कुछ वैध चिंताएं हैं। वहीं गूगल ने कहा कि इन डेवलपर को तैयारी के लिए तीन साल से अधिक का समय दिया गया। इसमें उच्चतम न्यायालय के आदेश के बाद दिया गया तीन सप्ताह का समय भी शामिल है। गूगल ने कहा कि इसके बाद अब वह यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठा रही है, कि उसकी नीतियां सभी पर समान रूप से लागू हों।

# अमित शाह ने एनयूसीएफडीसी की शुरुआत की

**नई दिल्ली।** सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शनिवार को राष्ट्रीय शहरी सहकारी वित्त एवं विकास निगम (एनयूसीएफडीसी) की शुरुआत की। उन्होंने साथ ही इस निकाय से प्रत्येक शहर में एक शहरी सहकारी बैंक स्थापित करने को कहा। उन्होंने यह भी कहा कि शहरी सहकारी बैंकों को एटीएम सुविधा देने, क्रेडिट/डेबिट कार्ड जारी करने, समाशोधन प्रणाली और एसएलआर (वैधानिक तरलता अनुपात) सीमा बनाए रखने के लिए खुद को उन्नत बनाना चाहिए। आरबीआई ने एनयूसीएफडीसी को गैर-बैंकिंग वित्त कंपनी और शहरी सहकारी बैंकिंग क्षेत्र के लिए एक स्व-नियामक संगठन के रूप में काम करने की मंजूरी दी है। इस मौके पर शाह ने कहा कि 20 साल बाद एनयूसीएफडीसी की स्थापना हुई है। यह वक्त की मांग है।

# रोबोटिक सर्जरी में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- सीआरएसए के अध्यक्ष बोले-यह रोगियों के लिए फायदेमंद



रोबोटिक-असिस्टेड सर्जरी (आरएएस) भारत में एक गेम-चेंजर के रूप में उभरी है, जिसने नरम टिश्यू सर्जरी करने के तरीके में क्रांति ला दी है। रोबोटिक प्रणालियों की सटीकता और निपुणता के साथ, सर्जन बेहतर परिणाम, कम जटिलताएं और रोगियों के लिए कम रिकवरी समय प्राप्त कर सकते हैं।

हालांकि हाल के दिनों में सर्जनों द्वारा ऐसी तकनीकों को अपनाने में वृद्धि हुई है, लेकिन बढ़ती ज़रूरत को पूरा करने के लिए ऐसी तकनीकी प्रगति के लिए और अधिक डॉक्टरों की जरूरत है। क्लिनिकल रोबोटिक सर्जरी एसोसिएशन (सीआरएसए) के प्रमुख रोबोटिक सर्जनों ने ऐसी उन्नत सर्जिकल तकनीकों में अधिक सर्जनों को प्रशिक्षित करने की आवश्यकता पर जोर दिया है ताकि इसे देश भर के सभी योग्य रोगियों के लिए उपलब्ध कराया जा सके।

सीआरएसए के अध्यक्ष डॉ. विवेक बिंदल, ने कहा, "आरएएस एक उन्नत तकनीक है, जो रोगियों के लिए फायदेमंद है। यह बेहतर परिणाम, न्यूनतम पहुंच लाभ और चिकित्सक सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हैं। आरएएस में अपने वर्षों के अनुभव से, मैं स्पष्ट रूप से कह सकता हूं कि आरएएस के रोगियों के लिए कई फायदे हैं।

### सर्राफा

| | |
|---|---|
| **कानपुर** | |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 73,150 |
| चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 82,500 |
| चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल | 87,500 |
| सोना बिस्कुट (दस ग्राम) | 65,150 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 48,500-48,700 |
| **लखनऊ** | |
| सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम) | 64,750 |
| सोना रवा (प्रति 10 ग्राम) | 64,600 |
| गिन्नी (प्रति 10 नग) | 42,500 |
| चांदी (999) | 73,000 |
| चांदी तैयार | 73,100 |
| चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा) | 80, 000 |
| **बरेली** | |
| सोना जेवरात पक्के | 64,600 |
| सोना जेवरात गिन्नी | 63,600 |
| चांदी पक्की | 720 (अनुमानित) |
| **मुरादाबाद** | |
| सोना 24 कैरेट | 64,700 |
| चांदी आभूषण | 72,900। |

# विशेष लाइव कारोबार में सेंसेक्स निफ्टी नए रिकॉर्ड स्तर पर बंद

मुंबई, एजेंसी

स्थानीय शेयर बाजारों में शनिवार को विशेष कारोबार के दूसरे और अंतिम सत्र में तेजी का सिलसिला जारी रहा और सेंसेक्स तथा निफ्टी नये रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुए। जीडीपी का आंकड़ा बेहतर रहने और विदेशी संस्थागत निवेशकों के पूंजी प्रवाह से बाजार में तेजी बनी रही।

देश के प्रमुख शेयर बाजार बीएसई और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) ने किसी बड़े व्यवधान से निपटने की अपनी तैयारी को परखने के लिए शनिवार को इक्विटी एवं इक्विटी वायदा एवं विकल्प खंड में विशेष कारोबारी सत्र का आयोजन किया। विशेष कारोबार के दूसरे सत्र में 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 60.80 अंक या 0.08 प्रतिशत चढ़कर 73,806.15 के अपने सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सेंसेक्स 249.35 अंक या 0.33 फीसदी की बढ़त के साथ 73,994.70 के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया था। इसी तरह निफ्टी 39.65 अंक या 0.18 प्रतिशत बढ़कर 22,378.40 के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। दिन में यह 80.8 अंक या 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,419.55 के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

# असम में कृषि अनुसंधान संस्थान का उद्घाटन करेंगे अर्जुन मुंडा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री अर्जुन मुंडा सोमवार को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (आईएआरआई), असम के उद्घाटन समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करेंगे। यह संस्थान पूर्वोत्तर क्षेत्र में कृषि अनुसंधान और शिक्षण की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण कदम होगा। यह संस्थान दिरपई चापोरी, गोगामुख और धेमाजी में सुबनसिरी नदी के किनारे बनाया गया है और 587 हेक्टेयर क्षेत्र में फैला हुआ है। यहां विस्तार और शिक्षण गतिविधियों के संचालन के लिए पर्याप्त स्थान है।

# भारत ने अत्यधिक गरीबी को कर दिया खत्म

नई दिल्ली, एजेंसी

- अर्थशास्त्री ने अपने शोध के अनुसार किया खुलासा



एक प्रमुख अमेरिकी थिंक टैंक 'द ब्रुकिंग्स इंस्टीट्यूशन' के अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला और करण भसीन ने एक लेख में कहा कि भारत ने अत्यधिक गरीबी को खत्म कर दिया है। उन्होंने इसके लिए हाल में जारी 2022-23 के उपभोग व्यय के आंकड़ों का हवाला दिया।

दोनों प्रसिद्ध अर्थशास्त्रियों ने लेख में आंकड़ों का हवाला देते हुए कहा कि 2011-12 के बाद से वास्तविक प्रति व्यक्ति खपत 2.9 प्रतिशत प्रति वर्ष बढ़ी है। इस दौरान ग्रामीण वृद्धि 3.1 प्रतिशत और शहरी वृद्धि 2.6 प्रतिशत रही। लेख में कहा गया कि इस दौरान शहरी और ग्रामीण असमानता में भी अभूतपूर्व गिरावट आई है। शहरी गिनी 36.7 से घटकर 31.9 हो गई, जबकि ग्रामीण गिनी 28.7 से घटकर 27.0 रह गई। गिनी सूचकांक आय वितरण की असमानता को दर्शाता है। अगर यह शून्य है तो इसका अर्थ है कि समाज में पूरी तरह समानता है। लेख में कहा गया है कि असमानता विश्लेषण के इतिहास में यह गिरावट अभूतपूर्व है। लेख में कहा गया है कि उच्च वृद्धि दर और असमानता में बड़ी गिरावट ने मिलकर भारत में गरीबी को खत्म कर दिया है। गरीबी रेखा से नीचे रहने वाली आबादी का अनुपात हेडकाउंट गरीबी अनुपात (एचसीआर) 2011-12 में 12.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में दो प्रतिशत रह गया। ग्रामीण गरीबी 2.5 प्रतिशत थी, जबकि शहरी गरीबी घटकर एक प्रतिशत रह गई।

## चेन्नई सुपर किंग्स का अभ्यास शुरू

इंडियन प्रीमियर लीग

चेन्नई, एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग की तैयारियों के लिए चेन्नई सुपर किंग्स का शनिवार को तेज गेंदबाज दीपक चाहर की मौजूदगी में शिविर शुरू हुआ। चाहर आईपीएल में अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अच्छा प्रदर्शन करके राष्ट्रीय टीम में वापसी करना चाहेंगे।

तमिलनाडु क्रिकेट संघ के अधिकारी ने बताया कि भारतीय खिलाड़ियों का पहला जत्था शुक्रवार को यहां पहुंचा है। कुछ दिनों में और खिलाड़ियों के आने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर ने इसकी पुष्टि की थी। इसमें सिमरजीत सिंह (तेज गेंदबाज), राजवर्धन हंगरगेकर (ऑलराउंडर), मुकेश चौधरी (तेज गेंदबाज), प्रशांत सोलंकी (स्पिनर), अजय मंडल (ऑल-राउंडर) और दीपक चाहर (तेज गेंदबाज) थे। चाहर ने दिसंबर से किसी भी प्रारूप में क्रिकेट नहीं खेला है। वह अपने पिता की बीमारी से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी-20 श्रृंखला के बीच से हट गए थे और द. अफ्रीका के दौरे से भी नाम वापस ले लिया था। उन्होंने पिछले महीने बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में अभ्यास के दौरान खुद को फिट घोषित किया था। चोटिल होने वाला यह तेज गेंदबाज जून में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टीम में वापसी पर नजर गड़ाए हुए हैं।



अमेलिया केर

40 रन*
24 गेंद
7 चौके

## मुंबई इंडियंस ने आरसीबी को 7 विकेट से हराया

### डब्ल्यूपीएल के चार मैच में तीसरी जीत से छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंची मुंबई इंडियंस

WOMEN'S PREMIER LEAGUE

बेंगलुरु, एजेंसी

मुंबई इंडियंस ने शनिवार को डब्ल्यूपीएल के मैच में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) पर 29 गेंद रहते 7 विकेट से जीत हासिल की। बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी की बल्लेबाज मुंबई की गेंदबाजों से संघर्ष करती दिखीं, जिससे टीम 6 विकेट पर 131 रन ही बना सकी। मुंबई ने यह लक्ष्य 15.1 ओवर में 3 विकेट पर 133 रन बनाकर पा लिया।

मुंबई की टीम चार मैच में तीसरी जीत से छह अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर पहुंच गई। मुंबई के लिए अमेलिया केर नाबाद 40 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। यास्तिका भाटिया ने 31, हेली मैथ्यूज ने 26 और कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम की अगुआई कर रही नैट साइवर ब्रंट ने 27 रन बनाएं। यास्तिका ने 16 गेंद में 31 रन बनाकर तेज शुरूआत की। अमेलिया की नाबाद पारी से मुंबई ने आसान जीत दर्ज की। आरसीबी के लिए अगर एलिसे पैरी ने नाबाद 44 और जॉर्जिया वारेहैम ने 27 रन न बनाए होते तथा छठे विकेट के लिए 52 रन की साझेदारी न की होती तो आरसीबी ये स्कोर न बना पाती।



मुंबई की टीम कप्तान हरमनप्रीत और तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल के बिना उतरी जो चोटों से उबर रही हैं, लेकिन उनकी कमी नहीं खली। आरसीबी की शीर्ष क्रम की बल्लेबाज संयम से नहीं खेल सकीं। कप्तान स्मृति मंधाना (11 गेंद में 9 रन) धैर्य खोने से तेज गेंदबाज इसी वोंग की गेंद को नैट साइवर ब्रंट को कैच दे बैठीं। बल्लेबाज ऋचा घोष और एस मेघना के साथ भी ऐसा हुआ। ऋचा को पूजा वस्त्राकर ने शिकार बनाया और मिड ऑफ में संजना संजीवन को कैच देकर आउट हुईं। मेघना को नैट साइवर ब्रंट ने चलता किया। पैरी ने लेग स्पिनर अमेलिया केर पर गेंदों पर पुल और कट शॉट से बाउंड्री लगाई। वारेहैम ने भी पैरी का साथ देते हुए स्ट्राइक रोटेट की और गेंद सीमारेखा के पार कराई। मुंबई के लिए ब्रंट और पूजा ने 2-2 विकेट लिए। इसी और साइका को 1-1 विकेट मिला।

## खेल डायरी

### प्राग मास्टर्स: भारत के तीनों खिलाड़ियों ने बाजी ड्रॉ खेली



**प्राग, एजेंसी।** भारत के तीनों खिलाड़ियों आर प्रज्ञाननंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती ने प्राग मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट के चौथे दौर में अपनी बाजियां ड्रॉ खेली। लगातार दो मैच में हार के बाद प्रज्ञाननंदा के लिए इसे अच्छी वापसी कहा जा सकता है। इस भारतीय खिलाड़ी ने स्थानीय खिलाड़ी नगुयेन थाई दाई वान के साथ अंक बांटे। गुकेश ने उज्बेकिस्तान के नोदिरबेक अब्दुसत्तारोव को कोई मौका नहीं दिया और अंक बांटे जबकि गुजराती पोलैंड के माट्यूस बार्टेल को खास चुनौती पेश नहीं कर पाए। चौथे दौर में किसी भी बाजी का परिणाम नहीं निकला और इस तरह से खिलाड़ियों की स्थिति में भी कोई परिवर्तन नहीं हुआ। ईरान के परहम माघसूदलू ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा जबकि रोमानिया के रिचर्ड रापोर्ट ने जर्मनी के विंसेंट कीमर के साथ बाजी ड्रॉ खेली। चौथे दौर के बाद अब्दुसत्तारोव और माघसूदलू अब संभावित चार में से तीन अंक लेकर संयुक्त बढ़त पर हैं जबकि गुकेश और रापोर्ट ढाई-ढाई अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। गुजराती दो अंकों के साथ चौथे स्थान पर हैं। वह प्रज्ञाननंदा, नवारा, दाई वान और कीमर से आधा अंक आगे हैं। बार्टेल एक अंक के साथ सबसे निचले स्थान पर हैं।

### एलेक्स और कैस्पर में होगा खिताबी मुकाबला

मैक्सिको ओपन

**अकापुल्को (मैक्सिको), एजेंसी।** गत चैंपियन एलेक्स डी मिनौर ने अपने खिताब के बचाव की तरफ मजबूत कदम बढ़ाते हुए मैक्सिको ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका सामना कैस्पर रूड से होगा। ऑस्ट्रेलिया के तीसरी वरीयता प्राप्त डी मिनौर ने इंग्लैंड के जैक ड्रैपर के खिलाफ पहला सेट 6-3 से जीता लेकिन दूसरे सेट में वह 2-6 से हार गए। डी मिनौर तीसरे सेट में जब 4-0 से आगे चल रहे थे तब ड्रैपर ने अस्वस्थ होने से मुकाबला बीच में ही छोड़ने का फैसला किया। दिन के दूसरे सेमीफाइनल में रूड ने होल्गर रून को 3-6, 6-3, 6-4 से हराकर उलटफेर किया।

### जेसिका पेगुला सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में

**सैन डिएगो, एजेंसी।** जेसिका पेगुला ने तीन सेट तक चल कड़े मुकाबले में अन्ना ब्लिंकोवा को 6-1, 2-6, 6-2 से हराकर सैन डिएगो ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पेगुला का सामना अब मार्ता कोस्त्युक से होगा, जिन्होंने अनास्तासिया पाव्लुचेनकोवा को पहला सेट गंवाने के बाद 3-6, 6-4, 6-3 से हराया। एम्मा नवारो ने डारिया सैविले को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार दूसरे वर्ष सेमीफाइनल में प्रवेश किया। उनका मुकाबला केटी बोल्टर से होगा, जिन्होंने 2022 की उपविजेता डोना वेकिच को 6-4, 6-3 से हराया। यह एक साल से भी कम समय में नवारो का टूर स्तर पर पांचवां सेमीफाइनल होगा।

### मोनाको ने पीएसजी को बराबरी पर रोका



**पेरिस, एजेंसी।** स्टार फुटबॉलर किलियन एमबापे को लगातार दूसरे मैच में आधे खेल से बाहर बुला दिया गया, लेकिन मोनाको ने पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) को फ्रांसीसी फुटबॉल लीग में गोलरहित बराबरी पर रोक दिया। पीएसजी ने मध्यांतर के बाद एमबापे को बुलाकर उनकी जगह स्थानापन्न खिलाड़ी उतारा। यह दूसरा मैच है जबकि इस स्टार स्ट्राइकर की जगह किसी अन्य खिलाड़ी को स्थानापन्न के रूप में उतारा गया। पिछले साल सितंबर के बाद यह दूसरा अवसर है जबकि पीएसजी की टीम गोल करने में नाकाम रही। इस मैच में अंक बांटने के बाद पीएसजी ने दूसरे नंबर पर काबिज ब्रेस्ट पर कुल बढ़त 12 अंक की कर दी है। वह मोनाको से 13 अंक आगे है।


## देशपांडे और शार्दुल की गेंदबाजी के आगे तमिलनाडु 146 रन पर सिमटी

**रणजी सेमीफाइनल** दिन खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बनाए



मुंबई, एजेंसी

तुषार देशपांडे (24 रन पर 3) और शार्दुल ठाकुर (48 रन पर 2 विकेट) की गेंदबाजी के सामने तमिलनाडु की टीम रणजी के दूसरे सेमीफाइनल के पहले दिन पहली पारी में 146 रन पर आउट हो गई। दिन का खेल खत्म होने तक मुंबई ने 2 विकेट पर 45 रन बना लिए। मुंबई पहली पारी में अभी तमिलनाडु से 101 रन पीछे है और उसके 8 विकेट बचे है। स्टंप्स के समय मुशीर खान 24 और रात्रि प्रहरी मोहित अवस्थी 1 रन बनाकर क्रीज पर थे। कुलदीन सेन ने पृथ्वी साव (5) को जबकि किशोर ने भूपेन लालवानी (15) को आउट किया। तमिलनाडु के कप्तान बीसाई किशोर का टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला उलटा पड़ गया क्योंकि बीकेसी मैदान में तेज गेंदबाजों को स्विंग जबकि स्पिनरों को टर्न मिल रहा था। तमिलनाडु ने 17 रन तक 4 और 42 रन तक 5 विकेट गंवा दिए थे। विजय शंकर (44) और वाशिंगटन सुंदर (43) ने छठे विकेट के लिए 48 रन की साझेदारी की। शारदुल ठाकुर ने पारी की चौथी गेंद पर बीसाई सुदर्शन को पगबाधा किया।



अवस्थी ने तमिलनाडु के लिए इस सत्र में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले एन जगदीशन (4) को शॉट लेग पर मुशीर के हाथों कैच कराया। गेंदबाजी के लिए आए देशपांडे ने प्रदोष रंजन पॉल, आर साई किशोर को आउट कर तमिलनाडु को बैकफुट पर धकेल दिया। टीम का स्कोर अभी 42 रन ही था कि बाबा इंद्रजीत ने देशपांडे की गेंद को तनुष कोटियान के हाथों में खेल दिया। लंच के सत्र से पहले और बाद में शंकर और वाशिंगटन ने मुंबई के गेंदबाजों का सामना किया। शंकर ने देशपांडे की गेंद पर कुछ चौके लगाए। इस साझेदारी को तोड़ने के लिए मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाने ने गेंद फिर शार्दुल को थमाई और इस गेंदबाज ने शंकर की 109 गेंद में 8 चौके की मदद से 44 रन की पारी को खत्म किया। दूसरी स्लिप में शम्स मुलानी ने उनका कैच लपका। शंकर के आउट होने के बाद वाशिंगटन ने तेजी से रन बनाना शुरू किया। मोहम्मद (17) ने शार्दुल के ओवर में 3 चौके लगाए। मुशीर ने मोहम्मद को पगबाधा किया जबकि कोटियान ने अजित राम (15) को चलता किया। वाशिंगटन कोटियान का दूसरा शिकार बने।

## मप्र ने विदर्भ को पहले दिन 170 रन पर रोका

नागपुर, एजेंसी



आवेश खान की अगुआई वाली गेंदबाजी इकाई के प्रदर्शन से मध्य प्रदेश ने शनिवार को रणजी सेमीफाइनल के पहले दिन विदर्भ को पहली पारी में 170 रन पर समेट दिया। मप्र के लिए आवेश ने 49 रन देकर 4 विकेट लिए, कुलवंत खेजरोलिया ने 38 और वेंकटेश अय्यर ने 28 रन देकर 2-2 विकेट लिए। मप्र ने स्टंप तक पहली पारी में 1 विकेट गंवाकर 47 रन बना लिए थे वह अब 123 रन पीछे है।

वीसीए स्टेडियम की पिच इतनी हरियाली लिए हुए थी कि मप्र ने दिन में कुल 56.4 में स्पिनरों से 2.4 ओवर डलवाए। बाएं हाथ के स्पिनर कुमार कार्तिकेय ने विदर्भ के अंतिम बल्लेबाज उमेश यादव का विकेट लिया। वहीं अन्य स्पिनर जैसे सारांश जैन दर्शक बने रहे। विदर्भ के लिए बल्लेबाजी में सिर्फ करूण नायर ही क्रीज पर टिक सके, जिन्होंने 105 गेंद में 9 चौके से 63 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। तेज गेंदबाज आवेश ने ध्रुव शोरे (13 रन) के स्टंप उखाड़ दिया। विदर्भ ने लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए और टीम के लिए बड़ी भागीदारी अर्थव तायडे (39 रन, 8 चौके) और अमन मोखाडे (13 रन, 75 गेंद) के बीच 36 रन की रही। कर्नाटक के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में शतक जड़ने वाले तायडे (63 गेंद) अय्यर की गेंद पर विकेटकीपर हिमांशु मंत्री को कैच दे बैठे। विदर्भ के लिए सबसे ज्यादा रन जुटाने वाले करूण उतरे, लेकिन उन्हें दूसरे छोर पर साथ नहीं मिला और आवेश ने मोखाडे को आउट कर दिया। मेजबान टीम ने 5 रन के अंदर यश राठौड़ और कप्तान अक्षय वाडकर के विकेट गंवा दिए, जिससे स्कोर 5 विकेट पर 106 रन हो गया। विदर्भ की 200 रन तक पहुंचने की उम्मीद भी तब खत्म हो गयी जब करूण खेजरोलिया की गेंद पर बोल्ड हो गए।

## यूएस ओपन में नहीं खेलेंगे मेसी

शिकागो, एजेंसी



अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अमेरिका के फुटबॉल टूर्नामेंट यूएस ओपन में भाग नहीं लेंगे। मेसी की अमेरिकी टीम इंटर मियामी ने इस बार यूएस ओपन कप में भाग नहीं लेने का फैसला किया है।

मेजर लीग सॉकर की 26 टीमों में से केवल 8 टीम ही इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। मेजर लीग सॉकर की जिन 8 टीमों ने इस प्रतियोगिता में भाग लेने का फैसला किया है उनमें अटलांटा, डलास, ह्यूस्टन, कैनसस सिटी, लॉस एंजिल्स एफसी, साल्ट लेक, सैन जोस और सिएटल शामिल हैं। इसमें कुल 96 टीम भाग्य आजमाएंगी। ह्यूस्टन इसका मौजूदा चैंपियन है। उसने पिछले साल फाइनल में इंटर मियामी को 2-1 से हराया था। मेसी चोटिल होने से इस मैच में नहीं खेल पाए थे।

## फिलिप्स ने लिए 5 विकेट, न्यूजीलैंड को 369 रन का लक्ष्य

वेलिंगटन (न्यूजीलैंड), एजेंसी

न्यूजीलैंड-ऑस्ट्रेलिया टेस्ट श्रृंखला

ऑफ स्पिनर ग्लेन फिलिप्स ने 45 रन देकर 5 विकेट लिए, जिससे न्यूजीलैंड ने ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी में 164 रन पर आउट कर दिया। पहली पारी में 204 रन की बढ़त लेने वाले ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में न्यूजीलैंड के सामने 369 रन का लक्ष्य रखा। न्यूजीलैंड ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 3 विकेट पर 111 रन बनाए हैं और लक्ष्य से 258 रन पीछे है।

ऑस्ट्रेलिया ने सुबह दूसरी पारी 2 विकेट पर 13 रन से शुरू की और 4 घंटे के अंदर सभी विकेट गंवा दिए। फिलिप्स ने पहली बार पारी में 5 विकेट लिया है। उन्होंने उस्मान ख्वाजा (28), कैमरून ग्रीन (34), ट्रैविस हेड (29), मिच मार्श (0) और एलेक्स कैरी (3) का विकेट लिया। मैट हेनरी ने 36 रन देकर 3 विकेट लिए। फिलिप्स के इस प्रदर्शन से न्यूजीलैंड मैच में वापसी करने में सफल रहा। उसका दारोमदार अब रचिन रविंद्र (56*) और डेरिल मिशेल (12*) पर है। रविंद्र ने दिन का खेल समाप्त होने से कुछ देर पहले 77 गेंद पर अर्धशतक पूरा किया। ऑस्ट्रेलिया ने अंतिम सत्र में केन विलियमसन (9) का विकेट लेकर न्यूजीलैंड को झटका दिया। विलियमसन को नाथन लियोन ने पहली स्लिप में स्टीव स्मिथ के हाथों कैच कराया। स्मिथ ने हेड की गेंद पर विल यंग (15) का कैच लिया। टॉम (8) आउट होने वाले पहले बल्लेबाज थे जिन्हें लियोन ने विकेट के पीछे कैच कराया।




# बॉलीवुड हलचल

## समुद्री लुटेरों पर आधारित 'लुटेरे' की कहानी




**मुंबई, एजेंसी।** रजत कपूर, अमृता खानविलकर और आमिर अली-स्टारर वेब सीरीज 'लुटेरे' का टीजर रिलीज कर दिया गया है। वेबसीरीज लुटेरे की कहानी सोमालिया के समुद्री लुटेरों पर आधारित है, जो भारतीय विमान पोत को निशाना बनाकर लूटपाट करते हैं। इंडियन नेवी उनके खिलाफ क्या एक्शन लेती है, यह सब कुछ वेब सीरीज में देखने को मिलेगा। टीजर की शुरुआत नाव पर सवार कुछ भारी हथियारों से लैस लोगों से होती है, जिन्हे 'हम करीब हैं' कहते हुए सुना जा सकता है। रजत कपूर नौसेना की वर्दी पहने हुए सीन में दिखाई देते हैं और दूरबीन से लोगों को देखते हैं। वीडियो जहाज पर गोलीबारी करने वाले लोगों के साथ समाप्त होता है। जय मेहता द्वारा निर्देशित वेब सीरीज लुटेरे का निर्माण शैलेश आर सिंह ने हंसल मेहता के साथ किया है। लुटेरे 22 मार्च से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

### खेसारी लाल की रंग दे बसंती का ट्रेलर जारी





**मुंबई, एजेंसी।** भोजपुरी सुपरस्टार खेसारी लाल यादव की आने वाली फिल्म रंग दे बसंती का ट्रेलर रिलीज हो गया है। एसआरके म्यूजिक प्रस्तुत फिल्म रंग दे बसंती के निर्माता रोशन सिंह, सह निर्माता शर्मिला आर सिंह और निर्देशक प्रेमांशु सिंह हैं। इस फिल्म में खेसारी लाल यादव के साथ रति पांडेय और डायना खान मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म के ट्रेलर में खेसारी लाल यादव फुल एक्शन में हैं। फिल्म में एक ओर वह जांबाज सैनिक के रूप में नजर आए हैं, जो देश के खातिर हमेशा मर मिटने को तैयार रहता है और वही दूसरी ओर यूनिवर्सिटी में युवा नेता के रूप में प्रभु श्रीराम का घोष बुलंद करते नजर आ हैं। निर्माता रोशन सिंह ने बताया कि हमारी सोच थी कि इस फिल्म को जेनरिक थोड़ा अलग करें और आगे बढ़ें। अपर क्लास के हिसाब से इस फिल्म को हमने बनाया और साथ ही भोजपुरी के हर वर्ग के दर्शकों को यह फिल्म पसंद आएगी, ऐसी उम्मीद है। फिल्म के गाने एक से बढ़कर एक होंगे। फिल्म में बॉलीवुड के बड़े कलाकारों की आवाज गानों में सुनने को मिलेगी।

## दिल्ली मेरे लिए दूसरा घर: आकांशा रंजन

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेत्री आकांशा रंजन कपूर का कहना है कि दिल्ली उनके लिए दूसरा घर है और वह यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती है। आकांशा रंजन कपूर ने हाल ही में दिल्ली का दौरा किया, जहां ढेर सारे प्रशंसकों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। एमिटी विश्वविद्यालय में उनकी यात्रा एक यादगार घटना में बदल गई क्योंकि छात्रों ने उनके आगमन पर खुशी मनाई, जिससे एक शानदार माहौल बन गया। उत्साही छात्रों द्वारा गर्मजोशी से किए गए स्वागत पर, आकांशा ने अपना आभार व्यक्त करते हुए कहा, दिल्ली मेरे लिए हमेशा विशेष रही है क्योंकि मेरी दादी और मेरे चचेरे भाई यहां रहते हैं। यह मेरे लिए दूसरा घर है और मैं यहां आने के लिए हमेशा उत्साहित रहती हूं। मैं वास्तव में एमिटी यूनिवर्सिटी की आभारी हूं कि उन्होंने मुझे एक सम्माननीय अतिथि के रूप में आमंत्रित किया और यहां दिल्ली में आकर यहां की सर्द सर्दियों का अनुभव लिया। मैं छात्रों के बीच आकर और उनकी जीवंत ऊर्जा में डूबने से बहुत रोमांचित था। भारी भीड़ को हूटिंग करते हुए देखकर, यह बस अद्भुत लगा। छात्रों के बीच रहना और उनके साथ बातचीत करना हमेशा बहुत अच्छा लगता है।



### तमन्ना ने किए श्रीकाशी विश्वनाथ के दर्शन



**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन किया है। तमन्ना भाटिया इन दिनों बनारस में मौजूद हैं। उन्होंने 12 ज्योर्तिलिंग में से एक काशी विश्वनाथ के दर्शन किए। तमन्ना ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर लेटेस्ट तस्वीरों को साझा किया है। इन फोटो में वह वाराणसी के काशी विश्ननाथ मंदिर परिसर में हैं। अगली फोटो में तमन्ना भगवान ज्योर्तिलिंग को स्पर्श करती हुईं दिखाई दे रही हैं।

## फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में मुख्य भूमिका में होंगी सारा अली खान



**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान की आने वाली फिल्म ऐ वतन मेरे वतन का टीजर रिलीज हो गया है। करण जौहर के धर्माटिक एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी फिल्म ऐ वतन मेरे वतन में सारा अली खान मुख्य भूमिका है। ऐ वतन मेरे वतन की कहानी उस हीरो की है, जिसके रेडियो ने ब्रिटिश राज को हिलाकर रख दिया था। करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया पर ऐ वतन मेरे वतन पर एक अपडेट पोस्ट किया। वीडियो में करण जौहर ने भारत के कुछ भूले-बिसरे हीरोज और उनकी अनकही कहानियों के बारे में बात की है। वह दर्शकों को 22 वर्षीय उषा नाम की एक साहसी लड़की से परिचित कराते हैं, जो 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान ब्रिटिश राज के खिलाफ देश को एक साथ लाने के लिए एक अंडरग्राउंड रेडियो स्टेशन चलाती है और अपने देश के लिए खड़ी होती है। करण जौहर कहते हैं, शेरशाह के पीवीसी कैप्टन विक्रम बत्रा, जिन्होंने अपने दुश्मनों के दिलों में डर पैदा किया और कारगिल युद्ध में अपनी जान दे दी और राजी से सहमत सैयद, जिन्होंने जासूसी करने के लिए पाकिस्तानी सेना के परिवार में शादी की। 21 मार्च को ऐ वतन मेरे वतन ऑन प्राइम में इस गुमनाम हीरो की कहानी देखें।

### मडगांव एक्सप्रेस से कुणाल करेंगे निर्देशन में डेब्यू




**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड अभिनेता कुणाल खेमू के निर्देशन में बनी फिल्म मडगांव एक्सप्रेस का टीजर रिलीज हो गया है। कुणाल खेमू फिल्म मडगांव एक्सप्रेस के साथ निर्देशन के क्षेत्र में डेब्यू करने जा रहे हैं। इस फिल्म में दिव्येंदु शर्मा, प्रतीक गांधी और अविनाश तिवारी की मुख्य भूमिका है। कुणाल खेमू ने इंस्टाग्राम पर टीजर साझा किया, जिसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, मडगांव एक्सप्रेस के लिए तैयार हो जाइए, पागलपन की विविधता के माध्यम से एक जंगली यात्रा। मडगांव एक्सप्रेस ट्रेलर 5 मार्च को आएगा। देखते रहिए। मडगांव एक्सप्रेस में नोरा फतेही, उपेन्द्र लिमये और छाया कदम भी हैं। रितेश सिधवानी और फरहान अख्तर के प्रोडक्शन हाउस में बनी मडगांव एक्सप्रेस एक कॉमेडी फिल्म है, जो तीन दोस्तों के एक अतरंगी रोड ट्रिप पर आधारित होगी। फिल्म में बचपन के तीन दोस्त गोवा की यात्रा पर निकलते हैं, बीच रास्ते में उनके साथ क्या-क्या गुजरती है इसे हलकी-फुलकी कॉमेडी के रूप में इस फिल्म में पेश किया गया है। मडगांव एक्सप्रेस 22 मार्च, 2024 को रिलीज होगी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली, पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, कार्यकारी संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# जगमग हुआ जामनगर... प्री-वेडिंग में जुटीं हस्तियां


अनंत-राधिका


मुकेश अंबानी-नीता अंबानी बेटे आकाश और बहू के साथ

**जामनगर।** उद्योगपति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत और राधिका मर्चेंट की प्री-वेडिंग सेरेमनी के लिए जामनगर में शनिवार को मेहमानों का तांता लगा रहा। शहर मेहमानों में देश-दुनिया की राजनीति, कारोबारी, अभिनय, क्रिकेट से लेकर समाजसेवा में सक्रिय हस्तियों से जगमग रहा। समारोह में हॉलीवुड सिंगर रिहाना ने प्रस्तुति दी। नीता ने बताया कि परिवार का जामनगर से गहरा नाता रहा है। इसी कारण रीति-रिवाजों के साथ यहां प्री-वेडिंग का प्लान बनाया।


पत्नी के साथ मार्क जुकरबर्ग


क्रिकेटर डॉयने ब्रावो


पत्नी के साथ महेंद्र सिंह धोनी

# डब्ल्यूटीओ: किसान-मछुआरों के हित की रक्षा में सफल रहा भारत

अबू धाबी, एजेंसी

- बैठक संपन्न होने के बाद पीयूष गोयल बोले-भारत पूरी तरह संतुष्ट



विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) की बैठक समाप्ति के बाद वाणिज्य व उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत इस बैठक से पूरी तरह संतुष्ट है। इससे हमारे किसान व मछुआरों का हित कहीं से प्रभावित नहीं होगा और हम पहले की तरह उन्हें हर प्रकार का लाभ देते रहेंगे और नीतिगत रूप से भी हमें इसमें कोई बाधा नहीं आएगी।

उन्होंने कहा कि खाद्य सुरक्षा के लिए सरकार पहले की तरह किसानों से अनाज खरीदती रहेगी और उन्हें सब्सिडी भी देती रहेगी। मछुआरों को भी पहले की तरह सरकार की तरफ से मिलने वाली तमाम सुविधाएं व सब्सिडी जारी रहेंगी। पीयूष गोयल ने कहा कि भारत गैर व्यापारिक मुद्दों को डब्ल्यूटीओ के मंच पर चर्चा के लिए आने से रोकने में सफल रहा।

चीन विकास के लिए निवेश सहमति पत्र पर तो यूरोप औद्योगिक नीति पर एमसी13 में चर्चा करना चाहता था। 26 फरवरी से लेकर एक मार्च तक अबूधाबी में एमसी13 का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कमोबेश हम जिस उद्देश्य के साथ अबूधाबी आए थे, उसे हमने प्राप्त कर लिया है और हम पूरी संतुष्टि के साथ वापस जा रहे है। हमारा सबसे बड़ा उद्देश्य अपने किसान व मछुआरों की रक्षा करना था।

हालांकि, डब्ल्यूटीओ के एमसी13 में पब्लिक स्टॉक होल्डिंग (पीएसएच) को लेकर स्थायी समाधान या विकसित देशों द्वारा मछुआरों को दी जाने वाली सब्सिडी में कटौती जैसे किसी भी बड़े मुद्दों पर कोई सहमति नहीं बनी सकी, लेकिन 2013 में डब्ल्यूटीओ के एमसी में सभी देशों ने पीस क्लाज पर हस्ताक्षर किए थे जिससे किसानों को दी जाने वाली सब्सिडी को कोई चुनौती नहीं दी सकती है।

## आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि में इजाफा

एमसी13 में ई-कामर्स के जरिए डिजिटल रूप में आने वाली वस्तुओं के आयात पर सीमा शुल्क की छूट की अवधि को फिर से दो साल के लिए बढ़ा दिया गया, जबकि भारत इस छूट को समाप्त करने के पक्ष में था। हालांकि, इस फैसले से डिजिटल रूप में विदेश से आने वाली किताब या फिल्म जैसे आइटम के महंगे होने की आशंका समाप्त हो गई।

## दो देश नए सदस्य बने

भारत सीमा शुल्क छूट को हटाने के पक्ष में यह दलील दे रहा था कि एक संप्रभु देश के पास यह अधिकार होना चाहिए कि वह अपने उद्योग के हित में जरूरत पड़ने पर सीमा शुल्क लगा सके। ई-कामर्स के जरिए डिजिटल उत्पादों के निर्यात में अधिकतर हिस्सेदारी विकसित देशों की है। एमसी13 में दो नए देश कोमोरोस और तिमोर-लेस्टे को डब्ल्यूटीओ की सदस्यता दी गई। इसके साथ ही डब्ल्यूटीओ के सदस्य देशों की संख्या 166 हो गई। 22 और देशों ने डब्ल्यूटीओ की सदस्यता के लिए आवेदन किया है।

## खाद्य आयात की विश्वसनीयता पर जापान-सिंगापुर का जोर

ऑस्ट्रेलिया और ब्राजील जैसे देशों के केन्र्स समूह ने दावा किया है कि सार्वजनिक भंडार व्यवस्था बाजार को नुकसान पहुंचा रही है और कोई निर्यात प्रतिबंध नहीं होना चाहिए। जापान और सिंगापुर जैसे खाद्य आयातक देश कृषि नीतियों में विश्वसनीयत पर जोर दे रहे हैं। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने निवेश सुविधा पर चीन के नेतृत्व वाले एक प्रस्ताव को भी खारिज किया। दोनों देशों ने कहा कि यह एजेंडा डब्ल्यूटीओ को मिली जिम्मेदारी से बाहर है।

## एक नजर

### भारतवंशी हेली ने प्रचार अभियान में 1.2 करोड़ डॉलर चंदा जुटाया

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति पद के चुनाव में रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दावेदार भारतवंशी निक्की हेली के प्रचार अभियान दल ने फरवरी में 1.2 करोड़ डॉलर का चंदा जुटाए जाने की घोषणा की है। रिपब्लिकन उम्मीदवार बनने की दौड़ में हेली को पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से कड़ी टक्कर मिल रही है और वह अभी तक एक भी प्राइमरी चुनाव नहीं जीत पाई हैं लेकिन हेली का कहना है कि वह तीसरी पार्टी के उम्मीदवार या निर्दलीय के तौर पर चुनाव में उतरने के बारे में नहीं सोच रहीं और वह पूरी तरह से रिपब्लिकन नेता हैं।

### बलूचिस्तान को मिला नया सीएम सरफराज का हुआ निर्विरोध चयन

**कराची।** पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के उम्मीदवार सरफराज बुगती को शनिवार को अशांत बलूचिस्तान प्रांत का निर्विरोध नया मुख्यमंत्री चुना गया है। दरअसल, बुगती ने 8 फरवरी के आम चुनावों में पीपीपी टिकट पर प्रांतीय विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए अंतरिम सरकार में कार्यवाहक संघीय आंतरिक मंत्री से इस्तीफा दे दिया था। वरिष्ठ राजनेता को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज का भी समर्थन मिला था, जब वह शुक्रवार को विधानसभा सचिव ताहिर शाह के साथ अपना नामांकन पत्र जमा करने पहुंचे थे।

### जम्मू में बारिश के कारण दो लोगों की मौत, छह घायल

**जम्मू।** जम्मू संभाग के कई जिलों में शनिवार को तेज हवाओं के साथ भरी बारिश हुई। बारिश के कारण दो लोगों की मौत हो गई, जबकि, छह अन्य घायल हुए हैं। घाटी के विभिन्न जिलों में बीती रात से शुरू हुआ बारिश और तेज हवाओं का सिलसिला शनिवार तक जारी रहा। आंधी और बारिश से डोडा जिले में छत गिरने से युवती की मौत हो गई। अधिकारियों ने कहा-तेज हवाओं से 36 घर तबह हो गए। वहीं राजौरी जिले में यात्री बस के टकराने से एक मौत हुई है। पहड़ी हिस्सों में भी खासा नुकसान हुए है।

### ईरान के संसदीय चुनाव में कट्टरपंथियों ने बनाई बढ़त

**दुबई।** ईरान में संसदीय चुनाव संपन्न होने के एक दिन बाद राजधानी तेहरान में जारी शुरुआती मतगणना में कट्टरपंथियों ने बढ़त बना ली है। सरकारी मीडिया ने शनिवार को कहा कि तेहरान में 5,000 मतपत्रों में से 1,960 की अब तक गिनती हुई है। इसने प्रति घंटे अद्यतन की जा रही गृह मंत्रालय की रिपोर्ट के आधार पर यह जानकारी दी। अधिकारियों ने अब तक कुल मतदान प्रतिशत जारी नहीं किया है। हालांकि, इरना ने अनाधिकारिक रिपोर्ट के आधार पर इसे 41 प्रतिशत बताया है। कट्टरपंथियों का पिछले दो दशकों से संसद में वर्चस्व रहा है।

# चुनाव धांधली: दूसरा देश पाकिस्तान को जांच के लिए हुक्म नहीं दे सकता

## विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता जहरा ने अमेरिका के निर्देश को मानने से किया इनकार

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान ने चुनाव में धांधली की जांच करने के अमेरिका के निर्देश को खारिज कर दिया है। कहा कि, पाकिस्तााान बाहरी आदेशों के आगे नहीं झुकेगा। दरअसल अमेरिका ने अपने एक बयान में कहा था कि पाकिस्तान के आम चुनाव में हुई कथित धांधली की पूरी निष्पक्षता और पार्दर्शिता के साथ जांच होनी चाहिए।

अब पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने बयान जारी कर अमेरिका के निर्देश को मानने से साफ इनकार कर दिया है और कहा है कि 'कोई भी देश, पाकिस्तान को हुक्म नहीं दे सकता है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलोच ने शुक्रवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि पाकिस्तान एक स्वतंत्र और संप्रभु राष्ट्र है।' मुमताज जहरा बलोच ने कहा कि 'पाकिस्तान के आंतरिक मामलों में फैसले करने का अधिकार हमारा है।' दरअसल पाकिस्तान में बीती 8 फरवरी को हुए आम चुनाव में धांधली के आरोप लग रहे हैं। इमरान खान की पार्टी चुनाव में कथित धांधली के गंभीर आरोप लगा रही है। बता दें, अमेरिका के प्रभावशाली सांसदों के एक समूह ने बुधवार को राष्ट्रपति जो बाइडन और विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन को पत्र लिखा। पत्र में सांसदों ने उनसे आग्रह किया कि वह पाकिस्तान की नई सरकार को तब तक मान्यता न दें, जब तक चुनाव में धांधली की विश्वसनीय और पारदर्शी तरीके से जांच न हो। अमेरिका के इस बयान पर पाकिस्तान के विदेश विभाग ने कड़ी नाराजगी जताते हुए प्रतिक्रिया दी। इमरान खान की पार्टी पीटीआई चुनाव में धांधली के आरोप लगा रही है। हालांकि पाकिस्तान के चुनाव आयोग और कार्यवाहक सरकार ने पीटीआई के आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है और कहा है कि जिस भी पार्टी को चुनाव नतीजों पर शंका है, उनके लिए कानूनी कार्यवाही का विकल्प खुला है।

### इमरान को कोर्ट ने हिंसा से जुड़े 4 मामलों में दी अंतरिम जमानत



पाकिस्तान की एक अदालत ने जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में अंतरिम जमानत दी है। स्थानीय मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। इमरान खान अभी कई मामलों में पंजाब प्रांत के रावलपिंडी की अदियाला जेल में बंद हैं। पिछले साल नौ मई को इमरान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने एक दर्जन से ज्यादा सैन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया था। इनमें रावलपिंडी में सेना मुख्यालय, फैसलाबाद में इंटर सर्विसेज इंटेलीजेंस (आईएसआई) की इमारत, मियांवाली एयरबेस, जिन्ना हाउस (लाहौर कोर कमांडर हाउस) शामिल हैं। पीटीआई संस्थापक की जमानत याचिकाओं पर शुक्रवार को आतंकवाद रोधी अदालत (एटीसी) के न्यायाधीश अरशद जावेद ने सुनवाई की। द इंटरनेशनल के मुताबिक उन्होंने नौ मई की हिंसा से जुड़े चार मामलों में इमरान को अंतरिम जमानत दे दी।

## युद्धविराम को राजी हुआ इजराइल, अब हमास करे फैसला: अमेरिका

**राफा।** इजराइल-हमास युद्ध को लगभग चार महीने से ज्यादा समय हो गया है। इस बीच शनिवार को अमेरिकी वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इजराइल ने अनिवार्य रूप से प्रस्तावित गाजा युद्धविराम और बंधकों की रिहाई के समझौते को लेकर राजी हो गया है, अब इस समझौते पर सहमत होना हमास पर निर्भर करता है।

अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि इजराइली लोगों ने प्रस्ताव को कमोबेश स्वीकार कर लिया है, जिसमें छह सप्ताह के युद्धविराम के साथ बंधकों की रिहाई शामिल है। उन्होंने कहा गेंद हमास के पाले में है और हम जितना संभव हो सके इसे आगे बढ़ाना जारी रख रहे हैं।

# गाजा: अमेरिकी सेना ने विमानों से गिराए खाद्य सामग्री के पैकेट

वाशिंगटन, एजेंसी

**23** लाख की आबादी वाले गाजा में एक चौथाई लोग भुखमरी के शिकार

दुनियाभर से मिलने वाली राहत में कटौती से 23 लाख की आबादी वाले गाजा में एक चौथाई लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं। गाजा में हर रोज हजारों परिवारों के बच्चों और महिलाओं को पेट भर खाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। इजराइली हमलों के बाद गाजा में गिनी-चुनी खाद्य सामग्री मिल रही है, जहां खाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।

इस बीच अमेरिकी सेना ने शनिवार को विमानों से खाद्य सामग्री के लगभग 38 हजार पैकेट गिराए। अमेरिकी अधिकारियों ने बताया कि तीन विमानों ने राहत सामग्री के 66 बंडल गाजा में गिराए है। बता दें, बाइडन ने हवाई मार्ग से मानवीय सहायता पहुंचाने की की थी। यह मानवीय सहायता जॉर्डन के सहयोग से पहुंचाई जा रही है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने शुक्रवार को कहा कि जमीन पर मौजूद लोगों को सुरक्षित तरीके से आपातकालीन मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए हवाई मार्ग से सामग्री गिराए जाने की योजना बनाई जा रही है। संयुक्त राष्ट्र का कहना है कि गाजा के 23 लाख लोगों में से एक चौथाई लोग भुखमरी का सामना कर रहे हैं।

# हमले का शिकार हुआ जहाज लाल सागर में डूबा

दुबई, एजेंसी

- हूती विद्रोहियों ने पिछले माह किया था हमला



यमन में हूती विद्रोहियों के हमले का शिकार हुआ मालवाहक पोत लाल सागर में डूब गया है। हमले के बाद पिछले महीने हूतियों के हमले के बाद क्षतिग्रस्त जहाज को छोड़ दिया गया था। यमन सरकार की ओर से जारी बयान के मुताबिक, 'जहाज शुक्रवार की रात डूबा। अमेरिकी सेना की मध्य कमान ने पहले बताया था कि मालवाहक जहाज पर जब हमला हुआ, उस समय वह 41,000 टन से ज्यादा उर्वरक लेकर जा रहा था। अमेरिकी सेना ने कहा था कि हमले से मालवाहक जहाज को काफी नुकसान पहुंचा है। बीते सोमवार को यमन सरकार की एक टीम ने बेलीज के झंडे वाले 'रूबिमार' का दौरा किया था और कहा था कि यह आंशिक रूप से जलमग्न हो गया है और आने वाले कुछ दिनों में पूरी तरह से डूब सकता है।

# अमेरिका में भारतीय डांसर की गोली मारकर हत्या, जांच की मांग

न्यूयॉर्क/सूरी, एजेंसी



- अभिनेत्री देवोलीना ने दी जानकारी पीएम मोदी से की जांच की अपील

कोलकाता के भरतनाट्यम और कुचुपुड़ी नर्तक अमरनाथ घोष की अमेरिका में गोली मारकर हत्या कर दी गई है। 'साथ निभाना साथिया' में गोपी बहू का किरदार निभाने वाली मशहूर अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी ने इसकी जानकारी एक्स पर दी और विदेश मंत्री जयशंकर और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस मामले की जांच की मांग की है।

भारत के महावाणिज्य दूतावास ने अमरनाथ घोष की हत्या पर शोक जताते हुए एक्स पर लिखा 'मिसौरी के सेंट लुइस में मृतक अमरनाथ घोष के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। हम फोरेंसिक, पुलिस के साथ जांच कर रहे हैं और सहायता प्रदान करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। भट्टाचार्जी के कहा, 27 फरवर की शाम को घोष टहलने निकले थे, तभी एक अज्ञात हमलावरों ने उनकी गोलीमार कर हत्या कर दी। बता दें कि घोष वाशिंगटन विवि से नृत्य में मास्टर ऑफ फाइन आर्ट्स (एमएफए) की पढ़ाई कर रहे थे। भट्टाचार्जी के ट्वीट के अनुसार, घोष के माता-पिता की मौत हो चुकी थी। आरोपी के बारे में अभी तक कुछ सामने नहीं आया हैं। कुछ दोस्तों के अलावा घोष के परिवार में कोई नहीं है।

## मणिपुर: हिंसा में विस्थापित लोग भी कर सकेंगे मतदान: ईसी

**इंफाल।** मणिपुर में जातीय हिंसा में विस्थापित हुए लोगों को आगामी लोकसभा चुनाव में वोट डालने में सक्षम बनाने के लिए राहत शिविरों में मतदान केंद्र बनाया जाएगा। चुनाव आयोग ने इसे लेकर दिशा-निर्देश जारी कर दिए हैं।

चुनाव आयुक्त द्वारा जारी बयान में बताया गया, पिछले साल तीन मई से जारी जातीय हिंसा के दौरान राज्य के कई हिस्से से बड़ी संख्या में मतदाता अपने मूल स्थान से विस्थापित हो गए। वर्तमान में वे राहत शिविरों में रह रहे हैं। चुनाव आयोग ने केंद्र और राज्य सरकारों के साथ चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया कि विस्थापित लोगों के लिए विशेष मतदान केंद्रों बनेंगे। विशेष केंद्रों में वोट की गिनती सहायक रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी।

# अमेरिका से जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ, अंतिम मुहर आज

वाशिंगटन, एजेंसी

- दो मार्च को डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति नहीं कराई गई दर्ज



अमेरिका से भारत को जंगी ड्रोन मिलने का रास्ता साफ हो गया है। अमेरिकी कांग्रेस में 31 एमक्यू-9 बी सी-गार्डियन ड्रोन भारत को देने पर डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन पार्टी से कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई है।

मीडिया के अनुसार, दो मार्च तक सांसदों को आपत्ति देनी थी, लेकिन सांसदों से संबंध मामले में कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। अब कांग्रेस से तीन मार्च को अंतिम मुहर लगने के बाद कोई संवैधानिक बाधा नहीं आएगी। गौरतलब है कि, ये सशस्त्र ड्रोन खुफिया जानकारी जुटाने, वायु-समुद्री युद्ध में काम आएंगे। ड्रोन पैकेज की लागत 33,069 लाख करोड़ रुपये है।

### एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगा ड्रोन

ये ड्रोन 161 एम्बेडेड ग्लोबल पोजिशनिंग और इनर्शियल नेविगेशन सिस्टम के साथ आएंगे। इसके अलावा 35 एलउ रियो ग्रांडे कम्युनिकेशंस इंटेलिजेंस सेंसर सूट, 170 एजीएम-114आर हेलफायर मिसाइलें, 16 एम36ई9 हेलफायर कैप्टिव एयर ट्रेनिंग मिसाइल से लैस होगी।

## लाहौल स्पीति फिर बंद...



**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में शनिवार को चेतावनी के बीच ऊंचे क्षेत्रों में भारी बारिश व बर्फबारी हुई। अटल टनल, रोहतांग, केलांग, जिस्पा, दारचा, कोकसर और लाहौल घाटी में दो इंच तक ताजा हिमपात हो चुका है। इससे अटल टनल के लिए वाहनों की आवाजाही रोक दी गई है। लाहौल स्पीति में सबसे ज्यादा सड़कें बंद है। मौसम विभाग ने शनिवार को चंबा, लाहौल स्पीति, कुल्लू शिमला और किन्नौर में भारी बर्फबारी का रेड अलर्ट जारी किया गया है। ● एजेंसी

# इस्लामी अतिवादी फैला रहे चरमपंथी जहर: ऋषि सुनक

लंदन, एजेंसी

- लोकतंत्र की रक्षा के लिए सुनक की भावुक अपील, बोले-विभाजनकारी ताकतों से मिलकर सामना करेंगे



ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक भावुक अपील की है। उन्होंने बताया कि चरमपंथी ताकतें देश को तोड़ने और बहु-धार्मिक पहचान को कमजोर करने के लिए तैयार है। अपनी हिंदू मान्यताओं का हवाला देते हुए पीएम सुनक ने कहा कि ब्रिटेन का स्थाई मूल्य सभी धर्मों और जातियों के प्रवासियों का स्वागत करता है।

सुनक ने कहा, जो आप्रवासी यहां आए हैं उन्होंने संपूर्ण रूप से अपना योगदान दिया है। उन्होंने हमारे देश की कहानी में एक नया अध्याय लिखने में मदद की है। उन्होंने ऐसा अपनी पहचान छोड़े बिना किया है। ब्रिटिश पीएम ने आगे कहा, आप मेरी तरह एक हिंदू और ब्रिटिश नागरिक हो सकते हैं, या एक धर्मनिष्ठ मुसलमान और एक देशभक्त नागरिक हो सकते हैं। ऐसे बहुत से लोग हैं। या एक समर्पित यहूदी और अपने स्थानीय समुदाय की जान हो सकते हैं तथा ये सभी हमारे स्थापित ईसाई गिरजाघर की सहिष्णुता पर आधारित है। ब्रिटिश पीएम ने कहा, मुझे डर है कि दुनिया में सबसे सफल बहु-जातीय, बहु-आस्था वाले लोकतंत्र के निर्माण में हमारे प्रयास को कमजोर किया जा रहा है। कुछ ऐसी ताकतें हैं जो हमें तोड़ने की कोशिश कर रही हैं। ब्रिटेन के सांसदों के लिए बढ़ती सुरक्षा चिंताओं को लेकर ब्रिटेन में निकाले गए मार्च के दौरान हिंसा के बाद प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की है।


विज्ञान | कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड ने की खोज, तीनों हमारे बाहरी सौर मंडल के दो ग्रहों की करे रहे हैं परिक्रमा

# यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** खगोलविदों ने यूरेनस और नेपच्यून के तीन नए चंद्रमाओं की खोज की है। इस खोज के बाद यूरेनस के 28 और नेपच्यून के चंद्रमा की संख्या 16 हो गई है। यह खोज जमीन आधारित दूरबीनों से हुई है। पिट्सबर्ग, पेंसिल्वेनिया स्थित कार्नेगी साइंस ने खोजे गए नए चंद्रमाओं की जानकारी दी है।

इन चंद्रमाओं में यूरेनस का एक और नेप्च्यून के दो उपग्रह शामिल हैं। ये तीनों चंद्रमा हमारे बाहरी सौर मंडल के दो विशाल ग्रहों की परिक्रमा कर रहे हैं। खोजकर्ता कार्नेगी साइंस में स्कॉट शेपर्ड के अनुसार खगोलविदों ने यूरेनस और नेप्च्यून के आसपास के क्षेत्र के 5 मिनट के दर्जनों एक्सपोजर लिए। जिसमें उन्हें कुछ अंधेरी रातों में करीब चार घंटे का समय लगा। यूरेनस के नए चंद्रमा का अस्थायी नाम एस/2023 यू1 रखा गया है।


यूरेनस व नेप्च्यून के नए चंद्रमाओं की तस्वीर।

इसका वास्तविक आकार लगभग 8 किमी है, जो खोज की इस उपलब्धि की महत्ता का संकेत देता है। क्योंकि यूरेनस पृथ्वी से लगभग 2 अरब मील की दूरी पर स्थित है। इस चंद्रमा को यूरेनस की एक परिक्रमा करने में लगभग 680 दिन लगते हैं।

चिली में कार्नेगी साइंस के लास कैम्पानास वेधशाला में मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग करके इस नए यूरेनस के चंद्रमा का पता लगाया। खोजकर्ता वैज्ञानिक शेपर्ड ने नेप्च्यून के चंद्रमाओं का पता लगाने के लिए मैगलन टेलीस्कोप का उपयोग किया। जिसमें एक का नाम एस/2002 एन 5 रखा है।

यह लगभग 14 मील चौड़ा है और नौ वर्ष में नेपच्यून की परिक्रमा करता है। नेप्च्यून के दूसरे नए चंद्रमा का नाम एस /2021 एन1 रखा गया है। यह नौ मील चौड़ा है और हर 27 साल में नेपच्यून की परिक्रमा करता है।

### चंद्रमाओं को गुरुत्वाकर्षण शक्ति खींच लाई

वैज्ञानिकों का कहना है कि उनकी कक्षाएँ इस बात का संकेत हैं कि ये छोटे चंद्रमा यूरेनस और नेपच्यून के साथ पैदा नहीं हुए थे। बल्कि युरेनस व नेप्च्यून की गुरुत्वाकर्षण शक्ति इन्हें अपनी ओर खींच लाई। तीनों चंद्रमाओं की झुकी हुई कक्षा इसका ठोस सबूत है।

# अमेरिका: दो साल में हिन्दी भाषा पढ़ाने वाले स्कूल दस गुना बढ़े

वाशिंगटन, एजेंसी

- हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच ने कहा- 12 विवि में हिन्दी के अलग विभाग बने

अमेरिका में हिन्दी का दबदबा बढ़ रहा है। पिछले दो साल के दौरान अमेरिका में अंतर्राष्ट्रीय भाषा के तौर पर हिन्दी विषय पढ़ाने वाले स्कूलों की संख्या दस गुना बढ़ गई है। अब 90 स्कूलों में हिन्दी के कोर्स चल रहे हैं। वहीं हिन्दी के छात्रों की संख्या भी बढ़कर 14 हजार हो गई है।

बता दें, मशहूर सिलिकॉन वैली के सरकारी स्कूलों में अगस्त से हिन्दी वैश्विक भाषा कोर्स शुरू होगा। पहली बार हिन्दी को वैश्विक भाषा का दर्जा दिया गया है। अमेरिका में हिन्दी को बढ़ावा देने वाली संस्था आईएएपीएच के अनुसार डलास और ह्यूस्टन समेत डेढ़ दर्जन शहरों के स्कूलों में अगले सत्र से हिन्दी के विषय शुरू होंगे। हार्वर्ड, येल, प्रिंस्टन जैसे 12 प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में हिन्दी का अलग विभाग संचालित किया जा रहा है। दो साल पहले तक अमेरिका के 6 विश्वविद्यालयों में ही हिन्दी का विभाग संचालित होता था। कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर ने बताया है कि अमेरिका में भारतीयों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी में हिन्दी के प्रति लगाव का बड़ा कारण हिन्दी को भाषा के रूप में पढ़ने के बाद मिलने वाले भविष्य में बहुत सारे विकल्प खुलेंगे।

कुछ भारतीय कंपनियां हिन्दी अधिकारियों की नियुक्ति करती हैं। विद्यालयों और विश्वविद्यालयों में हिन्दी के शिक्षकों की मांग बढ़ रही है। अमेरिका की पहली हिन्दी पाठ्य पुस्तक 'नमस्ते जी' के लेखक अरुण प्रकाश का कहना है कि स्कूलों में हिन्दी शिक्षकों को प्रति सप्ताह 40 हजार रुपए मिलते हैं। ऐसे में शिक्षकों का रुझान बढ़ रहा है।